वर्ष 73 ▸ अंक 239 ▸ पृष्ठ 12
रीवा, गुरुवार 28 मई, 2026
ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 12, विक्रम संवत् 2083
नगर ▸ मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

> हे भगवान, इस अच्छी जिंदगी के लिए धन्यवाद और अगर हम इसे उतना प्यार नहीं करते तो हमें माफ करना।
> -गैरिसन कीलर

## ऑफ बीट

### अब किराये पर मिलेगा शॉपिंग असिस्टेंट




*दिल्ली के व्यावसायिक बाजारों में आपके लिए एक बेहद अनूठा और मददगार स्टार्टअप शुरू हुआ है। दिल्ली के बाजारों में अब लोगों को किराये पर 'पर्सनल शॉपिंग असिस्टेंट' (निजी सहायक) मुहैया कराने की सेवा शुरू की गई है। इस अनोखी सर्विस को 'कैरी मैन' नाम के एक नए स्टार्टअप ने शुरू किया है। यह सर्विस बाजार के भीतर कई अन्य वीआईपी सुविधाएं भी देगी। जैसे यदि ग्राहक खरीदारी करते समय थक जाता है, तो असिस्टेंट उसे बाजार में ही आराम करने के लिए तुरंत फोल्डिंग कुर्सी उपलब्ध कराएगा। मौसम से बचाव के लिए छाता, मोबाइल चार्जिंग के लिए पावर बैंक और पीने के पानी जैसी जरूरी सुविधाएं इस सर्विस पैकेज का हिस्सा हैं।*




### सुप्रीम निर्देश: वोटर लिस्ट से हटाये गए नाम 4 हफ्ते में केंद्र को भेजें

# एसआईआर वैध, आयोग सशर्त कर सकता है नागरिकता जांच

**पटना, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (एसआईआर) को वैध और संवैधानिक करार दिया है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की बेंच ने बुधवार को कहा कि एसआईआर मनमाना नहीं है और चुनाव आयोग को यह प्रक्रिया चलाने का अधिकार है। कोर्ट ने कहा, चुनाव आयोग वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने या हटाने के लिए नागरिकता की जांच कर सकता है, लेकिन यह फैसला सिर्फ चुनावी उद्देश्यों तक सीमित रहेगा। किसी व्यक्ति को अंतिम रूप से गैर-नागरिक घोषित करने का अधिकार आयोग के पास नहीं होगा।

सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया कि संदिग्ध नागरिकता के आधार पर जिन लोगों के नाम वोटर लिस्ट से हटाए गए हैं, उनके नाम 4 हफ्ते में केंद्र सरकार को भेजा जाए। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने याचिकाकर्ताओं की उस दलील को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि एसआईआर दरअसल 'घुसपैठियों' को हटाने के नाम पर पीछे के दरवाजे से नागरिकता जांच करने की कोशिश है। याचिका में आरोप लगाया गया था कि चुनाव आयोग मनमाने तरीके से नागरिकता तय करने की शक्तियां अपने हाथ में ले रहा है और संसद के बनाए गए कानूनों, नियमों के साथ अपने ही मैनुअल में निर्धारित सीमाओं को अनुचित तरीके से पार कर रहा है। चीफ जस्टिस ने खुली अदालत में फैसला सुनाते हुए कहा कि चुनाव आयोग को संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत यह अधिकार है कि वह मतदाता सूची में नाम शामिल करने के लिए नागरिकता की जांच करे। इस मामले में असोसिएशन फोर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स भी याचिकाकर्ता था। इसकी ओर से प्रशांत भूषण और नेहा राठी पेश हुए थे। इनकी उस दलील को भी सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया कि एसआईआर ने नागरिकता साबित करने का बोझ मतदाताओं पर डाल दिया। बिहार कांग्रेस के प्रवक्ता डॉ. स्नेहाशीष वर्धन ने कहा कि एसआईआर करने की जल्दबाजी में मतदाताओं को उनके मतदान के अधिकार से वंचित कर दिया जा रहा है। वाजिब मतदाताओं की हकमारी ना हो यह सुनिश्चित हो।



### लोकतंत्र की नई परिभाषा पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

इस ऐतिहासिक विवाद पर अपना फैसला सुनाते हुए देश की सर्वोच्च अदालत ने एक बहुत ही महत्वपूर्ण कूटनीतिक टिप्पणी भी की। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने अपने फैसले में स्पष्ट रूप से रेखांकित किया कि, 'लोकतंत्र केवल मतदान करने की कहानी नहीं है, बल्कि यह पहचान करने की भी प्रक्रिया है कि वास्तव में देश में वोट देने का कानूनी अधिकार किसके पास है।' इस फैसले के बाद अब देश भर में मतदाता सूची संशोधन की प्रक्रिया को और गति मिलने की संभावना है, जिसे लेकर विपक्ष का विरोध आने वाले दिनों में और मुखर हो सकता है।

### याचिकाकर्ताओं ने फैसले को निराशाजनक बताया

इस फैसले के तुरंत बाद याचिकाकर्ताओं ने अदालत के निर्णय की तीखी आलोचना करते हुए आरोप लगाया है कि इस फैसले ने जल्दबाजी में और भेदभावपूर्ण तरीके से चलाए गए अभियान के कारण लाखों वैध नागरिकों को मताधिकार से वंचित (डिसइन्फ्रेंचाइजमेंट) करने की प्रक्रिया पर कानूनी मुहर लगा दी है। इस मामले में पहली कानूनी चुनौती देने वाले संगठन 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीडीआर) के प्रमुख मेजर जनरल अनिल वर्मा (सेवानिवृत्त) ने सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले को बेहद 'निराशाजनक' बताया है।



" चुनाव आयोग ने चलाई, जिसमें 10 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं के नाम हटाए गए और वह भी बेहद अपारदर्शी तरीके से यह फैसला भारतीय न्यायपालिका के लिए एक काला दिन है।

**- प्रशांत भूषण**
याचिकाकर्ता के वकील



" इसके कारण बंगाल में 27 लाख वैध मतदाता वोट देने से वंचित रह गए और जिनका भविष्य अधर में है। न्याय न केवल होना चाहिए, बल्कि होते हुए दिखना भी चाहिए।

**- महुआ मोइत्रा**
टीएमसी सांसद



" 'कानूनी बारीकियों को हटाकर देखा जाए तो सीधा सच यह है कि एक सवैधानिक लोकतंत्र की सर्वोच्च अदालत ने लाखों नागरिकों को मताधिकार से वंचित करने को अधिकृत कर दिया है।

**- योगेंद्र यादव**
अध्यक्ष स्वराज इंडिया



" 'कोर्ट ने आगे यह भी स्पष्ट किया है कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए यह प्रक्रिया बिल्कुल आवश्यक थी। हाल के वर्षों में शहरीकरण, पलायन, डुप्लीकेशन और नए निवासियों के आने जैसे कारणों से मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर नाम जोड़े और हटाए गए हैं।' राहुल गांधी शुरू से ही एसआईआर का विरोध इसलिए कर रहे थे क्योंकि वह घुसपैठियों और फर्जी मतदाताओं के पक्ष में खड़े थे।

**- सुधांशु त्रिवेदी**, भाजपा से सांसद

### क्या है 'एसआईआर' विवाद

निर्वाचन आयोग ने जून 2025 में बिहार से शुरू हुई एसआईआर प्रक्रिया अब तक 10 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में पूरी हो चुकी है। इस दौरान 7.41 करोड़ वोटर्स के नाम हटाए गए, जिनमें सबसे ज्यादा 2.89 करोड़ नाम उत्तर प्रदेश से कटे। इसी महीने आयोग ने 22 और राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के लिए इसका नया शेड्यूल (कार्यक्रम) जारी किया है। विपक्षी दलों और नागरिक संगठनों ने इस प्रक्रिया की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल उठाते हुए इसे अदालत में चुनौती दी थी।

## केरलम: ईडी टीम पर हमला 300 लोगों पर केस दर्ज

### पूर्व सीएम विजयन समर्थकों ने बरसाए लाठी-पत्थर



**तिरुवनंतपुरम, जेएनएन।** केरलम में प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों और सुरक्षा कर्मियों पर कथित हमले के बाद पुलिस ने करीब 300 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। यह घटना उस समय हुई जब ईडी की टीम ने पूर्व मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन से जुड़े मामले में छापेमारी की कार्रवाई पूरी की थी।

रेड की खबर फैलते ही पूर्व मुख्यमंत्री के समर्थक और कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (सीपीआई) व माकपा (सीपीआईएम) के कार्यकर्ता भारी संख्या में घर के बाहर जुटने लगे।

दोपहर करीब 2 बजे जब ईडी के अधिकारी अपनी जांच पूरी कर घर से बाहर निकले, तो आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय अधिकारियों की गाड़ियों पर लाठियों से हमला किया और उन पर पत्थर व बोतलें बरसाईं। म्यूजियम पुलिस स्टेशन में दर्ज एफआईआर के अनुसार, ईडी टीम के साथ मौजूद अधिकारियों पर उस समय हमला किया गया जब अधिकारी कार्रवाई कर बाहर निकल रहे थे।

### पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट का बड़ा फैसला

## हरियाणा में 20 साल से सेवाएं दे रहे गेस्ट टीचर होंगे परमानेंट

**चंडीगढ़।** हरियाणा के सरकारी स्कूलों में करीब दो दशक से गेस्ट फैकल्टी शिक्षक और व्याख्याता के तौर पर सेवाएं दे रहे अतिथि अध्यापकों को पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। जस्टिस संदीप मौदगिल की पीठ ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि वर्ष 2014 की नियमितीकरण नीति के तहत याचिकाकर्ताओं की सेवाओं को नियमित किया जाए और उन्हें सभी परिणामी सेवा एवं सेवानिवृत्ति लाभ दिए जाएं। मामला सुखविंदर सिंह एवं अन्य द्वारा दायर याचिका से जुड़ा है, जिसमें उन्होंने हरियाणा सरकार की 18 जून 2014 की नियमितीकरण नीति के आधार पर अपनी सेवाएं नियमित करने की मांग की थी। याचिकाकर्ताओं का कहना था कि उन्हें वर्ष 2005-06 में सरकारी स्कूलों में रिक्त पदों के विरुद्ध गेस्ट फैकल्टी शिक्षक और व्याख्याता के रूप में नियुक्त किया गया था। नियुक्ति प्रक्रिया विज्ञापन जारी करने, चयन समितियों के गठन, आवेदनों की जांच और मेरिट सूची तैयार करने के बाद पूरी की गई थी। राज्य सरकार ने अदालत में दलील दी कि याचिकाकर्ताओं की नियुक्ति केवल अस्थायी व्यवस्था के तौर पर की गई थी।






वैभव की ताबड़तोड़ पारी और आर्चर के कहर से राजस्थान ने... (पेज : 11)



# दशकों से इधर-उधर भटक रही कांग्रेस को मिलेगा अपना भवन

## कांग्रेस भवन की रखी गई नींव, विधिवत किया गया भूमि पूजन



### प्रदेशाध्यक्ष सहित कई नेता रहे मौजूद

जागरण, रीवा

70 साल तक देश में राज करने के बावजूद एक अदद कमरे के लिए दशकों से भटक रही रीवा कांग्रेस को अपने भवन का सपना साकार होगा। मंगलवार को कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष सहित वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में भूमि पूजन किया गया। वैसे तो कई बार कई जिला अध्यक्षों ने कांग्रेस कार्यालय भवन बनाने की हुंकार भरी लेकिन कोई आगे नहीं आया। लेकिन इंजी राजेंद्र शर्मा ने कांग्रेस भवन की नींव रख कर यह उपलब्धि अपने नाम की है। यदि कांग्रेस भवन पूरी तरह बन कर तैयार हो जाता है तो अब कांग्रेस कार्यकर्ताओं को अपना दफ्तर नहीं ढूढ़ना पड़ेगा।

घोघर स्थित भूखंड में कांग्रेस भवन के निर्माण का शिलान्यास एवं भूमि पूजन प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं मध्यप्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश संगठन के सह प्रभारी रणविजय सिंह लोचव, मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल, सी डब्ल्यू सी सदस्य एवं पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल के विशिष्ट आतिथ्य में आचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चारणों द्वारा कार्यक्रम सम्पन्न कराया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल द्वारा उपस्थित कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का ध्यान आकृष्ट कराते हुए भवन निर्माण हेतु सहयोग राशि की अपील की गई। उनकी अपील का समादर करते हुए कांग्रेस जनों ने सहयोग राशि देने का वचन दिया। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा जिनके नेतृत्व मे कांग्रेस कार्यालय के भवन का नवनिर्माण होने जा रहा है, सभी आतिथियों का भवन का नक्शा का अवलोकन कराया तथा आश्वस्त किया कि सभी कांग्रेस जनों के सहयोग से अतिशीघ्र भवन का निर्माण कराकर लोकार्पण का गरिमामय आयोजन किया जायेगा, जिसमें राष्ट्रीय और प्रादेशिक नेतागणों को आमंत्रित किया जायेगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व राज्यसभा सदस्य राजमणि पटेल, महापौर अजय मिश्रा बाबा, विद्यावती पटेल, डॉ शीला त्यागी, सुखेन्द्र सिंह बन्ना, गुरुमीत सिंह मंगू, विमलेन्द्र तिवारी, शहर अध्यक्ष अशोक पटेल झब्बू, शिव प्रसाद प्रधान, डॉ एसी पी एस तिवारी, बृजभूषण शुक्ला, चंद्रमणि शुक्ला, मंजूलता तिवारी, डॉ अरुणा तिवारी, गिरीश सिंह, बबिता साकेत, कपिध्वज सिंह, रमाशंकर सिंह पटेल, गोविन्ददास तिवारी, सत्यनारायण तिवारी, लखनलाल खण्डेलवाल, डॉ. मुजीब खान, लल्लन खान, रमेश पटेल, मुस्ताक खान, गोविन्द शुक्ला, वसीम राजा, लियाकत अली, राजेश नामदेव, धनेन्द्र सिंह, रवि तिवारी, अकरम अंसारी, शहफूज खान, सूफिया बेगम, राजेन्द्र सिंह रिमारी, चक्रधर सिंह, गिरीजेश पाण्डेय, बृजेन्द्र शुक्ला, तारा त्रिपाठी, वंदना श्रीवास्तव, अर्चना द्विवेदी, ममता तिवारी, प्राची शुक्ला, देवती साकेत, महेन्द्र उपाध्याय, हर्षलाल शुक्ला, शिवेन्द्र मिश्रा, राजेन्द्र शुक्ला, अरूण पाण्डेय, नर्मदेश्वर पाठक, डॉ विमल दुबे, जर्नादन मिश्रा, प्रदीप अवस्थी, विपिन पाण्डेय, त्रिवेणी मैत्रेय सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
कामता सोनोग्राफी सेन्टर (अल्ट्रासाउण्ड)
डॉ. रश्मी शुक्ला
M.D. (Radio Diagnosis) G.S.V.M. Medical College Kanpur
Ex. J.R. AIIMS New Delhi
Ex. Consultant Radiologist Alpha Imaging & MRI Kanpur
Ex. Consultant Radiologist Noble Hospital Kanpur
ए-ब्लॉक, समदड़िया सेन्टर प्वाइन्ट, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.) 07662-451599,9399312433

# 45 डिग्री के ऊपर पहुंचा तापमान, लोग हुए हलाकान

## आग उगलती धूप, असहनीय लपट, कानों में सन्नाटा, आंखों में जलन



**जागरण, रीवा।** शहर में बुधवार को नौतपा के तीसरे दिवस अधिकतम तापमान 45.4 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, जिससे मारे गर्मी के लोग हैरान, परेशान होते रहे। इस वर्ष का अब तक का तापमान बुधवार को सबसे अधिक दर्ज किया गया है। इसके पूर्व रीवा में अब तक का सबसे अधिक तापमान मई 1994 में 48.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान लगाया गया था, लेकिन सत्यापित रिकॉर्ड के अनुसार 28 मई 2024 को अब तक का सबसे अधिक तापमान 48.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है, जो इस क्षेत्र में अब तक का सबसे उच्चतम तापमान है। बुधवार को न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रहा। सुबह सूर्योदय के कुछ देर बाद ही धूप के तेवर तीखे नजर आने लगे, वहीं घरों के अंदर रात भर से चल रहे पंखे, कूलर आदि भी लोग मारे गर्मी के बंद नहीं कर पाए। सुबह दस बजे बाद तो हालात ये हो गए कि धूप आग उगलने लगी, असहनीय लपटें चलने लगी, जिससे लोगों के कानों में सन्नाटा छा गया, आंखें जलने लगी, महिलाएं, बच्चे घरों में ही कैद होकर रह गए, वहीं जिन्हें अपने काम पर जाना था, वे सिर सहित अपने चेहरे को ढंककर, साथ में पानी की बोतल आदि व्यवस्था करके घर से निकलते देखे गए। दोपहर बारह बजे बाद तो हालात ये हो गए कि शहर की सड़कों में वाहनों की कमी साफ दिखाई दे रही थी। लोग धूप से बचने पेड़, भवन आदि की छांव में खड़े नजर आए। कुछ लोगों ने छाते का सहारा लिया। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दो दिनों के दौरान कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा, इसके बाद अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने की संभावना जताई गई है। जिले में मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। साथ ही मौसम विभाग ने चेतावनी भी दी है कि जिले में कहीं-कहीं तीव्र उष्ण लहर चल सकती है।

### गर्मी से बचने बरतें ये सावधानी

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यत्नेश त्रिपाठी ने आमजनों को लू से बचाव की सलाह दी है। उनका का कहना है कि यदि ज्यादा देर धूप में रहने से तेज सिरदर्द, चक्कर आना, उल्टी या बुखार जैसे लक्षण दिखें तो तुरंत ठंडी जगह पर जाएं, ठंडा पानी पिएं और जरूरत पड़े तो डॉक्टर से संपर्क करें। भीषण गर्मी और लू से बचने हाईड्रेटेड रहे, धूप में निकलने से बचें, हल्के ढीले सूती कपड़े पहनें, प्यास न होने पर भी बार-बार नींबू पानी अथवा ओआरएस पिएं। घर से निकलते समय सिर ढंके, धूप का चश्मा पहनें, अपने आसपास बेजुबान जानवर व पक्षियों के लिए पानी का प्रबंध जरूर करें। हल्का और सुपाच्य भोजन करें, अधिक पानी की मात्रा वाले फल जैसे तरबूज, खरबूजा, खीरा व ककड़ी का सेवन करें। तला-भुना और मसालेदार भोजन करने से बचें।

# 7 जून को प्रधानमंत्री के हो जाएंगे 12 वर्ष पूरे, भाजपा करेगी विभिन्न कार्यक्रम

**रीवा।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में एनडीए सरकार के ऐतिहासिक उपलब्धियों से परिपूर्ण 12 वर्ष आगामी 7 जून को पूर्ण हो रहे हैं। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार एवं भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता के मार्गदर्शन में `12 साल विश्वास के, विकास के, जन कल्याण के' पूर्ण होने के अवसर पर रीवा में 5 जून से 21 जून तक विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएँगे। कार्यक्रम को संचालन एवं क्रियान्वयन हेतु जिले से जिला संयोजक जिला उपाध्यक्ष राजेश प्रताप सिंह, सह संयोजक जिला मंत्री बिजेन्द्र गौतम, गीता माझी, जिला मंत्री किसान मोर्चा यशवर्धन सिंह, सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र यादव राजेश हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री गुप्ता ने बताया कि 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस में पार्टी द्वारा प्रत्येक मंडल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस स्थानीय योग अभ्यास समूहों के सहयोग से मनाया जाएगा। योग अभ्यास हेतु आयुष मंत्रालय द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन किया जाएगा। जहाँ संभव हो, 1 सप्ताह का योग प्रशिक्षण शिविर भी आयोजित होंगे। इस कार्यक्रम को अध्यक्ष विन्ध्य विकास प्राधिकरण पंचूलाल प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष राजेश प्रताप सिंह देखेंगे।

# सूरज ताम्रकार बने ताम्रकार समाज नवयुवक मंडल अध्यक्ष



**जागरण रीवा।** हैहय वंशीय क्षत्रिय ताम्रकार समाज की नई कमेटी का गठन सर्वसम्मति से किया गया है। भोपाल में हुए प्रदेश स्तरीय चुनाव में रीवा संभाग के नवनिर्वाचित संभागीय प्रभारी प्रहलाद ताम्रकार को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य चुना गया है। इस उपलब्धि पर रीवा जिलाध्यक्ष के तत्वावधान में समाज के बंधुओं ने माल्यार्पण व पुष्पगुच्छ देकर उनका भव्य सम्मान किया। इसी कड़ी में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र ताम्रकार, संभागीय प्रभारी प्रहलाद की अनुशंसा, वरिष्ठों की सहमति तथा जिला अध्यक्ष नंदलाल ताम्रकार की स्वीकृति से सूरज ताम्रकार को रीवा नवयुवक मंडल का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इस गरिमामयी अवसर पर बृजेंद्र, नारायण, रामजस, रामकृष्ण, कन्हैया, उमेश, करुणेश, मनीष, मोहित, शुभम सहित भारी संख्या में स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे और नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं।

# बकरीद आज, सभी मस्जिदों में पढ़ी जाएगी नमाज



**जागरण, रीवा।** शहर में बकरीद त्योहार के मौके पर गुरुवार सुबह शहर भर की 24 मस्जिदों में नमाज अदा की जाएगी। नमाज अदा करने के पश्चात समाजजनों द्वारा एक दूसरे के गले लगकर पर्व की बधाई दी जाएगी, उसके बाद जावनरों की कुर्बानी की जाएगी। मुख्य ईदगाह में सुबह पौने 8 बजे नमाज अदा की जाएगी। रिसालदार मस्जिद में 8 बजे नमाज अदा की जाएगी। छोटी दरगाह में सुबह साढ़े 8 बजे नमाज अदा की जाएगी व केन्द्रीय जेल में सुबह 10 बजे नमाज पढ़ी जाएगी।

बकरीद कोलेकर बुधवार बाजार में खरीदारी के लिए विभिन्न दुकानों में महिला, पुरुष सहित बच्चों की खासी भीड़ देखने को मिली। कपड़े की दुकानों पर सुबह से ही युवक-युवतियों सहित समाजजन खरीदारी करते देखे गए। टोपी की दुकानों में खासी भीड़ रही जिसकी बिक्री जमकर हुई। इसी प्रकार सेंवई आदि दुकानों पर जमकर बिक्री हुई। समाजजन खरीदारी के लिए जुटे रहे। इनके अलावा कुर्बानी के लिए शहर सहित बाहर से बिकने आए बकरों की भी जमकर बिक्री हुई। लोग अपने-अपने पसंदीदा जानवर खरीदकर ले गए।

# जहां की शिकायत, वहीं पर जाकर किया जा रहा निराकरण

## नगर निगम में जनता से प्राप्त आवेदनों के समाधान हेतु मंगलवार को मौके पर पहुंच रहे अधिकारी, निगमायुक्त अक्षत जैन के निर्देश पर शुरू किये गये नवाचार को पसंद कर रही आमजनता



**जागरण, रीवा।** आमजनता की समस्याओं के निराकरण के लिए निगमायुक्त अक्षत जैन द्वारा प्रारंभ किये गये नवाचार को खूब पसंद किया जा रहा है। जहां से शिकायत प्राप्त होती है नगर निगम के अधिकारी वहीं पर जाकर शिकायतकर्ता के समक्ष समस्या का निराकरण करते हैं। निगमायुक्त के निर्देश पर नगर निगम रीवा द्वारा प्रत्येक मंगलवार को मैदानी स्तर पर पहुंचकर जनता की समस्याओं के मौके पर निराकरण की विशेष कार्यवाही लगातार जारी है। इस मंगलवार भी नगर निगम के सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी अपने-अपने निर्धारित क्षेत्रों में पहुंचे तथा जनसुनवाई, टी.एल. पत्रों एवं विभिन्न माध्यमों से प्राप्त आवेदनों का स्थलीय निरीक्षण कर निराकरण की कार्यवाही की गई। जनता के समस्याओं के निराकरण के लिए फील्ड का समस्त अमला पूरे दिन वार्डों एवं मोहल्लों में सक्रिय रहा। अधिकारियों द्वारा नागरिकों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को मौके पर समझा गया तथा संबंधित प्रकरणों पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की गई। इस दौरान संबल योजना, जल निकासी, हैंडपंप मरम्मत, भवन अनुज्ञा, स्ट्रीट लाइट आदि संबंधित मामलों का निरीक्षण किया गया। जोन क्रमांक 03 में 3 टीएल एवं 3 जनसुनवाई प्रकरणों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। जोन क्रमांक 04 में 3 जनसुनवाई एवं 1 टीएल प्रकरण का निरीक्षण कर संबंधित शिकायतों पर कार्यवाही सुनिश्चित की गई। जोन क्रमांक 02 में 2 जनसुनवाई एवं 1 टीएल प्रकरण तथा जोन क्रमांक 01 में 4 जनसुनवाई प्रकरणों का मौका निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नाली निर्माण एवं अतिक्रमण संबंधी शिकायतों पर आवश्यक कार्यवाही की गई। मैदानी कार्यवाही के दौरान जलप्रदाय शाखा द्वारा प्राप्त आवेदनों पर कार्यवाही करते हुए 4 नए नल कनेक्शन प्रदान किए गए। निर्माण शाखा द्वारा 17 आवेदनों पर मौका निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही की गई तथा समय सीमा के 45 भवन अनुज्ञा प्रकरणों का निराकरण कराया गया। राजस्व टीम द्वारा संबल योजना के लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु विशेष अभियान चलाते हुए फील्ड में पहुंचकर दस्तावेजों की जांच-पुष्टि करते हुए एक दिवस में 219 संबल प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित किया गया। गौरतलब है कि एक सप्ताह पूर्व निगम स्तर में 3996 प्रकरण लंबित थे, जो अभियान के बाद वर्तमान में 846 प्रकरण शेष हैं।

# 8 साल बाद फिर से टेंडर तो हो गया पर शुरू नहीं हुआ काम

## एसएएफ साइट में बनाये जाएंगे 384 एलआईजी मकान, मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए होगी सुविधा

**जागरण, रीवा।** शहर के एसएएफ साइट में नगर निगम के अर्धनिर्मित एलआईजी भवन का निर्माण 8 साल बाद दुबारा टेंडर होने के बाद भी पूरा होने के आसार नहीं दिख रहें हैं। पिछले आठ साल से अधूरे पड़े एलआईजी भवनों को पूरा करने के लिए ठेकेदार तो मिल गये लेकिन काम कब प्रारंभ होगा इसके लिए इंतजार किया जा रहा है। गौरतलब है कि एसएएफ साइट में 384 एलआईजी भवन निर्माण के लिए वर्ष 2017 में नगर निगम द्वारा टेंडर निकाला गया था। उस समय इसके निर्माण का ठेका कल्याण टोंस इंफ्रा प्रा. लि. इंदौर को मिला था। लेकिन यह कंपनी अधूर निर्माण छोड़ कर भाग गई तब से यह कार्य अधूरा पड़ा था। इसके बाद अधूरे पड़े एसएएफ साइट के एलआईजी भवनों के लिए 4-5 बार टेंडर निकाले गये, लेकिन किसी भी ठेकेदार ने इसमें रुचि नहीं दिखाई। वर्ष 2026 में नगर निगम द्वारा फिर से टेंडर निकाला गया जिसे रीवा की प्रतिष्ठित फर्म ने ठेका हासिल किया तो इसके पूरा होने की उम्मीद बंध गई है। लोगों को लगने लगा कि इस अधूरे निर्माण के पूरा होने पर मध्यम वर्गीय लोगों का भी शहर में मकान खरीदने का सपना पूरा हो सकेगा। इस प्रोजेक्ट में नगर निगम के करोड़ों रुपये फंसे हुए हैं। इस अधूरे पड़े प्रोजेक्ट के पूरा होने पर नगर निगम को 45 करोड़ की रुपये प्राप्त होगी। इस राशि से नगर निगम के कई बड़े प्रोजेक्ट प्रारंभ हो सकेंगे। शहर में वर्तमान के दुकानों की नहीं मध्यम वर्गीय लोगों के लिए मकानों की आवश्यकता है। शहर में दुकानों से अधिक आफिस यूनिट एवं आवासीय मकानों की मांग बढ़ रही है। नगर निगम द्वारा एसएएफ साइट में अधूरे पड़े एलआईजी भवन के लिए ठेके की राशि 49.91 करोड़ रुपये रखी गई थी। रीवा की जिस कंपनी ने इसके लिए 45 करोड़ रुपये का सर्वाधिक टेंडर डाला था। उसी कंपनी को अधूरे पड़े एलआईजी भवन को पूरा करने का ठेका मिला गया। इसके साथ ही लोगों को शहर में मध्यम वर्गीय लोगों के लिए भी मकान खरीदने की सविधा मिलने की उम्मीद जग उठी है। लेकिन इसका बंद काम कब शुरू किया जाएगा इसकी कोई समयसीमा नहीं बताई जा रही है।

# भाजपा कुछ भी कहे, नेहरू जी का योगदान जन-जन तक पहुचाओ : हरीष चौधरी

## सभी ईमानदारी से काम करें तो भाजपा को हटाना मुश्किल नहीं: जीतू पटवारी

### दो दिवसीय कांग्रेस कार्यकर्ता प्रशिक्षण का हुआ समापन



**जागरण, रीवा।** जिला कांग्रेस कमेटी रीवा द्वारा संगठन सृजन के तहत होटल शार्क इन में आयोजित दो दिवसीय ब्लॉक, नगर एवं मण्डलम अध्यक्षों के प्रशिक्षण के दूसरे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव मध्यप्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर देश के प्रथम प्रधानमंत्री स्व. जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। प्रशिक्षणार्थियों को सम्बोधित करते हुए श्री चौधरी ने नेहरू जी के स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर उनके प्रधानमंत्रित्व काल तक की विभिन्न उपलाब्धियों का जिक्र करते हुए उन्हें भारत का शिल्पकार निरूपित किया। देश की आजादी की में उनके योगदान की विस्तार से चर्चा की। श्री चौधरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेता पूरे नेहरू परिवार की आएदिन आलोचना करते हैं और उनके ऊपर अनेको मनगढ़ंत आरोप लगाकर अपने को महिमा मण्डित करते हैं। लेकिन कार्यकर्ता नेहरू जी के योगदान को जन-जन तक पहुंचाएं। प्रशिक्षणार्थियो को ब्लॉक, नगर, मण्डल के संरचना का पूरा श्रेय राहुल गांधी को दिया, और कहा कि उनकी सोच को साकार करने के लिए हमे इन इकाईयों को मजबूत करना होगा। वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी एक-एक प्रशिक्षणार्थी से मुलाकात कर उनका परिचय प्राप्त किया। प्रशिक्षणार्थियों से संवाद करते हुए पटवारी ने कहा कि जब तक बूथ स्तर तक संगठन मजबूत नही होगा 2028 का विधानसभा तथा 2029 का लोकसभा चुनाव जीत पाना कठिन होगा इसीलिए हमारे नेता राहुल गांधी जी ने संगठन सृजन के माध्यम से ब्लाक, नगर एवं मण्डलम स्तर के पदाधिकारियों की कमेटिया बनाकर उन्हें मजबूत करने पर बल दिया हैं। कहाकि यदि हमारी यह इकाईयां पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से काम करें तो भाजपा को निश्चित रूप से बेदखल किया जा सकता हैं। श्री पटवारी ने कहा कि जो कमेटियां बनी है उनका सत्यापन हर हाल मे 30 जून तक हो जाना चाहिए, आतिशीघ्र पंचायत एवं बूथ स्तर की कमेटियों को भी प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण को प्रदेश प्रशिक्षण प्रभारी महेन्द्र जोशी, सहित अनेकों प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर जिले के संगठन प्रभारी, विधानसभाओं के प्रभारी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा, महापौर अजय मिश्रा बाबा, शहर अध्यक्ष अशोक पटेल झब्बू, संगठन महासचिव ग्रामीण रवि तिवारी, शहर संगठन महासचिव सज्जन पटेल, कार्यालय प्रभारी सत्यनारायण तिवारी, जी पी त्रिपाठी, प्रदीप अवस्थी, युवक कांग्रेस एवं एन एस यू आई पदाधिकारियों सहित अन्य कांग्रेस जन मौजूद रहें।

# साल भर से शहर के गड्ढे नहीं भर पाए, ऐसे में कैसे बनेगा रीवा महानगर

## अभी धूल उड़ा रहे गड्ढे बरसात में होंगे जानलेवा साबित



**जागरण, रीवा।** रीवा शहर को जल्द ही महानगर की श्रेणी में लाने का दावा शासन, प्रशासन सहित जनप्रतिनिधि भी कर रहे हैं, दूसरा मास्टर प्लान भी बन चुका है, किन्तु यहां की सड़कों पर साल भर पूर्व जो गड्ढे थे वह आज तक भर नहीं पाए ऐसे में रीवा शहर कैसे महानगर बन पाएगा? वर्तमान में शहर भर की सड़कों पर जो गड्ढे गर्मी में धूल उड़ा रहेहैं वही गड्ढे बरसात के दौरान जानलेवा साबित हो सकते हैं। शहर भर में सीवरेज लाइन डालने के लिए सड़क के किनारों का खनन किया गया, इसके बाद इनके कनेक्शन करने सड़कों को बीच से खोदा गया। उनमें से अधिकतर गड्ढे यथावत हैं, इसके अलावा आए दिन शहर में फूटने वाली पेयजल पाइप लाइनों को दुरुस्त करने के लिए शहर के मुख्य चौराहों पर गड्ढे किए गए, पाइप लाइन तो दुरुस्त कर दी गई, किन्तु इन गड्ढों को नहीं भरा गया, जो वर्तमान में धूल उड़ाने के साथ ही आवागमन में बाधा बने हुए हैं। प्रकाश चौराहा में पिछले साल से सड़क के बीच बड़ा सा गड्ढा है, जिसमें ट्रक सहित अन्य वाहन फंस चुके हैं, किन्तु इस गड्ढे को आज तक नहीं भरा गया, जबकि इस मार्ग पर सतत आवागमन बहाल रहता है। इस गड्ढे के कारण कारण ही इसके नीचे से पेयजल पाइप लाइन भी फूट चुकी है। पिछले माह सिरमौर चौराहे पर पेयजल पाइप लाइन फूट गई थी, जिसे दुरुस्त करने के लिए यहां गड्ढा खोदा गया था, जिसे लाइन सुधारने के बाद भरा नहीं गया, गड्ढे में उपर से मिट्टी बिछाकर चले गए, वर्तमान में यहां से जा रही पाइप लाइन फिर से लिकेज हो गई है और यहां किए गए गड्ढे में पानी भरा रहता है, जिसे दुरुस्त नहीं किया गया तो संभवतः बरसात में इसका विस्तार होने के साथ ही आवागमन भी बंद न हो जाए।

### बार-बार बंद हो रही बिजली, गर्मी से परेशान होने के साथ हो रहा व्यापार प्रभावित

**जागरण, रीवा।** बिजली वितरण कंपनी द्वारा शहर सहित समीपसथ अंचलों में बार-बार बिजली कटौती की जा रही है, जिससे इस भीषण गर्मी में लोग बिना पंखे, कूलर के बैठे बिजली आने का इंतजार करते रहे, बिजली आने के बादकुछ देर बाद फिर बंद हो गई, ये क्रम दोपहर 12 बजे से लेकर तीन बजे तक चलता रहा। जिस वजह से लोगों को इस भीषण गर्मी में घरों के अंदरभी राहत नहीं मिली। बिजली वितरण कंपनी द्वारा गत माह से ही शहर में रखरखाव कार्य कर दिया है, जिसके लिए घंटों बिजली काटी गई, लेकिन इसके बाद भी अनवरत बिजली कटौती लोगों की समझ से परे है। जरा सी हवा, आंधी चलने और बूंदाबांदी होने के बाद भी तत्काल बिजली बंद कर दी जाती है।

# लेडिज रॉयल राजपूत संगठन ने किए फल वितरित



**जागरण, रीवा।** लेडिज रॉयल राजपूत संगठन द्वारा वेंकट भवन, कोठी कंपाउंड क्षेत्र में निराश्रितों को फल वितरित किए गए। विगत 10 वर्षों से संगठन द्वारा लगातार समाज सेवा कार्यकिए जा रहे हैं। चाहे कड़कड़ाती ठंड होया तपती गर्मी, संगठन की सदस्य जरुरतमंदों को कंबल, गर्मकपड़े, पेयजल, शीतल पेय, भोजन, फल एवं अन्य सामग्री उपलब्ध कराती हैं। संगठन का एकमात्र उद्देश्य सेवा के माध्यम से मानवता का धर्म निभाना।

मेट्रो हॉस्पिटल, रीवा
आयुष्मान कार्ड के माध्यम से
निःशुल्क डायलिसिस सुविधा उपलब्ध है
अपॉइंटमेन्ट के लिए सम्पर्क करें:
24/7 इमरजेंसी सेवा उपलब्ध है
07662-314775,7771000668,7771000669
न्यू बस स्टैंड के पास, शारदा पुरम रोड, रीवा

डॉ. नीरज कुमार दुबे
एम.बी.बी.एस., एम.एस. (ENT)
कान-नाक एवं गला रोग विशेषज्ञ
माइक्रोस्कोपिक एवं एंडोस्कोपिक ई.एन.टी. सर्जन
परामर्श स्थलः
अंशिका मेडिकल्स
सभी प्रकार की दवाइयों के विक्रेता 7089196877
पताः- न्यू बस स्टैण्ड के आगे, फूलमती मन्दिर के पहले, पीटीएस रोड, रीवा (म.प्र.)
कान-नाक एवं गले से संबंधित निम्न बीमारियों के समुचित उपचार के लिए संपर्क करें
- कान के पर्दे में छिद्र एवं कान की हड्डी में गलन एवं कान से मवाद आना (CSOM)
- कान में सीटी बजना या सनसनाहट (Tinitus) कम सुनाई देना एवं चक्कर आना (Vertigo)
- पुरानी सर्दी जुकाम, साइनस की बीमारी (SINUSITIS) ज्यादा, बार-बार छींके आना एवं allergy से नाक बहना। (Allergic Rhinitis)
- नाक की हड्डी का टेढ़ापन (DNS), नाक के अंदर गठान, Polyp Mass etc)
- बच्चों में बार-बार गले का इंफेक्शन एवं मुंह खोलकर सांस लेना, खर्राटें लेना (Tonsillitis, Adenoid Hypertrophy)
- कान-नाक एवं गले से संबंधित अन्य कोई बीमारी या गठान की दूरबीन द्वारा जांचे एवं उपचार
- माइक्रोस्कोप एवं एंडोस्कोप (दूरबीन) द्वारा कान,नाक एवं गले से संबंधित ऑपरेशन, (Tympanoplasty, FESS, Septoplasty, Tonsillectomy etc)

वर्ष 73 अंक 239 पृष्ठ 12
रीवा, गुरुवार 28 मई, 2026
ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 12, विक्रम संवत् 2083
नगर मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

खुशी हमारे अपने घर के पास उगती है, और इसे अजनबियों के बगीचों से नहीं तोड़ा जा सकता।
- डगलस विलियम जेरोल्ड

## संक्षिप्त खबरें

### नीट मामले में सीबीआई ने दो को किया गिरफ्तार



**नई दिल्ली, जेएनएन।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) पेपर लीक मामले में सीबीआई ने बुधवार को दो और मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इस बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई के बाद इस संवेदनशील मामले में अब तक गिरफ्तार होने वाले आरोपियों की कुल संख्या बढ़कर 13 हो गई है। सीबीआई के हत्थे चढ़े पहले आरोपी की पहचान डॉक्टर मनोज शिरूरे के रूप में हुई है, जो महाराष्ट्र के लातूर के रहने वाले हैं। जांच के मुताबिक, डॉ. मनोज ने एक कोचिंग सेंटर के मालिक (जो खुद इस मामले में आरोपी है) के बेटे सहित तीन अन्य छात्रों को मुख्य आरोपी पी।वी। कुलकर्णी के माध्यम से केमिस्ट्री (रसायन विज्ञान) का लीक हुआ प्रश्नपत्र उपलब्ध कराया था। वहीं, गिरफ्तार किए गए दूसरे आरोपी की पहचान तेजस हर्षदकुमार शाह के रूप में हुई है, जो पुणे स्थित 'डॉ. अभंग प्रभु मेडिकल एकेडमी' में फिजिक्स (भौतिक विज्ञान) पढ़ाता है।

### मप्र सीजे समेत पांच को सुको भेजने की सिफारिश


संजीव सचदेवा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए केंद्र सरकार को पांच नामों की सिफारिश की है। कॉलेजियम ने मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा, पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस शील नागू, बॉम्बे हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति चंद्रशेखर, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरुण पल्ली के नामों की सिफारिश की है। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, साथ ही वरिष्ठ वकील वी. मोहना के नाम की भी सिफारिश की है। यह फैसला 22 मई और 27 मई को हुई कॉलेजियम की बैठकों में लिया गया। अगर केंद्र सरकार मंजूरी दे देती है, तो मोहना बार से सीधे सुप्रीम कोर्ट में पदोन्नत होने वाली ग्यारहवीं व्यक्ति होंगी। रिटायर्ड जस्टिस इंदु मल्होत्रा के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाली वह दूसरी महिला भी होंगी।

### बायजूस के संस्थापक को 6 महीने की जेल



**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत के सबसे चर्चित स्टार्टअप्स में गिनी जाने वाली एडटेक कंपनी बायजू के फाउंडर बायजू रवींद्रन को लेकर बड़ी खबर आई है। बायजू रवींद्रन को सिंगापुर की अदालत से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने उन्हें 6 महीने की जेल की सजा सुनाई है। अदालत ने कहा कि रवींद्रन ने अप्रैल 2024 से अपनी संपत्ति से संबंधित कई अदालती आदेशों का बार-बार उल्लंघन किया है, इसी वजह से उन्हें जेल की सजा दी गई है। मीडिया रिपोर्ट्स में ये बताया गया है कि सिंगापुर की अदालत ने रवींद्रन को बीयर इन्वेस्टको प्राइवेट लिमिटेड के कानूनी स्वामित्व को साबित करने वाले दस्तावेज प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है, जो एक संबंधित इकाई में शेयर रखती है। साथ ही कोर्ट ने उन्हें अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण करने का निर्देश भी दिया है। इसके साथ ही रवींद्रन को 90,000 सिंगापुर डॉलर यानी करीब 70,500 अमेरिकी डॉलर की कानूनी लागत भी चुकानी होगी।

**त्विषा केसः** क्राइम सीन रीक्रिएशन कराया, गिरिबाला की जमानत पर फैसला सुरक्षित

# समर्थ 29 तक सीबीआई रिमांड पर, जांच के लिए घर गई टीम

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** सीबीआई द्वारा त्विषा मामले में एफआईआर के दो दिन बाद पुलिस की कस्टडी से समर्थ को अपनी हिरासत में ले लिया है। बुधवार दोपहर कटारा हिल्स थाने की पुलिस समर्थ को भोपाल जिला अदालत के जिला विधिक सेवा केंद्र लेकर आई। यहां कोर्ट ने समर्थ की कस्टडी पुलिस से लेकर सीबीआई को सौंपने के आदेश दिए। समर्थ को 29 मई की शाम चार बजे तक सीबीआई की रिमांड पर सौंपा गया है। इसके बाद केंद्रीय जांच एजेंसी समर्थ को साथ लेकर बागमुगलिया एक्सटेंशन स्थित उसके घर पर पहुंची, जहां सीन ऑफ क्राइम को दोबारा क्रिएट किया। इस पूरे घटनाक्रम की वीडियो रिकॉर्डिंग भी कराई गई। शाम सात बजे समर्थ को सीबीआई की टीम अपने साथ लेकर एक रेस्ट हाउस रवाना हो गई, जहां उससे आगे की पूछताछ की जाएगी। बुधवार को सीबीआई को हैंडओवर करने से पहले पुलिस ने एम्स में समर्थ का मेडिकल परीक्षण भी कराया। फिलहाल सीबीआई को एम्स दिल्ली से त्विषा की पीएम रिपोर्ट का भी इंतजार है।

सीडीआर, पेन ड्राइव की दोबारा जांच, गिरिबाला को भोपाल न छोड़ने के निर्देश त्विषा की मौत के मामले में कटारा हिल्स पुलिस आरोपी समर्थ सिंह को दोपहर लगभग ढाई बजे जिला अदालत के पीछे बने जिला विधिक सहायता केंद्र के दफ्तर में लेकर पहुंची। यहां अदालत ने आरोपी को 29 मई तक सीबीआई रिमांड पर सौंपने के आदेश दिए। इसके बाद पुलिस ने समर्थ को सीबीआई के हवाले कर दिया। पुलिस कमिश्नर संजय कुमार के मुताबिक मामले से जुड़े सभी दस्तावेज मंगलवार को ही जांच एजेंसी को सौंप दिए गए थे। इसके बाद सीबीआई ने कोर्ट से आरोपी को रिमांड पर देने की मांग की थी, जिसे अदालत ने मंजूर कर लिया। इधर, सीबीआई के सूत्रों के अनुसार इस मामले में चल रही जांच को देखते हुए गिरिबाला सिंह को बगैर जानकारी दिए भोपाल से बाहर न जाने का निर्देश दिया है। सीबीआई ने इस मामले में समर्थ के घर काम करने वाले उन दोनों कर्मचारियों के फिर से बयान लिए हैं, जो घटना के बाद त्विषा के शव को छत से उतारकर लाए थे।

**तीनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने रिजर्व किया ऑर्डरः** इसके बाद त्विषा के परिजनों की तरफ से वकील सिद्धार्थ लूथरा ने कहा कि निचली अदालत ने बगैर तथ्यों के मान लिया कि गिरिबाला सिंह को कस्टडी में लेने की जरूरत नहीं है। इसके अलावा गिरिबाला सिंह रिटायर्ड जज रही हैं और वे बाहर रहकर फॉरेंसिक जांच और सीन ऑफ क्राइम जैसी अहम जांच को भी प्रभावित कर सकती हैं और इसलिए गिरिबाला की जमानत तत्काल निरस्त की जानी चाहिए। इधर, गिरिबाला की तरफ से उनके वकील ने दलील दी कि अग्रिम जमानत का विरोध अनुचित है और उनकी उम्र 63 साल है, और फरार होने की भी संभावना नहीं है। उनके वकील ने कहा कि उनके मुवक्किल ने पुलिस की जांच में हर संभव सहयोग किया है। ऐसे में इस याचिका को निरस्त कर दिया जाए। कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस पूरी होने के बाद अपना फैसला रिजर्व कर लिया।

### पूछताछ के लिए समय नहीं लेकिन प्रेस कॉन्फ्रेंस की



इधर त्विषा शर्मा की सास पूर्व जज गिरिबाला सिंह को भोपाल जिला अदालत द्वारा दी गई अग्रिम जमानत निरस्त कराने पर जबलपुर हाईकोर्ट में बुधवार दोपहर लगभग तीन घंटे तक बहस चली। सरकार की तरफ से एडवोकेट जनरल प्रशांत सिंह ने कहा कि गिरिबाला सिंह को अग्रिम जमानत बेहद जल्दबाजी में दी गई। इसके बाद उन्होंने दो बार पुलिस पूछताछ और बयान के लिए भेजे गए नोटिस ही नहीं लिए। तीसरी बार व्हाट्सएप पर मैसेज भेजे तो वकील के जरिए जवाब पेश करने की बात कही। प्रशांत सिंह ने जस्टिस देवनारायण सिंह की कोर्ट में कहा कि जांच में सहयोग न करने के साथ ही पूर्व जज होने के कारण गिरिबाला न केवल पड़ताल को प्रभावित कर सकती हैं। इसके साथ ही अग्रिम जमानत के लिए कई अहम सबूत निचली अदालत ने नजरअंदाज भी किए, लिहाजा उनकी अग्रिम जमानत निरस्त कर दी जाए।

# बालाघाटः रेत से भरे ट्रैक्टर से प्रधान आरक्षक को रौंदा

### दो पसलियां टूटी, इलाज के लिए महाराष्ट्र के गोंदिया रेफर

**जागरण, बालाघाट।** प्रदेश में अवैध रेत खनन कर रले माफियाओं पर लगाम नहीं लग रही है। ताजा मामला बालाघाट ने जिले से मंगलवार देर शाम को सामने आया है। यहां पलाकामथी इलाके में रेत माफिया ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया। अवैध रेत परिवहन रोकने पहुंचे प्रधान आरक्षक राजेश्वर राहंगडाले को माफिया ने ट्रैक्टर से कुचल दिया, जिससे उनकी दो पसलियां टूट गईं और शरीर में अंदरूनी चोटें आई हैं। घायल पुलिसकर्मी की हालत नाजुक है। घटना के बाद पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर ट्रैक्टर चालक को पकड़ लिया।

लालबर्रा थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। ट्रैक्टर भी जब्त कर लिया है। दरअसल पुलिस को पलाकामथी क्षेत्र में अवैध रेत परिवहन की सूचना मिली थी। सूचना पर प्रधान आरक्षक राजेश्वर राहंगडाले और आरक्षक सुनील विश्वकर्मा मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम ने रेत से भरे ट्रैक्टरों की जांच शुरू की। इसी दौरान एक ट्रैक्टर चालक को रोककर प्रधान आरक्षक उसका वीडियो बना रहे थे, तभी चालक ने अचानक ट्रैक्टर तेज गति से उनकी ओर बढ़ा दिया। प्रधान आरक्षक कुछ समझ पाते उससे पहले ट्रैक्टर उन्हें टक्कर मारते हुए निकल गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। साथी पुलिसकर्मियों और स्थानीय लोगों ने तत्काल घायल प्रधान आरक्षक को जिला अस्पताल पहुंचाया।

जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने हालत गंभीर बताते हुए उन्हें महाराष्ट्र के गोंदिया स्थित यूनाइटेड अस्पताल रेफर कर दिया। समय पर इलाज सुनिश्चित करने के लिए बालाघाट से गोंदिया तक विशेष ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया। सीएमएचओ डॉ. परेश उपलप ने बताया कि घायल प्रधान आरक्षक की दो पसलियां फ्रैक्चर हुई हैं। साथ ही अंदरूनी चोटें आई हैं। फिलहाल उनकी स्थिति स्थिर है, लेकिन अगले 72 घंटे बेहद अहम माने जा रहे हैं। डॉक्टरों की टीम बेहतर इलाज के लिए लगातार निगरानी कर रही है।


घायल जवान को गोंदिया ले जाती टीम।

### मुख्य सचिव ने उठाया सवाल प्रशासन का खौफ क्यों नहीं!

प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन ने अवैध खनन मामले को लेकर नाराजगी जाहिर की। वीसी के जरिए हो रही कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने कहा कि अवैध खनन पर पुलिस और प्रशासन का आखिर खौफ क्यों नहीं है? ऐसे कैसे कोई भी व्यक्ति ट्रैक्टर या बाइक चढ़ा देने की हिम्मत कर सकता है। कलेक्टर-एसपी की जिम्मेदारी है कि ऐसा करने वाले ड्राइवरों के मालिकों पर सख्त एक्शन लें, ताकि ऐसी घटनाएं फिर न हों और सुशासन का संदेश जाए।

# कच्छ के मुंद्रा पोर्ट पर 1180 करोड़ रुपए की कोकीन जब्त

### ब्राजील से आई खेप दिल्ली भेजने की तैयारी थी



- दिल्ली के द्वारका में दो लोगों तक पहुंचाई जानी थी कोकीन
- तीन विदेशी गिरफ्तार, एक समुद्र में कूदकर भागा

**कच्छ, जेएनएन।** गुजरात में कच्छ से करीब 1180 करोड़ रुपए कीमत की 118 किलो कोकीन जब्त की गई है। इस मामले में अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। तीनों ही आरोपी विदेशी हैं। गुजरात डीजीपी डॉ. केएलएन राव ने बताया कि सूचना मिलने के बाद इंडियन कोस्ट गार्ड और गुजरात एटीएस मुंद्रा पोर्ट पर एक संयुक्त ऑपरेशन चला रही थीं। इसी के तहत मंगलवार की सुबह भारतीय समुद्री सीमा से एक कंटेनर जहाज पकड़ा गया। जहाज ब्राजील, कई लैटिन अमेरिकी देशों, मेक्सिको, अमेरिका और कराची होते हुए गुजरात के तट तक पहुंचा था। जहाज में नाइजीरिया की नागरिकता वाले दो आरोपी सवार थे, जिनमें से एक समुद्र में कूदकर फरार हो गया। पकड़े गए एक आरोपी ने बताया कि खेप दिल्ली के द्वारका में रहने वाले दो लोगों तक पहुंचाई जाने वाली थी।

इनकी पहचान क्लैविन चुकवुमा (तंजानिया का नागरिक) और ब्यारुहांगा जेम्स (युगांडा का नागरिक) के रूप में हुई है। दोनों को अरेस्ट कर लिया गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है कि कोकीन की डिलीवरी देश में किसे और कहां होने वाली थी। जहाज से समुद्र में फेंके जा रहे थे पैकेट गुजरात एटीएस से मिली जानकारी के मुताबिक यह जहाज मुंद्रा तट से करीब 5 नॉटिकल मील (करीब साढ़े 9 किमी) दूर लंगर डाले खड़ा था। कोस्टगार्ड ने की घंटों तक इस पर नजर रखी। इसी दौरान अधिकारियों ने देखा कि जहाज से कुछ संदिग्ध बैग समुद्र में फेंके जा रहे हैं। इसके बाद कोस्टगार्ड और एटीएस की संयुक्त टीम हरकत में आई और रात में ही जहाज को घेरकर अपने कब्जे में ले लिया।

एटीएस की छापेमारी में जहाज पर दो लोग मिले थे। इनमें से जुम्मा नासिर उमर नाम के एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। यह मूल रूप से नाइजीरिया का रहने वाला है। वहीं, एक अन्य आरोपी ने समुद्र में छलांग लगा ली थी, जिसकी तलाश की जा रही है। जहाज को कच्छ पोर्ट पर लाया गया है। इससे पहले 13 अप्रैल 2025 में पोरबंदर से 1800 करोड़ रुपए कीमत की 300 किलो ड्रग्स जब्त की गई थी। गुजरात एंटी-टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) और कोस्टगार्ड ने 12 अप्रैल की रात जॉइंट ऑपरेशन में पोरबंदर से 190 किमी दूर समुद्र से ड्रग्स की खेप पकड़ी थी।

# खाई में गिरी पिकअप, 3 मजदूरों की मौत

### नीमच के तिलस्वा घाट पर हादसा, पेंट की बाल्टियों पर बैठे थे सभी लोग

**जागरण, नीमच।** प्रदेश के नीमच जिले के सिंगोली क्षेत्र के तिलस्वा घाट पर एक पिकअप बेकाबू होकर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में तीन मजदूरों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में पिकअप वाहन भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। खास बात यह है कि पिछले दो दिनों में इसी घाट पर यह दूसरा हादसा है। जानकारी के अनुसार राजस्थान के धौलपुर से बांसवाड़ा की ओर जा रहा पिकअप वाहन आरजे14-जेएन-6549 मंगलवार देर रात तिलस्वा घाट के खतरनाक मोड़ पर बेकाबू हो गया। वाहन में पेंट की बाल्टियां लोड थीं, जिनके ऊपर मजदूर बैठे थे। संतुलन बिगड़ने से वाहन सीधे खाई में जा गिरा। बाल्टियों में भरा कलर शवों पर गिरा। मजदूर बरेली, गाजीपुर और राजस्थान के जयपुर के रहने वाले थे। वे आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य के लिए जा रहे थे।



### राहगीरों की मदद से निकाले शव

हादसे की सूचना पर सिंगोली थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा और तहसीलदार प्रेमशंकर पटेल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। राहगीरों की मदद से शवों को खाई से निकाल सिंगोली अस्पताल की मॉर्चुरी में रखवाया गया। घायलों की पहचान मोहम्मद जाकिर, इदरीस और सोमपाल के रूप में हुई है। सिंगोली अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर हालत में उन्हें कोटा रेफर किया है। मालूम हो कि रविवार को तिलस्वा घाट पर रविवार को शिव शक्ति ट्रेवल्स की बस पलटने से 30 यात्री घायल हुए थे। लगातार हादसों के बाद स्थानीय लोगों ने घाट पर क्रैश बैरियर, चेतावनी बोर्ड लगाने की मांग की है।

### उत्तर प्रदेश को दहलाने की साजिश, चार गिरफ्तार

**सहारनपुर, जेएनएन।** उप्र के सहारनपुर और आसपास के इलाकों में एटीएस और एसटीएफ ने चार संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि पकड़ में आए संदिग्ध पाकिस्तानी हैंडलर के संपर्क में थे। वे सोशल मीडिया और वीडियो कॉलिंग ऐप के जरिए उनसे निर्देश ले रहे थे।

पकड़े गए आरोपियों के पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी के स्लीपर सेल नेटवर्क के सदस्य होने का दावा किया जा रहा है। पकड़े गए आरोपियों में दो सहारनपुर, एक हरिद्वार और एक मुजफ्फरनगर का रहने वाला है। आरोप है कि ये लोग देश के संवेदनशील ठिकानों की जानकारी पाकिस्तानी हैंडलर से शेयर कर रहे थे।

### 8 घंटे हवा में रही फ्लाइट फिर दिल्ली लौटी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को के लिए उड़ान भरने वाली एयर इंडिया की एक अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट को बुधवार सुबह गंभीर तकनीकी खराबी के कारण बीच रास्ते से वापस दिल्ली लौटना पड़ा। इस कूटनीतिक रूट पर उड़ान भरने वाला बोइंग 777-300 ईआर विमान करीब 8 घंटे तक हवा में रहा, लेकिन खराबी के बाद पायलटों ने सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए विमान को वापस मोड़ने का फैसला किया। इस घटना के समय विमान में कुल 230 यात्री सवार थे, जिन्हें इस आपातकालीन लैंडिंग के कारण भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। फ्लाइट ट्रैकिंग डाटा के अनुसार, विमान दिल्ली से उड़ान भरने के लगभग तीन घंटे बाद चीन के हवाई क्षेत्र में पहुंच चुका था, तभी तकनीकी क्रू को विमान में खराबी का पता चला। इसके बाद लौटने का फैसला लिया गया।

# सरकार का प्रयास, हर घर पहुंचे योगः सीएम

### खजुराहो योग महोत्सव को वीडियो कांफ्रेंसिंग से मुख्यमंत्री ने किया संबोधित

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश के हर घर योग पहुंचे, इस दिशा में राज्य सरकार लगातार काम कर रही है। योग के प्रचार के लिए सरकार द्वारा आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह सकारात्मक संकेत है कि आज की युवा पीढ़ी भी योग को सहर्ष स्वीकार कर रही है। मुख्यमंत्री बुधवार को विश्व धरोहर स्थल खजुराहो में आयोजित योग महोत्सव 2026 को वीडियो संदेश के जरिए संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारतीय योग परम्परा को सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़कर स्वस्थ, जागरूक एवं आध्यात्मिक रूप से समृद्ध समाज के निर्माण की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। योग और खजुराहो, दोनों ही सदियों से भारतीय संस्कृति के अभिन्न स्तंभ रहे हैं। हमारी सरकार योग के प्रचार के लिए सभी जरूरी कदम उठा रही है। योग को प्रदेश के घर-घर तक पहुंचाने के लिए आयुष विभाग द्वारा इन दिनों घर-घर योग-हर व्यक्ति निरोग अभियान भी चलाया जा रहा है।



डॉ. यादव ने कहा कि योग आज सिर्फ एक व्यायाम नहीं, बल्कि वन अर्थ-वन हेल्थ की भावना को साकार करने वाला जीवन दर्शन बन चुका है। आयुष विभाग के माध्यम से आरोग्य मंदिरों, योग वेलनेस सेंटर्स और विभिन्न जनजागरुकता की गतिविधियों के माध्यम से योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए सफल अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पहले काउंटडाउन इवेंट से देशभर में लाखों लोग जुड़ रहे हैं। हम योग को सांस्कृतिक मूल्यों के साथ जोड़कर एक स्वस्थ, जागरूक और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध समाज के निर्माण की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। सबके सहयोग से हम योग को हर नागरिक के जीवन का हिस्सा बनाने की ओर बढ़ रहे हैं। केंद्रीय आयुष मंत्रालय का यह आयोजन अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 की तैयारियों में मील का पत्थर साबित हुआ है। कार्यक्रम को केंद्रीय आयुष राज्यमंत्री प्रतापराव जाधव, उच्च शिक्षा, आयुष एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, संस्कृति एवं पर्यटन राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी और सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने भी संबोधित किया।

**आईपीएल** वैभव सूर्यवंशी की आतिशी पारी की बदौलत क्वालीफायर-2 में पहुंचा राजस्थान रॉयल्स

# सबसे तेज शतक से चूके फिर भी बनाए 3 रिकॉर्ड

**मुल्लांपुर, जेएनएन।** राजस्थान रॉयल्स के स्टार बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी बुधवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अपनी टीम के एलिमिनेटर मुकाबले के दौरान आईपीएल के इतिहास का सबसे तेज शतक बनाने से चूक गए फिर भी उन्होंने एक साथ तीन नए रिकॉर्ड बनाए। वैभव सूर्यवंशी की आतिशी पारी की बदौलत राजस्थान रॉयल्स क्वालीफायर-2 में पहुंचा। आईपीएल का दूसरा सत्र खेल रहे 15 साल के सूर्यवंशी जब 28 गेंद पर 97 रन बनाकर खेल रहे थे तब वह तिहरे अंकों तक पहुंचने से बस एक हिट दूर थे। लेकिन वह आईपीएल का सबसे तेज शतक जड़ने से चूक गए क्योंकि अगली ही गेंद पर उन्होंने प्रफुल हिंगे की एक शॉर्ट गेंद पर अपर कट खेला जो डीप थर्ड मैन पर खड़े आर स्मरण के हाथों में चली गई। सूर्यवंशी ने 12 छक्के और पांच चौके से 29 गेंद पर 97 रन बनाए।

### क्रिस गेल का रिकॉर्ड बच गया

वेस्टइंडीज और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के दिग्गज खिलाड़ी क्रिस गेल के नाम आईपीएल में सबसे तेज शतक (30 गेंद पर) का रिकॉर्ड है। उन्होंने आईपीएल 2013 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ओर से पुणे वारियर्स के खिलाफ 66 गेंद पर 175 रन की पारी खेली थी जिसमें 17 छक्के और 13 चौके शामिल थे। इस मुकाबले में उतरने से पहले सूर्यवंशी छक्कों के मामले में गेल से छह छक्के पीछे थे। गेल ने 2012 के सत्र में 59 छक्के लगाए थे। सूर्यवंशी ने इस मैच में 12 छक्के लगाकर गेल का रिकॉर्ड तोड़ दिया और आईपीएल 2026 में कुल 65 छक्के जड़ दिए।




### वैभव ने ये रिकॉर्ड किया अपने नाम

सूर्यवंशी के 65 छक्के इस सत्र में दूसरे सबसे अधिक छक्के लगाने वाले खिलाड़ी अभिषेक शर्मा (43 छक्के) से भी काफी अधिक हैं। सूर्यवंशी ने इससे पहले आईपीएल के दूसरे सबसे तेज शतक (35 गेंद पर) का रिकॉर्ड बनाया था जब उन्होंने आईपीएल 2025 में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ 38 गेंद पर 101 रन बनाए थे। बाएं हाथ के इस सलामी बल्लेबाज के नाम आईपीएल का तीसरा सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड भी है। उन्होंने इस सत्र की शुरुआत में सनराइजर्स के खिलाफ 37 गेंद में 103 रन बनाने के दौरान 36 गेंद में शतक पूरा किया था।

### सचिन तेंदुलकर ने की तारीफ

महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने सूर्यवंशी के बैट स्विंग की तारीफ की और उनकी पारी को शानदार बताया। तेंदुलकर ने एक्स पर लिखा, सूर्यवंशी का बैट स्विंग जबरदस्त रहा है। इससे भी अधिक कमाल की बात यह है कि वह अपने अगले पैर को कितनी खूबसूरती से हटाकर पैरों की तरफ आने वाली गेंदों के लिए जगह बनाते हैं। इसी आजादी की वजह से वह इस तरह खेल पाते हैं।'

गुना के एक मामले में सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

# मूक दर्शक बने रहना क्रूरता का केस चलाने का आधार नहीं

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि पति-पत्नी के विवाद में ससुराल पक्ष के लोग सिर्फ मूक दर्शक बने रहें या बहू की मदद के लिए आगे न आएं, तो केवल इसी आधार पर उनके खिलाफ क्रूरता या दहेज मांगने का मामला नहीं चलाया जा सकता।



जस्टिस संजय करोल और जस्टिस एन के सिंह की पीठ ने कहा कि किसी व्यक्ति का ऐसा व्यवहार नैतिक रूप से गलत हो सकता है, लेकिन इसे सीधे आपराधिक जिम्मेदारी नहीं माना जा सकता।अदालत ने कहा कि केवल सामान्य और बिना ठोस आरोपों के आधार पर पति के पूरे परिवार के खिलाफ आपराधिक कानून लागू नहीं किया जा सकता। कोर्ट के मुताबिक, यह जरूरी है कि किसी व्यक्ति पर क्रूरता, उत्पीड़न या दहेज मांगने में सक्रिय भूमिका निभाने के स्पष्ट आरोप हों। कोर्ट ने माना कि कई बार रिश्तेदार विवाद के दौरान चुप रहते हैं या महिला की मदद नहीं करते, लेकिन जब तक उनके खिलाफ सक्रिय साजिश या अपराध में शामिल होने के ठोस सबूत न हों, तब तक उन्हें आरोपी नहीं बनाया जा सकता।

यह टिप्पणी मध्य प्रदेश के गुना की एक महिला के मामले में आई, जिसमें महिला ने अपने पति और ससुराल वालों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया था। सुप्रीम कोर्ट ने ससुराल पक्ष के खिलाफ चल रही आपराधिक कार्रवाई रद्द कर दी, क्योंकि उनके खिलाफ कोई विशेष आरोप नहीं थे।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## समान हित के सिद्धांत पर हो अमेरिका से समझौता

*भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते के लिए वार्ता पिछले कई महीने से टुकड़ों में चलती रही है, लेकिन अब तक यह अंतिम स्वरूप में नहीं पहुंच सकी है। इसी क्रम में अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने अपने ताजा भारत दौरे में एक बार फिर कुछ नए संकेत दिए, जिसमें इस मसले पर कदम आगे बढ़ाए जाने की रूपरेखा बनती दिख रही है। हालांकि व्यापार वार्ता में अपने-अपने हित के मद्देनजर दोनों पक्षों की ओर से दबाव बनाना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है, लेकिन पिछले कुछ समय से अमेरिका ने एकतरफा तौर पर जिस तरह की कसौटियां तय करने की कोशिश की है, वह कई मायनों में भारत के लिए सहज स्वीकार्य नहीं रही हैं। यही वजह है कि अब तक इस समझौते का अंतिम स्वरूप सामने नहीं आ सका है। अब अमेरिका की ओर से रूबियो ने जिस तरह परस्पर हित सुनिश्चित किए जाने की बात की है, उससे इसमें सकारात्मक प्रगति की उम्मीद जगी है।*

*गौरतलब है कि भारत के विदेश मंत्री के साथ व्यापक वार्ता के बाद अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा कि यह व्यापार समझौता दोनों देशों के लिए 'लाभकारी' और 'टिकाऊ' होगा। साथ ही यह अमेरिका और भारत के पारस्परिक हितों को आगे बढ़ाएगा। निश्चित तौर पर अमेरिका की ओर से दिए गए ये संकेत बीते कुछ समय से आर्थिक मसले पर जारी तनाव के माहौल में नरमी लाने का जरिया हो सकते हैं, लेकिन यह देखने की बात होगी कि व्यापार समझौता अपने अंतिम रूप में 'परस्पर और समान हित' के सिद्धांत पर आधारित होता है या नहीं। यह छिपा हुआ तथ्य नहीं है कि अमेरिका ने कुछ महीने पहले दूसरे देशों से आयात पर पच्चीस से लेकर पचास फीसद तक शुल्क लगा कर किस तरह के हालात पैदा करने की कोशिश की थी। उसके इस रुख की वजह से दुनिया भर में प्रकारांतर से व्यापार युद्ध जैसी स्थितियां पैदा हो गई थीं। खासतौर पर तेल खरीद को लेकर अमेरिका ने भारत पर जिस तरह की शर्तें थोपीं, रूस से तेल खरीदने पर शुल्क में बढ़ोतरी की जिद ठानी, उससे साफ था कि वह इस मसले पर अपनी मनमानी थोपना चाहता है। उसका यह रुख किसी भी तरह से 'परस्पर और समान हित' को सुनिश्चित किए जाने की मंशा के अनुकूल नहीं लगता।*

*ट्रंप की नीतियों ने भारत जैसे सहयोगियों और दोस्तों को नाराज कर दिया है, जबकि चीन और रूस जैसे विरोधियों को फायदा पहुंचाया है। टैरिफ ने कनाडा, मेक्सिको, भारत और यूरोपीय संघ को निशाना बनाया। अब अमेरिका को टैरिफ के तौर पर जमा किए गए 166 अरब डॉलर वापस करने होंगे। जबकि उनकी टीम टैरिफ व्यवस्था को बदलने के लिए विभिन्न प्रावधानों का इस्तेमाल हथियार के तौर पर कर रही है। अभी भी अमेरिका यही संदेश दे रहा है कि भारत उससे जितना तेल खरीदना चाहता है, उतना देने के लिए वह तैयार है। सवाल है कि तेल के लिए अगर भारत की निर्भरता केवल अमेरिका पर बनती है, तो इसके नतीजे क्या होंगे? अमेरिका एक विकल्प जरूर हो सकता है, लेकिन अपनी ऊर्जा जरूरतों को सुरक्षित बनाए रखने के लिए जरूरी है कि भारत अपने लिए अन्य देशों के वैसे व्यापक और विश्वसनीय स्रोतों का रास्ता भी खुला रखे, जो ज्यादा बेहतर और सस्ते हों। पश्चिम एशिया में जारी तनाव की स्थिति और होर्मुज जलमार्ग से आपूर्ति श्रृंखला बाधित होने की वजह से गहराते संकट से सभी वाकिफ हैं। इसी को आधार बना कर आज सरकार तेल और गैस की कीमतों में लगातार इजाफा कर रही है और आम लोगों पर बोझ बढ़ता जा रहा है।*

*अब नई परिस्थितियों में अगर भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता आगे बढ़ती है, तो यह ध्यान रखने की जरूरत होगी कि वह दोनों देशों के समान हित के सिद्धांतों पर आधारित हो। विदेश नीति के मामले में अमेरिका अगर खुद को प्राथमिकता देता है, तो यह उचित है, लेकिन इसके समांतर भारत के लिए भी अपने हित को सबसे महत्त्वपूर्ण मानना स्वाभाविक है।*

प्रसंगवश

## परीक्षा सुधार के लिए पूरी तैयारी करे सीबीएसई

*भारत की शिक्षा प्रणाली गंभीर तनाव से गुजर रही है। तकरीबन 22 लाख विद्यार्थियों को भारी तकलीफ पहुंचाने वाली नीट में हुई शर्मनाक गड़बड़ी ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के भीतर मौजूद व्यवस्थागत खामियों को उजागर किया है। इस एजेंसी का एक हिस्सा जेईई का सुचारु रूप से संचालन करता है, जबकि दूसरा हिस्सा एक अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा कराने के मामले में अनभिज्ञ और पूरी तरह अक्षम प्रतीत होता है। इसी तरह केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने इस साल बारहवीं की परीक्षा देने वाले 18 लाख विद्यार्थियों के एक ठीकठाक हिस्से के लिए काफी बेचैनी पैदा की है और उन्हें नुकसान पहुंचाया है। इन विद्यार्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पहली बार ऑन स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) के जरिए किया गया। ऐसा लगता है कि स्टाफ को उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैनिंग के लिए बहुत कम प्रशिक्षण दिया गया था और विशेषज्ञों से सलाह-मशविरा करके कोई मानक संचालन प्रक्रिया यानी एसओपी भी लागू नहीं किया गया था। फिर भी, एक करोड़ के आसपास उत्तर पुस्तिकाओं को रिकॉर्ड समय में स्कैन किया गया। मूल्यांकनकर्ताओं को वास्तव में पूरी तरह परखा नहीं गया। उन्हें न तो नये इंटरफेस के लिए तैयार किया गया था और न ही स्क्रीन से होने वाली थकान के स्कोरिंग पर असर का मूल्यांकन किया गया था। आदर्श तौर पर, ओएसएम को पहले कम संख्या में उत्तर पुस्तिकाओं पर नियमित पद्धति के साथ समानांतर रूप से आजमाया जाना चाहिए था। इससे यह मूल्यांकन हो पाता कि इन दोनों तरीकों के बीच स्कोर में सांख्यिकीय रूप से कोई महत्वपूर्ण अंतर है या नहीं। इससे यह पुष्ट हो जाता कि परीक्षा सुधार के रूप में पेश की गयी यह नयी प्रणाली सचमुच तैयार है या नहीं और पूरे पैमाने पर अपनाये जाने से पहले इसमें सुधारात्मक उपाय संभव हो पाते।*

*ऐसा लगता है कि इसमें से कुछ भी नहीं किया गया। नतीजातन, विद्यार्थियों के प्रदर्शन में साफ गिरावट आई। यह गिरावट इतनी बड़ी थी कि इसे महज संयोग कहकर खारिज नहीं किया जा सकता। विद्यार्थियों को जब उनकी स्कैन की हुई उत्तर पुस्तिकाएं मिलीं, उनका डर सही साबित हुआ। बेमेल उत्तर पुस्तिकाओं, अमूल्यांकित सप्लीमेंट्री शीटों, और अस्पष्ट स्कैनिंग की बहुत सारी रिपोर्टों से सोशल मीडिया भर गया। उधर, कई छात्रों ने स्कैन की हुई कॉपियां न मिलने की शिकायत की। गुस्सा शांत करने के लिए, सीबीएसई ने उत्तर पुस्तिकाएं देखने और पुनर्मूल्यांकन के लिए शुल्क में कटौती की और पुनर्मूल्यांकन उचित पाये जाने पर शुल्क वापसी का वादा किया। यह सुविधा शुरू होने के चंद घंटों के भीतर ही तकरीबन चार लाख उत्तर पुस्तिकाएं देखने के लिए 1.25 लाख से ज्यादा विद्यार्थियों ने आवेदन किये। तब से, कॉपियां देखने के लिए समयसीमा बार-बार बढ़ाने के बाद अंततः 25 मई को खत्म हुई। सीबीएसई ने अभी तक पुनर्मूल्यांकन की योजना सार्वजनिक नहीं की है। अनुमान है कि इस बार कहीं अधिक पुनर्मूल्यांकन होंगे। शिक्षा मंत्री ने कहा है कि समस्या दूर करने में एकाधिक आईआईटी की मदद ली जा रही है। दांव पर सीबीएसई की साख भर ही नहीं, बल्कि लाखों विद्यार्थियों का भविष्य भी है। सीबीएसई के सामने फौरी कार्यभार यह है कि वह ऐसा पुनर्मूल्यांकन कराए, जो विद्यार्थियों के लिए तसल्लीबख्श हो। दीर्घकालिक कार्यभार यह होगा कि वह इस शर्मनाक गड़बड़ी के मूल कारणों पर ईमानदारी से ध्यान दे और समाधानों को लागू करे।*



कुश्ती संघ नियमन

**कोर्ट का निर्णय भविष्य में खेल महासंघों को खिलाड़ियों के प्रति अन्याय करने से रोकेगा**

## नजीर बनेगा अदालत का यह फैसला

डा प्रदीप शर्मा स्नेही

एशियाई खेलों के लिए कुश्ती दल के चयन ट्रायल में महिला पहलवान विनेश फोगाट को अयोग्य ठहराने के मनमाने निर्णय पर उच्च न्यायालय ने भारतीय कुश्ती संघ को कड़ी फटकार लगाई है। न्यायालय ने अपनी अहम टिप्पणी में कहा कि हमारे देश में मातृत्व का सम्मान किया जाता है। लेकिन भारतीय कुश्ती संघ ने तो विनेश फोगाट के मामले में अपने पुराने मानदंडों को ही बदल दिया (संभवतः व्यक्तिगत विद्वेष के चलते)। बता दें कि विनेश फोगाट ने अपनी खेल प्रतिभा से ? अनेक अवसरों पर भारतीयों का सिर ऊंचा किया है। हाईकोर्ट ने अपने इस ऐतिहासिक निर्णय से न केवल देश की इस महान खिलाड़ी के साथ हुए अन्याय का उचित संज्ञान लिया अपितु मातृत्व का सम्मान किया है और भारतीय कुश्ती संघ की स्वेच्छाचारिता पर अंकुश लगाया है। इस निर्णय के चलते भविष्य में अन्य खेल महासंघों को भी खिलाड़ियों के प्रति अन्याय करने से रोकेगा।

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि डब्ल्यूएफआइ की नीति में ऐसे खिलाड़ियों के लिए कोई गुंजाइश नहीं है, जिन्होंने मातृत्व अवकाश के कारण खेल से ब्रेक लिया हो। कोर्ट ने यह भी माना कि विनेश को जारी कारण बताओ नोटिस के आधार पूर्वनियोजित प्रतीत होते हैं और पुराने मुद्दों को दोबारा उठाने जैसे हैं। इसलिए खेल और न्याय के हित में उनका ट्रायल में शामिल होना जरूरी है। हाईकोर्ट की पीठ विनेश फोगाट की उस अपील पर सुनवाई कर रही थी जिसमें उन्होंने एकल न्यायाधीश की पीठ के उस आदेश को चुनौती दी थी जिसमें डब्ल्यूएफआइ द्वारा 'अयोग्य' घोषित किए जाने के बाद इस वर्ष के एशियाई खेलों के लिए 30-31 मई को होने वाले चयन ट्रायल्स में उनकी भागीदारी के मुद्दे पर उन्हें तत्काल राहत देने से इनकार कर दिया गया था। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पहलवान फोगाट को अगस्त 2024 में भी सुबह वजन करने के दौरान 100 ग्राम ज्यादा वजन होने के कारण 50 किलोग्राम वर्ग के पेरिस ओलंपिक फाइनल से अयोग्य घोषित कर दिया गया था।

हाईकोर्ट ने रेसलिंग फेडरेशन ऑफ़ इंडिया को फटकार भी लगाई है. अदालत ने सवाल किया कि जब खिलाडियों को पहले से ऐसी छूट मिल रही है तो फिर अब ऐसा व्यवहार क्यों किया जा रहा है? विनेश ने कोर्ट से 30 और 31 मई को एशियन गेम्स के लिए होने वाले ट्रायल में भाग लेने के लिए अनुमति की याचिका लगाई थी. कोर्ट ने कहा कि भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) की चयन नीति भेदभावपूर्ण और बहिष्करणकारी है, क्योंकि इसमें मातृत्व अवकाश के बाद वापसी करने वाली प्रतिष्ठित खिलाड़ियों के लिए कोई विशेष विवेकाधिकार नहीं रखा गया।



उल्लेखनीय है कि विनेश देश के लिए महिला कुश्ती के अंतर्राष्ट्रीय मुकाबलों में सर्वाधिक पदक विजेता और ओलंपिक फ़ाइनल तक पहुंचने वाली देश की एकमात्र महिला पहलवान हैं। विनेश मां बनने के बाद कुश्ती में वापसी करना चाहती थी लेकिन उसे कुश्ती संघ के नियमों के नाम पर राष्ट्रमंडलीय व एशियाई खेलों के ट्रायल में भाग लेने से रोक दिया गया था। हालांकि कई देशों में मां बनने के बाद खेलों में लौटने की इच्छुक महिला खिलाड़ियों के लिए नियमों में छूट दी गई है और उन्होंने पदक जीतकर इसे सही सिद्ध किया। लेकिन हमारे यहाँ विनेश की वापसी का रास्ता बंद कर दिया गया था। विनेश के साथ-साथ देश के लाखों कुश्ती प्रेमियों के लिए यह निराशा की बात थी।

विनेश की अद्वितीय खेल उपलब्धियां भारतीय कुश्ती के लिए गर्व की बात है। विनेश ने साल 2013 में एशियाई चैंपियनशिप से पदक जीतने का सिलसिला शुरू किया। इसके साथ ही जुझारू खिलाड़ी विनेश 2022 की विश्व चैम्पियनशिप और राष्ट्रमंडल खेलों तक लगातार दस वर्षों में विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेते हुए सर्वाधिक पदक ( 10 स्वर्ण पदकों सहित कुल 22 पदक) जीतने में सफल रहीं। महिला पहलवान विनेश विश्व चैंपियनशिप में दो पदक, एशियाई खेलों में एक स्वर्ण सहित दो पदक और राष्ट्रमंडलीय खेलों में लगातार तीन स्वर्ण पदक जीतने वाली देश की एकमात्र महिला पहलवान हैं। एशियाई चैंपियनशिप में एक स्वर्ण , तीन रजत और चार कांस्य पदकों के साथ आठ पदक जीतने वाली देश की एकमात्र पहलवान विनेश ने भारतीय कुश्ती का परचम विश्व स्तर पर फहराने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उसके दमख़म और कुश्ती के प्रति अद्भुत समर्पण के विश्व भर के खेल विशेषज्ञ और खेलप्रेमी क़ायल रहे हैं। अपनी खेल प्रतिभा और उपलब्धियों के कारण विनेश को अर्जुन पुरस्कार (2016), पद्मश्री (2018) और मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार ( 2020) व लॉरियस स्पोर्ट्स वर्ल्ड अवार्ड से नवाजा जा चुका है। 2022 और 2024 में उन्हें बीबीसी इंडियन स्पोर्ट्स वीमेन घोषित किया गया।

विनेश ने तीन ओलंपिक खेलों में महिला कुश्ती में देश का प्रतिनिधित्व किया। साल 2024 के पेरिस ओलंपिक खेलों में पचास किलो भार वर्ग में वह फ़ाइनल तक पहुंची। फ़ाइनल मुकाबले से पूर्व जांच में कुछ अधिक वज़न पाए जाने पर उसे अयोग्य ठहरा दिया गया। उस निराशा के चलते विनेश ने संन्यास की घोषणा कर दी थी।

हरियाणा के विधानसभा चुनावों में विधायक चुने जाने और मातृत्व ग्रहण करने के बाद एक बार फिर विनेश ने कुश्ती की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने की ठानी। वह एक बार पुनः देश के लिए पदक जीतने की लालसा लिए हुए एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों के ट्रायल में भाग लेने पहुंची थी लेकिन नियमों के नाम पर उसे भाग लेने से वंचित कर पुनः निराशा में धकेल दिया गया। विडंबना यह रही कि इस बार ओलंपिक समिति ने नहीं अपितु अपने ही देश के कुश्ती संघ ने उसके साथ न्याय नहीं किया था। कथित तौर पर ट्रायल का अवसर न दिये जाने के लिए नियम बदले जाने सहित सारी व्यूह रचना की गयी थी। शायद विनेश द्वारा गत वर्षों में महिला पहलवानों की न्याय संगत मांगों के लिए किए गए संघर्ष की यह परिणति थी।

विनेश को वापसी का मौक़ा न देने का मनमाना निर्णय देश को एक उत्कृष्ट महिला पहलवान की सेवाओं से भी वंचित करने की दिशा में था। खेल भावना के विपरीत था। यह महिला कुश्ती का अहित करने की दिशा में एक कदम था।

आखिरकार, उच्च न्यायालय ने इस मामले में देश की श्रेष्ठ महिला पहलवान को ट्रायल का अवसर प्रदान किये जाने का निर्णय देकर उसे निराशा में डूबने से बचा लिया है। ट्रायल का परिणाम जो भी हो पर करोड़ों खेल प्रेमियों के चेहरों पर खुशी का भाव है। भारतीय खेल संघों और उसके मठाधीशों को न्यायालय के निर्णय से सबक लेना चाहिए।

खुला मंच

## लीजिए, मैंने बना ली अपनी गजेपी

अशोक गौतम

मैं उन गधों में से नहीं हूं जो गधा होने के बाद भी यह नहीं स्वीकारते कि वे गधे हैं। बेकार के इंटेलिजेंट बन सभी को परेशान किए रहते हैं । लेकिन मैं खुले मन से स्वीकरता हूं कि मैं गधा हूं। हां! पर उतना गधा नहीं, जितना अक्सर लोग मुझे समझने की गलती कर बैठते हैं। मैं जो हूं, जितना हूं उसे मजे से स्वीकार कर बहुत से नकली अहों के टकराव से बच जाता हूं। और वही हुआ, जिसका मुझे पूरा पूरा यकीन था। कार वाले तो कार वाले, साइकिल वाले भी हाय पेट्रोल! हाय डीजल! करते सड़कों पर उतरे और मैं शान से निकला गधे पर। देशभक्ति दर्शाने को वे साइकिल पर चले तो उनके अंगरक्षक और उनको लाइव कवर करने वाले गाड़ियों में। वे देशहित में पेट्रोल बचा रहे थे और गाड़ियों में अमला उनके आगे पीछे चलते जनता को पेट्रोल की बचत लाइव दिखा रहा था ।

लंच में कल आराम फरमाते, ऑफिस के लॉन की विदेशी घास खाते मेरे गधे ने मुझे एडवाइस देते कहा, 'गुरु! लगता है, वर्चुअल पार्टियों का दौर आ गया। देखो तो, देशहित में सोशल मीडिया पर वर्चुअल कॉकरोच जनता पार्टी तबाही मचाए है। दो दिन में ही कॉकरोच जनता पार्टी के एक्स अकाउंट के बाद उसकी वेबसाइट भी बंद कर दी गई है। इन दिनों पॉपुलैरिटी पाने का इससे बेहतर दूसरा कोई आइडिया नहीं गुरु! वर्ना धरातलीय राजनीति में तो पॉपुलैरिटी पाने के लिए 'गधों' तक के श्री चरणों में नाक रगड़ रगड़ कर लहूलुहान करनी पड़ती हैं। देखो तो, उसको चुनौती देने के लिए कोजेपी का अभ्युदय हो चुका है। ऐसे में मन करता है कि बहती गंगा में लोटते क्यों न हम भी वर्चुअल गजेपी बना लें।'

'देखो गधे जी! आइडिया तो अच्छा है, पर अपने यहां न तो वर्चुअल पार्टी कोई मायने रखती है, न वर्चुअल राजनीति। राजनीतिक पार्टी और राजनेता वही जो बाहें चढ़ा चढ़ा कर गिरते मंच से एक दूसरे को सरेआम ललकारें। जब तक किसी चौराहे पर एक पार्टी के कार्यकर्ता दूसरी पार्टी के कार्यकर्ताओं से लाइव न भिड़ें, तब तक अपुन को राजनीति में मजा ही नहीं आता। फिर भी हमारा घोषणा पत्र क्या होगा? '

'होगा क्या! हमारा गधों के अधिकारों पर आधारित घोषणा पत्र होगा। हमारे घोषणापत्र में तमाम पंजीकृत अपंजीकृत गधों को उनके मौलिक अधिकार देने की बात ठाके बजा कर की जाएगी। कुत्ते, सूअर, गिरगिट, रंगे सियारों को मारना ही गजेपी का उद्देश्य होगा।' बंधुओ! क्या राय है आपकी गधा जनता पार्टी के वर्चुअल गठन को लेकर। राजनीतिक पार्टियों के कुकरमुत्तों के दौर में वैसे मेरे गधे का आइडिया इतना भी बुरा नहीं है। आने वाले दिनों में मुझे तो इस पार्टी का भविष्य ब्राइट नहीं, बहुत ब्राइट लग रहा है। इसलिए नहीं कह रहा हूं कि इस पार्टी का फाउंडर मैं हूं।

जनजातीय गरिमा उत्सव

**आदिवासी समुदायों द्वारा संरक्षित समृद्ध औषधीय ज्ञान के दस्तावेजीकरण और संरक्षण में मदद कर सकती है आधुनिक तकनीक**

## जनजातीय विकास में हो सकती है एआई की अहम भूमिका

रंजना चोपड़ा

हमारे देश भर में फैले जंगलों, पहाड़ियों और दूरदराज की बस्तियों में, एक शांत लेकिन सफल परिवर्तन चल रहा है। जनजातीय समुदाय लंबे समय से भारत की विकास गाथा के केंद्र में अपने उचित स्थान का इंतजार कर रहे थे। आज वे राष्ट्र की प्रगति के सक्रिय वास्तुकार के रूप में उभर रहे हैं। जनजातीय गरिमा उत्सव की यही भावना है: विकसित भारत की यात्रा का एक राष्ट्रीय उत्सव, जहां प्रत्येक नागरिक का समान रूप से अधिकार है।

यह समझने के लिए कि प्रौद्योगिकी जनजातीय विकास के लिए अपरिहार्य क्यों हो गई है, पहले चुनौती की व्यापकता को समझना चाहिए। प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम-जनमन), धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डीएजेजीयूए), राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन और संबंधित पहलों में 549 जिलों और 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 2,911 ब्लॉकों के 63,000 से अधिक गांवों को शामिल किया गया है, जिससे 5.5 करोड़ से अधिक आदिवासी नागरिक लाभान्वित हुए हैं। विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) पर विशेष ध्यान देने के साथ, इन प्रयासों का उद्देश्य आवास, पेयजल, स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, कनेक्टिविटी और आजीविका जैसी आवश्यक सेवाओं का सम्पूर्ण कवरेज सुनिश्चित करना है।

इस वर्ष जनजातीय गरिमा उत्सव का आयोजन लगभग चार विषयगत सप्ताह के आसपास किया जा रहा है, जो एक साथ जनजातीय विकास के पूर्ण आयाम को दर्शाते हैं। उद्घाटन का विषय, 'विकास के एक वाहक के रूप में प्रौद्योगिकी ', इस बात को दर्शाता है कि कैसे डिजिटल सिस्टम, विज्ञान और नवाचार भारत के कुछ दूरस्थ समुदायों तक शासन और अवसर का विस्तार करने में मदद कर रहे हैं। इस दृष्टिकोण के केंद्र में एक सरल सिद्धांत निहित है: जनजातीय भाषाओं, संस्कृतियों, विरासत और पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों का पर्याप्त सम्मान करते हुए विकास को अंतिम दूरी तक पहुंचना चाहिए।

**प्रौद्योगिकी द्वारा जनजातीय गरिमा को बढ़ावा** : उद्देश्य के साथ निर्देशित होने पर प्रौद्योगिकी क्या हासिल कर सकती है, इसका सबसे ज्वलंत उदाहरण बिरसा 101 यानी सिकल सेल रोग के लिए भारत की पहली स्वदेशी सीआरआईएसपीआर-आधारित जीन थेरेपी है। सिकल सेल रोग लंबे समय से जनजातीय आबादी के लिए स्वास्थ्य की एक



बड़ी चुनौती पेश कर रहा है । जनजातीय कार्य मंत्रालय ने वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर), सीएसआईआर-इंस्टीट्यूट ऑफ जीनोमिक्स एंड इंटीग्रेटिव बायोलॉजी (आईजीआईबी) और सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से अनुसंधान, नैदानिक परीक्षण इंफ्रास्ट्रक्चर और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण का समर्थन करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की है।

साझा लक्ष्य स्पष्ट है: एक किफायती, एकमुश्त उपचारात्मक उपचार विकसित करना जो जरूरतमंद हर आदिवासी परिवार तक पहुंच सके। यह एक घोषणा है कि भारत का सबसे उन्नत विज्ञान अपने सबसे पात्र समुदायों की सेवा करेगा।

यह दृढ़ विश्वास एक पहल से कहीं अधिक गहरा है। ट्रेडिशनल नॉलेज डिजिटल लाइब्रेरी (टीकेडीएल) और आयुर्जेनोमिक्स जैसे प्रयास दर्शाते हैं कि कैसे आधुनिक तकनीक आदिवासी समुदायों द्वारा लंबे समय से संरक्षित समृद्ध औषधीय और पारिस्थितिक ज्ञान के दस्तावेजीकरण, मान्यीकरण और संरक्षण में मदद कर सकती है।

समावेशन की यही भावना इस बात को आकार दे रही है कि कैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता को जनजातीय विकास के साथ जोड़ा जा रहा है। इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में, मंत्रालय ने एक सरल लेकिन दृढ विश्वास पर आधारित एआई-सक्षम प्लेटफार्मों की श्रृंखला प्रस्तुत की। आदि वाणी, जनजातीय भाषाओं के लिए एआई-संचालित अनुवादक, टेक्स्ट-टू-टेक्स्ट और टेक्स्ट-टू-स्पीच अनुवाद, ओसीआर और आदिवासी भाषाओं में सरकारी योजना की जानकारी के वितरण का समर्थन करता है, जिससे नागरिकों को घर पर बोलने वाली भाषा में सार्वजनिक सेवाओं से जुड़ने में सक्षम बनाया जाता है। ट्राइबॉट एक बहुभाषी संवादी एआई सहायक है, जो दूरदराज के क्षेत्रों में नागरिकों को तत्क्षण मार्गदर्शन और शिकायत निपटारे में सहायता प्रदान करके इस प्रयास को और मजबूत करता है।

आगामी ट्राइबएक्स प्लेटफॉर्म का उद्देश्य जनजातीय कलाओं, भाषाओं, पारंपरिक ज्ञान, संगीत, शिल्प और सांस्कृतिक अनुभवों को बढ़ावा देने के लिए एक डिजिटल इकोसिस्टम बनाना है। पायलट आधार पर पांच राज्यों के जनजातीय अनुसंधान संस्थानों में इनोवेशन हब की योजना बनाई गई है, जो नवाचार के नेतृत्व वाले आदिवासी उद्यमियों और स्टार्टअप के लिए डिजाइन और उत्पाद विकास सहायता, जीआईएस-आधारित योजना डैशबोर्ड और इनक्यूबेशन इंफ्रास्ट्रक्चर को जोड़कर और आगे बढ़ेंगे। प्रौद्योगिकी जनजातीय समुदायों तक शासन के तरीके को समान रूप से बदल रही है।

इस तरह की डेटा-संचालित प्रणालियां यह सुनिश्चित करने में मदद करती हैं कि प्रत्येक पात्र परिवार की पहचान की जाए और उसे आवश्यक सेवाओं से जोड़ा जाए। साथ में, ये पहल आदिवासी नागरिकों के लिए शासन को अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी और सुलभ बना रही हैं।

**जनजातीय समुदाय: विकसित भारत के वाहक** : एक क्षण ऐसा होता है, जो उस सार को पकड़ लेता है, जिसके लिए हम काम कर रहे होते हैं। यह किसी नीतिगत दस्तावेज या मंत्रिस्तरीय समीक्षा में नहीं पाया जाता है। यह तब पाया जाता है जब दूरदराज की बस्ती की एक आदिवासी महिला, तकनीक से, भाषा से सशक्त होती है और उसे इस बात का अहसास होता हो कि उसकी बात को राष्ट्र सुन रहा है। ऐसे में वह अपनी शर्तों पर सरकारी सेवाओं से जुड़ती है और पूरी गरिमा के साथ जवाब प्राप्त करती है। वह क्षण किसी यात्रा का अंत नहीं है। यह भारत की राष्ट्रीय गाथा में एक नए अध्याय की शुरुआत है।

जनजातीय गरिमा उत्सव इस संदेश को गर्व के साथ ले जाता है।जैसे-जैसे प्रौद्योगिकी दूरियों को पाटती है, जैसे-जैसे विज्ञान उपचार प्रदान करता है, जैसा कि एआई जंगलों और पहाड़ियों की भाषाओं में बोलता है, और जैसे-जैसे शासन सबसे दूर के गांव के अंतिम परिवार तक पहुंचता है, हम हर दिन भारत के करीब आते हैं जो न केवल व्यापकता के रूप में विकसित है, बल्कि अपनी मानवता में परिपूर्ण है। यह वह विकसित भारत है जिसे हम माननीय प्रधानमंत्री के विजन से प्रेरित होकर एक साथ मिलकर निर्मित कर रहे हैं।

**( लेखिका भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय की सचिव हैं )**

जीवन दर्शन

## बदले की भावना छोड़कर माफ करना सीखें

बदला लेने की इच्छा शुरुआत में ताकत जैसी लगती है, लेकिन धीरे-धीरे वही भावना हमारे भीतर अंधेरा भर देती है। किसी को तकलीफ देकर शायद कुछ पल का संतोष मिल जाए, लेकिन उससे मन हल्का नहीं होता। कड़वाहट को दिल में संभालकर रखना ऐसा है, जैसे कोई व्यक्ति स्वयं जहर पी ले और यह उम्मीद करे कि उसका असर किसी और पर होगा। वास्तव में नफरत, गुस्सा और बदले की भावना सबसे पहले हमें ही भीतर से कमजोर और खोखला कर देती है। जब हम किसी के व्यवहार से आहत होते हैं, तो अक्सर अपने मन में बार-बार उन्हीं बातों को दोहराते रहते हैं। हम चाहते हैं कि सामने वाला अपनी गलती माने, हमसे माफी मांगे। मगर हर बार ऐसा होना जरूरी नहीं है। कई लोग कभी नहीं समझते कि उन्होंने किसी को कितना दुख पहुंचाया है, और कई लोग समझकर भी स्वीकार नहीं करते। अगर हमारी मानसिक शांति किसी और की समझदारी या स्वीकार करने पर निर्भर होगी, तो हम कभी सच्चे सुकून के साथ जी नहीं पाएंगे।

अगर कोई ऐसा व्यक्ति है, जिससे आप सच में प्यार करते हैं, जिसकी मौजूदगी आपके जीवन में मायने रखती है, तो उससे अपने दिल की बातें कहिए। कई बार एक सच्ची बातचीत रिश्तों को और



गहरा बना देती है। अगर ऐसा न भी हो, तो कम से कम आपको यह स्पष्ट हो जाता है कि कौन आपके जीवन में रहने के योग्य है और कौन नहीं।

हर रिश्ता हमेशा साथ चलने के लिए नहीं बना होता। कुछ लोग हमारे जीवन में हमें सिर्फ सीख देने आते हैं। हम अक्सर गुस्से में किसी से बदला लेना चाहते हैं। बदला लेने की इच्छा शुरुआत में वैसे तो ताकत जैसी लगती है, लेकिन धीरे-धीरे वही भावना हमारे भीतर अंधेरा भर देती है। किसी को तकलीफ देकर या उसकी गलती साबित करके शायद कुछ पल का संतोष भले मिल जाए, लेकिन उससे मन हल्का नहीं होता। असली आजादी तब मिलती है, जब हम यह तय करते हैं कि अब हम किसी और के व्यवहार को अपनी मानसिक शांति पर हावी नहीं होने देंगे। माफ करने का मतलब यह नहीं होता कि आपने सामने वाले की गलती को सही मान लिया। इसका मतलब सिर्फ इतना होता है कि अब आप उस दर्द को अपने भीतर और जगह नहीं देना चाहते, क्योंकि जब तक हम अपने दुख से चिपके रहते हैं, तब तक वह हमारे दिमाग और दिल में जगह घेरकर बैठा रहता है। वह हमारी खुशी, हमारी ऊर्जा और हमारी वर्तमान जिंदगी को प्रभावित करता रहता है।

माफी देना दरअसल खुद को उस कैद से आजाद करना है, जिसमें हम अनजाने में बंद हो चुके होते हैं। जो लोग हमें समझ नहीं पाए, उन्हें समझाने में पूरी जिंदगी लगा देना बुद्धिमानी नहीं है। अपनी शांति को चुनना, अपने दिल को हल्का रखना और बीते हुए दर्द को छोड़ देना ही असली ताकत है, क्योंकि अंत में सुकून उसी इन्सान को मिलता है, जिसने छोड़ना सीख लिया हो। कड़वाहट, गुस्सा और बदले की भावना हमें भीतर से कमजोर करती हैं, जबकि माफ करना और आगे बढ़ जाना हमें मानसिक शांति देता है। हर व्यक्ति हमारी भावनाओं को समझे, यह जरूरी नहीं, लेकिन अपनी खुशी और सुकून को किसी और के व्यवहार पर निर्भर कर देना सबसे बड़ी गलती है। जीवन सुंदर बनता है, जब हम बीते हुए दर्द को छोड़कर शांति चुनते हैं।

**जेन सिन्सेरो**

॥ गीता ज्ञान ॥



**श्लोक**

**न चोरहार्य न राजहार्य न भ्रतृभाज्यं न च भारकारि ।**
**व्यये कृते वर्धति एव नित्यं विद्याधनं सर्वधनप्रधानम् ॥**

**भावार्थ**

अर्थ- न चोर चुरा सकता है, न राजा छीन सकता है, न इसका भाइयों के बीच बंटवारा होता है, और न हीं सम्भालना कोई भार है। इसलिए खर्च करने से बढ़ने वाला विद्या रूपी धन, सभी धनों से श्रेष्ठ है ।

# द्वितीय बोर्ड परीक्षा की कॉपियां पहुंची रीवा, मूल्यांकन आज से

## जून के प्रथम सप्ताह में जारी हो सकता है परिणाम

**जागरण,रीवा।** एमपी बोर्ड परीक्षा द्वितीय बोर्ड परीक्षा 26 मई को समाप्त हो गई। रिजल्ट के लिए विद्यार्थियों का इंतजार जल्द खत्म हो सकता है। शिक्षा विभाग की तैयारियों के मुताबिक जून के प्रथम सप्ताह में परीक्षा परिणाम घोषित किए जाने की संभावना है। जानकारी के अनुसार द्वितीय परीक्षा का अंतिम पेपर 26 मई को आयोजित किया गया था और 27 मई यानी बुधवार को मूल्यांकन के लिए देर रात कॉपियां भी रीवा पहुंच गईं। बताया गया कि जबलपुर से कॉपियां भेजी गई हैं, देरी के चलते देर रात हो गई। अब कॉपियों का मूल्यांकन आज से किया जाएगा। मूल्यांकन और रिजल्ट तैयार करने की प्रक्रिया तेजी से पूरी की जाएगी। शिक्षा विभाग का कहना है कि द्वितीय परीक्षा खत्म के बाद अब परिणाम जारी करने की प्रक्रिया में तेजी लाई जा रही है, ताकि छात्रों का अगला शैक्षणिक सत्र प्रभावित न हो। इसके लिए एक सैकड़ा से अधिक शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है, जो मार्तंड क्रमांक 1 में मूल्यांकन कार्य करेंगे।

### मार्कशीट का हो रहा वितरण

इधर प्रथम चरण की परीक्षाओं की मार्कशीट स्कूलों में पहुंच चुकी हैं। शिक्षा विभाग ने इनके वितरण भी किया जा रहा है। छात्र अपनी मार्कशीट प्राप्त कर रहे हैं जिसमें उनको पने परीक्षा परिणाम और अंक की स्थिति स्पष्ट रूप से देखने मिल रहा है। वहीं जिन विद्यार्थियों ने द्वितीय परीक्षा दी है, उनकी नजर अब जून के पहले सप्ताह में आने वाले रिजल्ट पर टिकी हुई है।

# आत्मरक्षा के महत्वपूर्ण गुर सीख रहे हैं खिलाड़ी

## ताइक्कांडो का ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर

**रीवा।** विंध्य ताइक्कांडो एसोसिएशन द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन ताइक्कांडो आत्मरक्षा खेल प्रशिक्षण शिविर में शहर के विभिन्न स्थानों पर बालक एवं बालिकाओं को ताइक्कांडो, आत्मरक्षा, अनुशासन एवं शारीरिक फिटनेस का विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। बड़ी संख्या में खिलाड़ी इस प्रशिक्षण शिविर में शामिल होकर आत्मविश्वास, मानसिक मजबूती एवं आत्मरक्षा के महत्वपूर्ण गुर सीख रहे हैं।

एसोसिएशन के सचिव राजू वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि भीषण गर्मी के बावजूद खिलाड़ी पूरे उत्साह, अनुशासन और समर्पण के साथ नियमित रूप से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ताइक्कांडो केवल एक खेल नहीं बल्कि आत्मरक्षा, आत्मविश्वास, संयम और व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम है। शिविर में खिलाड़ियों को शारीरिक व्यायाम, फिटनेस, स्टैमिना, आत्मरक्षा तकनीक एवं मानसिक एकाग्रता का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत बीएनपी मेमोरियल स्कूल, जेल मार्ग में प्रतिदिन शाम 5:30 बजे से 7:00 बजे तक आंचल साहू एवं शिवा बंसल द्वारा खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वहीं तानसेन कॉम्प्लेक्स में प्रातः 6:00 बजे से 7:00 बजे तक सुनील कोरी खिलाड़ियों को प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। इसी प्रकार सावी मदर स्कूल, आजाद नगर में शाम 6:00 बजे से 7:00 बजे तक अजय कुमार शर्मा द्वारा प्रशिक्षण संचालित किया जा रहा है। जबकि विश्वेश्वरैया खेल परिसर में प्रतिदिन प्रातः 6:00 बजे से 7:00 बजे तक पवन किशोर माझी खिलाड़ियों को आत्मरक्षा, अनुशासन एवं ताइक्कांडो की तकनीकों का प्रशिक्षण दे रहे हैं।



विंध्य ताइक्कांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह मंगू ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गर्मियों की छुट्टियों का सदुपयोग करते हुए बच्चों एवं युवाओं को खेल और आत्मरक्षा गतिविधियों से जुड़ना चाहिए। इससे उनका शारीरिक एवं मानसिक विकास होने के साथ-साथ आत्मविश्वास और अनुशासन की भावना भी विकसित होती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्रत्येक बालक एवं बालिका के लिए अत्यंत आवश्यक हो गया है। प्रशिक्षण शिविर का सफल संचालन विंध्य ताइक्कांडो एसोसिएशन के उपाध्यक्ष राजमणि तिवारी की देखरेख में किया जा रहा है। शिविर में खिलाड़ियों को ताइक्कांडो की विभिन्न तकनीकों के साथ-साथ सम्मान, अनुशासन, टीम भावना एवं सकारात्मक सोच का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे वे भविष्य में बेहतर खिलाड़ी एवं जिम्मेदार नागरिक बन सकें।

# महर्षि वाल्मीकि प्रोत्साहन योजना से उच्च शिक्षा के लिए मिल रही प्रोत्साहन राशि

**जागरण, रीवा।** अनुसूचित जाति वर्ग के कक्षा 12वीं पास विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा संस्थानों में प्रवेश लेने पर महर्षि वाल्मीकि प्रोत्साहन योजना से राशि दी जाती है। विभिन्न राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी प्रवेश परीक्षाओं से देश के बड़े शिक्षण संस्थानों में प्रवेश लेने पर इसका लाभ मिलता है। अनुसूचित जाति के मध्यप्रदेश के मूल निवासी परिवारों के विद्यार्थी इसके लिए पात्र हैं। योजना का लाभ लेने के लिए परिवार की वार्षिक आय आठ लाख रुपए से अधिक नहीं होना चाहिए। आईआईटी, एम्स, एमबीबीएस, बीडीएस में प्रवेश लेने पर 50 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। नेशनल डिफेंस एकेडमी की प्रवेश परीक्षा में सफल होकर प्रशिक्षण में शामिल होने पर 50 हजार रुपए तथा क्लैट के माध्यम से एनएलआईयू में प्रवेश लेने पर भी 50 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। जेईई के माध्यम से एनआईटी में प्रवेश लेने पर 25 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। योजना का लाभ उठाने के लिए पात्र विद्यार्थी जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग से संपर्क कर सकते हैं। विभाग की वेबसाइट एससी डेवलपमेंट एमपी डॉट एनआईसी डॉट इन पर भी योजना से जुड़ी जानकारी और आवेदन पत्र उपलब्ध हैं।

# श्रमोदय मॉडल आईटीआई में प्रवेश के लिये आवेदन आमंत्रित

**जागरण,रीवा।** म.प्र. भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के पंजीकृत हितग्राहियों के आश्रितों के लिए संचालित श्रमोदय मॉडल आईटीआई मुगालिया छाप, नीलबड़, भोपाल में सत्र 2026-27 के लिये प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। संस्थान में विद्यार्थियों को निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण (हॉस्टल सुविधा सहित) प्रदान किया जायेगा। संस्थान में विभिन्न तकनीकी एवं रोजगारपरक ट्रेडों में एक वर्षीय ट्रेडों में वेल्डर, आईओटी टेक्नीशियन (स्मार्ट सिटी) फैशन डिजाइन एण्ड टेक्नोलॉजी तथा इंटीरियर डिजाइन एण्ड डेकोरेशन का प्रशिक्षण दिया जायेगा। दो वर्षीय ट्रेडों में इलेक्ट्रीशियन, सिविल इंजीनियरिंग असिस्टेंट, टेक्नीशियन मेकाट्रानिक्स तथा एडवांस सीएनसी मशीनिंग टेक्नीशियन संचालित किए जा रहे हैं। श्रमपदाधिकारी ने बताया कि प्रवेश हेतु न्यूनतम योग्यता 10वीं उत्तीर्ण निर्धारित की गई है ताकि वेल्डर ट्रेड हेतु 8वीं उत्तीर्ण अभ्यर्थी भी पात्र होंगे। आवेदन के लिए आवश्यक दस्तावेजों में 10वीं/8वीं की अंकसूची, आधार कार्ड, समग्र आईडी, मूल निवासी प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आयु प्रमाण पत्र, नवीन पासपोर्ट आकार फोटो तथा संलग्नीकरण प्रमाण पत्र की मूल प्रति आवश्यक होगी। संस्थान में प्रवेश हेतु आवेदन अथवा उसके माता-पिता का म.प्र. भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के पोर्टल पर पंजीयन होना अनिवार्य है। इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन एमपीआईटीआई काउसिलिंग डाट कम डाट इन के माध्यम से कर सकते हैं।

**पंजीकृत हितग्राहियों के आश्रितों हेतु निःशुल्क आवासी प्रशिक्षण की सुविधा**

# घर बैठे नौकरी... साइबर ठगों के निशाने पर बेरोजगार

**जागरण,रीवा।** साइबर ठग कॉलेज स्टूडेंट और गृहणियों को निशाना बना रहे हैं। वह ऐसी रील्स सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हैं, जिसमें ऑनलाइन वर्क फ्राम होम के जरिए पैसा कमाने का झांसा दिया जाता है। जल्द अमीर बनने के रास्ते बताए जाते हैं। हाल ही में शहरी क्षेत्र के एक युवक को पेंसिल कम्पनी के नाम पर वर्क फ्राम होम का साइबर ठगों ने झांसा दिया और उससे रकम की मांग की गई, हालांकि रुपयों न होने के चलते युवक ने उन्हें रूपए नहीं दिए और बाद में उसे ठगे जाने का एहसास हुआ। आरोपी आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के जरिए वाइस का उपयोग कर विभिन्न तरह के रील्स बना रहे है। इनमें जो एनीमेशन और ग्राफिक्स का उपयोग होता है वे भी एआई जनरेटेड होते है। यह इसलिए ताकि यदि आरोपी पकड़े जाए, तो उनकी वास्तविक आवाज इससे मैच न हो सके।

**रील्स में बताए जाते हैं लुभावने फायदे**

**बायो में होता है लिंक या नम्बर :** आरोपी वर्क फ्रॉम होम में कम समय में अधिक से अधिक रुपए कमाने का झांसा देते हैं। वे रील्स के बायो या कैप्शन में अपना नम्बर और लिंक भी भेजते हैं। ताकि लोग उनसे सम्पर्क करें। बायो और कैप्शन में यह बात भी स्पष्ट होती है कि उन्हें सोशल नेटवर्किंग साइट पर ही सम्पर्क किया जाए। जिसके बाद आरोपी यूजर से धीरे-धीरे रकम लेना शुरू करते हैं। जब यूजर रुपए देना बंद कर देता है, तो वे उसे ब्लॉक कर देते हैं।

**घरों में बिजली का व्यवसायिक उपयोग बढ़ा, कम लोड से परेशान हो रहे उपभोक्ता**

# घर में चार्ज हो रहीं स्कूटर, ऑटो व कार, नहीं खुल पाए चार्जिंग स्टेशन

## सड़कों पर बढ़े ई-वाहन, ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने प्रयास नहीं, ई-बसें भी नहीं आ रही



**जागरण,रीवा**

सरकार के ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने से इलेक्ट्रिक वाहन तेजी से सड़कों पर बढ़ गए हैं, लेकिन इसकी तुलना में ई-चार्जिंग स्टेशन अब तक खुल पाए हैं। इससे दोपहिया से लेकर इलेक्ट्रिक ऑटो और कारें घरों में चार्ज हो रही हैं तो इलेक्ट्रिक बसें भी रीवा नहीं पहुंच पा रही हैं। वहीं, घरेलू बिजली को व्यावसायिक उपयोग में खर्च करना पड़ रहा है। इस समय रीवा और मऊगंज जिले में मिलाकर करीब 30 हजार से अधिक ई-स्कूटर, ऑटो और कार सड़कों पर संचालित हो रहे हैं। ये सभी घरेलू बिजली पर आश्रित हैं। नागपुर, भोपाल और इंदौर व जबलपुर समेत अन्य शहरों में इलेक्ट्रिक बसों का संचालन शुरू हो गया है। वहां से बसें यात्रियों को लेकर आए तो उन्हें पुन ई-चार्जिंग के लिए स्टेशन नहीं मिल पाएगा। इससे ये बसें यहां नहीं आ पा रही हैं।

### ननि ने नहीं दिया ध्यान

नगर निगम या फिर कोई निजी एजेंसी अगर ई-चार्जिंग स्टेशन की स्थापना कर दें तो वाहन उद्योग में नई क्रांति आ सकती है। धीरे-धीरे बस मालिक भी ई-बसों की खरीदी में आगे बढ़ेंगे। उनकी हर किमी यात्रा की लागत भी घटेगी। साथ ही यात्रियों को किराया भी सस्ता देना पड़ेगा। मेंटेनेंस की लागत भी कम होगी।

### ईवी पालिसी में भी जगह नहीं

प्रदेश सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए एक ईवी पॉलिसी लागू की है। इसके तहत भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर और उज्जैन जैसे शहरों में हर 20 किलोमीटर पर ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने की बात कही गई है। स्टेशन खोलने के लिए सरकार सब्सिडी देगी और जमीन भी उपलब्ध कराएगी। फिलहाल इस पॉलिसी में बड़े शहर लिए गए हैं। आगे भविष्य में रीवा को भी इसमें शामिल कर सकते हैं।

# सड़क दुर्घटना पीड़ितों को मिलेगा कैशलेस उपचार की सुविधा

**रीवा।** सड़क दुर्घटना पीड़ितों की जान बचाने के लिए तत्परता से उपचार मिलना आवश्यक है। इसके लिए केन्द्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री राहत योजना के तहत सड़क दुर्घटना पीड़ित को डेढ़ लाख रुपए तक की उपचार सहायता निःशुल्क दी जाती है। यह केंद्र सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की एक महत्वाकांयोजना है। इसे फरवरी 2026 में पूरे देश में लागू किया गया है। इस योजना से सड़क दुर्घटना के पीड़ितों को अस्पताल में इलाज के लिए तुरंत पैसे देने की जरूरत नहीं होती। पीड़ित व्यक्ति को डेढ़ लाख तक का कैशलेस इलाज अधिकतम दिनों के लिए मुफ्त मिलता है। यह सभी प्रकार की सड़कों नेशनल हाईवे, स्टेट हाईवे या जिला सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं पर लागू है। योजना के क्रियान्वयन की मानीटरिंग कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा की जाती है। ई डॉर पोर्टल के माध्यम से भी इसकी सतत निगरानी की जा रही है। पोर्टल में पुलिस तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा आवश्यक जानकारियाँ दर्ज की जाती हैं, जिससे पीड़ित को समय पर उपचार सहायता मिल सके।

# विवि में प्रवेश बढ़ाने जारी की गई डाक्यूमेंट्री

## पाठ्यक्रमों सहित सुविधाओं की जानकारी दी जा रही

**जागरण,रीवा।** अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय द्वारा विवि में प्रवेश शुरु हो गए हैं। इस वर्ष पाठ्यक्रमों में प्रवेश बढ़ाने के लिए नवाचार विवि कुलगुरु डॉ.राजेन्द्र कुड़रिया द्वारा किया गया है। उनके द्वारा छात्रों को आसानी से विवि के संबंध में विस्तृत जानकारी देने एक डाक्यूमेंट्री तैयार कराई गई है। जिसमें विवि के विभिन्न पाठ्यक्रमों में छात्रों को मिलने वाली सुविधाओं सहित विवि की सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी गई है। इस डाक्यूमेंट्री को शोसल मीडिया सहित कई बड़े प्लेटफार्मों में शेयर किया गया है ताकि यह आसानी से छात्रो तक पहुंच सके और विवि में मिल रही सुविधाओं और वहां के पाठ्यक्रम सहित उन पाठ्यक्रमों की सुविधाओं की विस्तृत जानकारी छात्रों को प्रवेश लेने के पहले मिल सके। बता दें कि यह प्रयास विवि द्वारा पहली बार किया गया है। ताकि प्रवेश को बढ़ाया जा सके। इसके साथ ही विवि द्वारा शुरू किए गए नए नवीन पाठ्यक्रमों, जिसमें डिग्री सहित डिप्लोमा पाठ्यक्रमों क प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है, ताकि छात्र इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश ले सकें। विवि कुलगुरु की मानें तो इन कोर्सों से छात्रों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए सक्षम और सशक्त बनने में मदद मिलेगी। बताया गया है कि छात्रों के लिए विवि में विशाल पुस्तकालय है, जहां 6 हजार से अधिक पुस्तकें व शोध का भंडार है। डाक्यूमेंट्री के माध्यम से वर्ष 1991 में विवि में स्थापित किए गए विभागीय संग्रहालय की जानकारी भी दी गई है। यह विवि का एक ऐसा संग्रहालय है जहां दुर्लभ जीवाश्म, खुदाई की सामग्री सहित चित्रकला और बौद्ध मंत्र सहित इस्लामिक कलमा व पांडुलिपियां संग्रहित हैं। छात्र जिस किसी भी पाठ्यक्रम में प्रवेश लेना चाहते हैं या फिर विवि के पाठ्यक्रमों के संबंध में जानकारी चाहते हैं तो सोशल मीडिया साइट्स व विवि की साइट्स पर उपलब्ध वीडियो के माध्यम से आसानी से ले सकते हैं। यह वीडियो हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषा में उपलब्ध हैं।

# कमिश्नर रीवा ने कलेक्टर मैहर से शराब दुकान मामले में मांगी उच्च स्तरीय जांच रिपोर्ट

**जागरण, रीवा।** धार्मिक नगरी मैहर में राष्ट्रीय राजमार्ग पर आबकारी अधिनियम के प्रावधानों के विपरीत अवैध शराब की दुकान संचालित किए जाने का मामला सामने आया है। कमिश्नर रीवा संभाग ने इस पर संज्ञान लेते हुए कलेक्टर मैहर को उच्च स्तरीय जांच के निर्देश दिए हैं। कमिश्नर कार्यालय रीवा से कलेक्टर मैहर को भेजे गए पत्र क्रमांक 1030502 के अनुसार बी.के. माला एडवोकेट पुराना अधिवक्ता भवन चेम्बर नम्बर 32 द्वितीय तल जिला रीवा ने शिकायत की है। शिकायत में कहा गया है कि धार्मिक नगरी जिला मैहर में अवैध शराब की बिक्री एवं आबकारी अधिनियम के वणित प्रावधानों के विपरीत राष्ट्रीय राजमार्ग में शराब की अवैध दुकान संचालित की जा रही है। आवेदक ने मामले की उच्च स्तरीय जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है। मैहर को धार्मिक नगरी माना जाता है, जहां शराब बिक्री पर विशेष सतर्कता बरती जाती है। आबकारी अधिनियम के तहत राष्ट्रीय राजमार्ग पर शराब दुकान संचालन प्रतिबंधित है। कमिश्नर रीवा ने सीधे कलेक्टर से जांच कराई है, जो मामले की गंभीरता दर्शाता है। अब कलेक्टर मैहर को पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कर रिपोर्ट कमिश्नर कार्यालय और आवेदक एडवोकेट बी.के. माला को भेजनी होगी। जांच में अगर आरोप सही पाए जाते हैं तो अवैध दुकान पर कार्रवाई और जिम्मेदार अधिकारियों पर भी गाज गिर सकती है।

**धार्मिक नगरी मैहर में नेशनल हाईवे पर अवैध शराब दुकान संचालित होने का मामला**

# अज्ञात वाहन से दुर्घटना होने पर मिलेगी दो लाख तक की सहायता राशि

**रीवा।** अज्ञात वाहन से सड़क दुर्घटना होने पर घायल व्यक्ति तथा मृतक के निकटतम वारिस को सहायता राशि दिए जाने का प्रावधान है। यह प्रावधान केन्द्र सरकार की हिट एण्ड रन मोटरयान दुर्घटना योजना के तहत लागू किए गए हैं। नई व्यवस्था के तहत अब अज्ञात वाहन की चपेट में आकर जान गंवाने वाले व्यक्ति के परिजनों को दी जाने वाली सहायता राशि को बढ़ाकर 2 लाख रुपये कर दिया गया है, जो पहले मात्र 25 हजार रुपये हुआ करती थी। योजना के तहत दुर्घटना में व्यक्ति के गंभीर रूप से घायल होने पर सरकार की ओर से 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। यह पूरी प्रक्रिया एक विशेष सोलेशियम फंड के माध्यम से संचालित होती है। मुआवजा प्राप्त करने की प्रक्रिया को भी अब पहले के मुकाबले काफी सरल बनाया गया है। दुर्घटना के बाद जैसे ही पुलिस में अज्ञात वाहन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज होती है, पीड़ित के निकटतम वारिस संबंधित उप-विभागीय मजिस्ट्रेट या दावा जांच अधिकारी के पास आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र के साथ दावाकर्ता के बैंक खाते की छायाप्रति, अस्पताल में उपचार कराने के बिल, घायल अथवा मृतक की पहचान तथा पता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत करना आवश्यक है। इसके साथ-साथ पुलिस में दर्ज एफआईआर की प्रति, दावा करने वाले की पहचान सुनिश्चित करने के लिए प्रमाण पत्र, मौत की स्थिति में पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं मृत्यु प्रमाण पत्र एवं गंभीर चोट होने पर एमएलसी रिपोर्ट देना आवश्यक होता है।

# भ्रूण लिंग जांच की सूचना देने वाले को मिलेंगे दो लाख रुपए

## मुखबिर प्रोत्साहन योजना के तहत मिलेगी राशि

**जागरण, रीवा।** गर्भस्थ शिशु के लिंग निर्धारण परीक्षण पर पूरी तरह से प्रतिबंध है। शिशु का लिंग निर्धारण परीक्षण करना दण्डनीय अपराध है। भ्रूण लिंग जाँच की सूचना देने वाले को दो लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि मुखबिर पुरस्कार योजना के तहत दी जाएगी। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.यत्नेश त्रिपाठी ने बताया कि भ्रूण लिंग जाँच की सूचना देने वालों का नाम पूरी तरह से गोपनीय रखा जाएगा। उसकी सूचना के आधार पर प्रकरण दर्ज होकर न्यायालय में चालान प्रस्तुत होते ही एक लाख 25 हजार रुपए की राशि प्रदान की जाएगी। इसमें 50 हजार रुपए की राशि सूचना देने वाले को, 25 हजार रुपए की राशि पीसी एण्ड पीएनडीटी एक्ट के जिला नोडल अधिकारी को तथा 50 हजार रुपए की राशि अभियोजन अधिकारी को दी जाएगी। न्यायालय में अपराध सिद्ध होने पर 75 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इसमें सूचना देने वाले को 30 हजार रुपए, नोडल अधिकारी को 15 हजार रुपए तथा अभियोजन अधिकारी को 30 हजार रुपए की राशि दी जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि मुखबिर प्रोत्साहन योजना के तहत स्टिंग ऑपरेशन करने पर स्टिंग के सफल होने तथा सत्यापन के बाद मुखबिर को 50 हजार रुपए, सहयोगी महिला को 20 हजार रुपए तथा अन्य सहयोगी को 10 हजार रुपए दिए जाएंगे। साथ ही नोडल अधिकारी को 15 हजार रुपए एवं अभियोजन अधिकारी को 30 हजार रुपए की राशि दी जाएगी। न्यायालय में अपराध सिद्ध होने पर मुखबिर को 30 हजार रुपए, डिकाय महिला को 10 हजार रुपए तथा सहयोगी को 5 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। साथ ही जिला नोडल अधिकारी को 10 हजार रुपए एवं अभियोजन अधिकारी को 20 हजार रुपए की राशि दी जाएगी।

भारत सरकार
केन्द्रीय कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान
ट्रैक्टर नगर, बुदनी, जिला-सीहोर (म.प्र.) 466445
कृषि मशीनरी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम (वर्ष 2026-27)
आगामी माहों में निम्नलिखित प्रशिक्षण पाठ्यक्रम चलाया जाना प्रस्तावित है

| पाठ्यक्रम का नाम | कोड | अवधि | प्रारंभ की तिथि | समाप्ति की तिथि | आकस्मिक शुल्क | पात्रता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **उपयोगकर्ता स्तर पाठ्यक्रम** | | | | | | |
| कृषि में उर्जा प्रबंधन के लिये उपयुक्त मशीनीकरण तकनीक | यू-1 | 4 सप्ताह | 15.09.2026<br>16.11.2026 | 09.10.2026<br>11.12.2026 | नि:शुल्क | प्रगतिशील कृषक जो मशीनीकृत खेती के इच्छुक हों, ट्रैक्टर एवं कृषि मशीनरी के मालिक/प्रचालक प्रचार-प्रसार कार्यकर्ता एवं निजी संस्थान के कर्मचारी, जो कृषि मशीनरी क्षेत्र में संलग्न हों। |
| उन्नत कृषि मशीनरी का चयन, प्रचालन, सुरक्षा व रखरखाव | यू-2 | 6 सप्ताह | 30.03.2026<br>31.08.2026<br>02.11.2026<br>01.02.2027 | 08.05.2026<br>09.10.2026<br>11.12.2026<br>12.03.2027 | | |
| महिला कृषकों के लिए उपयुक्त सहयोगी उपकरण | यू-5 | 3 दिन | आवश्यकतानुसार | | | |
| पौध संरक्षण उपकरण का चयन, प्रचालन एवं रखरखाव | यू-8 | 1 सप्ताह | 11.01.2027 | 15.01.2027 | | |
| उन्नत कटाई एवं गहाई उपकरणों का चयन, प्रचालन एवं रखरखाव | यू-9 | 2 सप्ताह | 23.11.2026<br>22.03.2026 | 04.12.2026<br>02.04.2027 | | |
| शुष्क खेती के लिए कृषि यंत्रों का चयन, प्रचालन और रखरखाव | यू-11 | 2 सप्ताह | 14.09.2026 | 25.09.2026 | | |
| फसल आधारित कृषि मशीनरी | यू-12 | 1 सप्ताह | आवश्यकतानुसार | | | |
| **कौशल विकास पाठ्यक्रम** | | | | | | |
| ट्रैक्टर प्रचालक | एजीआर/क्यू1115 | 290 घंटे | एएससीआई अनुमोदन के अनुसार संस्थान की वेबसाइट पर विज्ञापन प्रकाशित किया जाएगा | | नि:शुल्क | दसवीं कक्षा उत्तीर्ण |
| हार्वेस्टिंग मशीन प्रचालक | एजीआर/क्यू1116 | 290 घंटे | | | | दसवीं कक्षा उत्तीर्ण |
| **तकनीशियन स्तर पाठ्यक्रम** | | | | | | |
| स्टेशनरी इंजिनों एवं ट्रैक्टरों की मरम्मत व ओवरहालिंग | टी-1 | 6 सप्ताह | 16.03.2026<br>12.10.2026<br>14.12.2026<br>25.01.2027 | 24.04.2026<br>20.11.2026<br>22.01.2027<br>05.03.2027 | रु. 300 | ऐसे आवेदक जो ट्रैक्टर मेकेनिक, फार्म मैकेनिक, मैकेनिक एग्रीकल्चरल मशीनरी, डीजल मेकेनिक, मोटर मैकेनिक, इलेक्ट्रिशियन या अन्य समकक्ष विषयों पर आई.टी.आई. सर्टिफिकेट परीक्षा पास कर चुके हों/उन्नत कृषि मशीनरी का चयन, प्रचालन, सुरक्षा व रखरखाव पाठ्यक्रम/ उपर्युक्त विषयों पर प्रशिक्षण प्राप्त हो या केन्द्र/राज्य/निजी संस्थाओं/गैर सरकारी संगठन में कार्यरत् संबंधित विषयों के अधिकारी/कर्मचारी। |
| कृषि मशीनों के हाइड्रॉलिक सिस्टम का अध्ययन व मरम्मत | टी-4 | 4 सप्ताह | 27.04.2026<br>23.11.2026<br>25.01.2027<br>08.03.2027 | 22.05.2026<br>18.12.2026<br>19.02.2027<br>02.04.2027 | रु. 200 | |
| आटो इलेक्ट्रिकल उपकरण का रखरखाव एवं मरम्मत तथा बैटरी रि-कंडीशनिंग | टी-5 | 3 सप्ताह | 13.07.2026<br>28.09.2026<br>01.03.2027 | 31.07.2026<br>16.10.2026<br>19.03.2027 | रु. 150 | |
| डीजल पम्पिंग सेट का स्थापन, मरम्मत व ओवरहालिंग | टी-8 | 2 सप्ताह | आवश्यकतानुसार | | रु. 100 | |
| कम्बाइन हार्वेस्टर एवं भूसा-मशीन का स्थापन, रखरखाव एवं मरम्मत | टी-9 | 3 सप्ताह | 02.11.2026 | 20.11.2026 | रु. 150 | |
| **शैक्षणिक स्तर पाठ्यक्रम** | | | | | | |
| डिग्री /डिप्लोमा स्तर के अभियान्त्रिकी छात्रों के लिए फार्म पावर एवं मशीनरी पर प्रशिक्षण कार्यक्रम | ए-1 | 4 सप्ताह | 04.05.2026<br>01.06.2026<br>29.06.2026<br>03.08.2026<br>04.01.2027 | 29.05.2026<br>26.06.2026<br>24.07.2026<br>28.08.2026<br>29.01.2027 | रु. 2000 | विभिन्न कालेजों के कृषि एवं यांत्रिकी इंजीनियरिंग,स्नातक/डिप्लोमा यवसायिक पाठ्यक्रम में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए। **(आवेदन संस्था द्वारा प्राप्त होने पर ही विचार किया जायेगा)।** |
| **प्रबन्धन स्तर पाठ्यक्रम**<br>कृषि मशीनरी प्रबन्धन | एम-2 | 1 सप्ताह | आवश्यकतानुसार | | रु. 2500 | प्रगतिशील कृषक/ट्रैक्टर एवं कृषि मशीनरी निर्माताओं/ शासकीय विभागों/ गैर सरकारी संगठन द्वारा नामितइंजीनियर/प्रबंधकों/कर्मचारियों/ कृषकों के लिए। **(कृषकों हेतु निःशुल्क)** |
| **आवश्यकता पर आधारित पाठ्यक्रम** | एन बी | .. | आवश्यकतानुसार | | रु. 250 प्रति सप्ताह | |
| **महिलाओं के लिए उन्नत कृषि प्रौद्योगिकियों पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम** | | | | | | |
| 1. कृषि प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन मशीनरी<br>2. ट्रैक्टर और पावर टिलर से परिचित होना<br>3. कस्टम हायरिंग सेंटर/एफएमबी की स्थापना | एसटीपीडब्ल्यू | 2 सप्ताह | आवश्यकतानुसार | | नि:शुल्क | प्रगतिशील महिला किसान, कृषि मशीनरी मालिककृषि विस्तार कार्यकर्ता /कृषि में कार्यरत स्वयं सहायतासमूह,सरकारी /अर्ध-सरकारी/दक्षिणअफ्रीकी संघों/गैर-सरकारीसंगठनों/निजी संगठनों द्वारा प्रायोजित संबंधित तकनीकी कर्मी। |
| **स्मार्ट कृषि के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम** | | | | | | |
| 1. भविष्य की कृषि के लिए मशीन लर्निंग, आईओटी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता<br>2. भविष्य की स्मार्ट कृषि के लिए स्वायत्त ट्रैक्टर<br>3. भविष्य की स्मार्ट कृषि के लिए ड्रोन<br>4. भविष्य की स्मार्ट कृषि के लिए रोबोट<br>5. भविष्य की स्मार्ट कृषि के लिए प्रसिजन और खाद्य प्रसंस्करण | एसटीपी | 2 सप्ताह | आवश्यकतानुसार | | नि:शुल्क | प्रगतिशील महिला/पुरुष किसान, कृषि में लगे ग्रामीण युवा और सरकारी/अर्ध-सरकारी/एसएयू/एनजीओ/निजी फर्मों आदि से संबंधित तकनीकी कर्मी। |
| **रिमोट पायलट प्रमाणपत्र (ड्रोन पायलट प्रशिक्षण)** | आरपीसी (छोटा ड्रोन) | 15 दिन | आवश्यकतानुसार | | 15000+ 18% जीएसटी | 10वीं पास, प्रगतिशील महिला/पुरुष किसान, कृषि में लगे ग्रामीण युवा और सरकारी/अर्ध-सरकारी/एसएयू/एनजीओ/निजी फर्मों आदि से संबंधित तकनीकी कर्मी। |
| प्रशिक्षु प्रशिक्षण — https://nats.education.gov.in (For Degree pass out) | ग्रेजुएट अपरेंटिस | 1 वर्ष | नियमानुसार प्रतिमाह प्रशिक्षण वृत्तिका | | | कृषि इंजीनियरिंग स्नातक उत्तीर्ण |
| प्रशिक्षु प्रशिक्षण — www.apprenticeshipindia.gov.in (For ITI passouts) | ट्रेड अपरेंटिस | 1 वर्ष | नियमानुसार प्रतिमाह प्रशिक्षण वृत्तिका | | | ट्रैक्टर/ डीजल/ इलेक्ट्रीशियन/ कोपा में आई.टी. आई. उत्तीर्ण |

**आवेदन कैसे करें**—आवेदक अपना विस्तृत विवरण,यथा 1.नाम, 2.पिता का नाम, 3.जन्म तिथि, 4.वर्ग 5.पत्र व्यवहार का पता, 6.प्रशिक्षण का उद्येश 7.शैक्षणिक योग्यता व तकनीकी योग्यता, 8.कृषि भूमि(एकड़/हेक्टर) 9.कृषि मशीनों को चलाने का अनुभव, इत्यादि विवरण सादे कागज पर दे सकते हैं और शैक्षणिक/ तकनीकी योग्यता, कृषि एवं तकनीकी क्षेत्र में अनुभव, रोजगार (नौकरी) इत्यादि से संबंधित सभी महत्वपूर्ण कागजातों की फोटो प्रतिलिपियों के साथ, संस्थान के निदेशक को वर्ष में कभी भी और या पाठ्यक्रम प्रारंभ होने के एक माह पूर्व तक, अपने आवेदन भेज सकते हैं। यदि चाहें तो निर्धारित आवेदन प्रपत्र व्यक्तिगत तौर पर प्राप्त कर सकते हैं। ई-मेल के द्वारा भी आवेदन किया जा सकता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं आवेदन-पत्र संस्थान की वेबसाइट से भी डाऊनलोड किये जा सकते हैं। पर्याप्त संख्या में आवेदन प्राप्त न होने पर किसी भी पाठ्यक्रम को निरस्त किया जा सकता है। **प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों का पुनर्गठन प्रक्रिया मे है। अनुमोदित नए पाठ्यक्रम के अनुसार प्रशिक्षण कैलंडर मे आवश्यकतानुसार बदलाव किया जा सकता है।**

**सुविधाएँ**—उपयोगकर्ता स्तर पाठ्यक्रम एवं विशेष पाठ्यक्रम में, नामित कर्मचारियों को छोड़कर, प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी को प्रति दिन रूपये **250/- प्रशिक्षण वृत्तिका** दी जाती है एवं प्रशिक्षणार्थी के निवास से कम से कम दूरी का आने एवं वापस जाने का न्यूनतम श्रेणी का किराया (मूल टिकिट जमा करने पर) भुगतान किया जाता है। सभी पाठ्यक्रम के सभी प्रशिक्षणार्थियों के लिए संस्थान में वास्तविक दरों पर भोजन व्यवस्था एवं ठहरने के लिए निःशुल्क छात्रावास उपलब्ध है। उपयोगकर्ता स्तर पाठ्यक्रम एवं कौशल विकास पाठ्यक्रम के अतिरिक्त अन्य प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण वृत्तिका देने का प्रावधान नहीं है तथा आने-जाने का किराया भी संस्थान द्वारा प्रदान नहीं किया जाएगा। प्रशिक्षु प्रशिक्षणार्थियों को नियमानुसार प्रतिमाह प्रशिक्षण वृत्तिका प्रदान की जाती है।
**उम्र** —सभी पाठ्यक्रमों के लिए आवेदक की आयु 18 से 40 वर्ष के मध्य होना चाहिए (नामित उम्मीदवारों को छोड़कर) और उनको हिन्दी या अँग्रेजी भाषा का ज्ञान होना आवश्यक है।
**संस्थान का पता**, : जहाँ आवेदन भेजे जा सकते हैं / सम्पर्क किया जा सकता है।
**निदेशक केन्द्रीय कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान, ट्रैक्टर नगर, बुदनी, जिला-सीहोर (म.प्र.) 466445**

E-mail : fmti-mp@nic.in
Website: http://fmttibudni.gov.in
प्रशिक्षण कार्यालय: 07564-299004, 07564-299002
निदेशक कार्यालय - 07564-299003

# उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने 'एयर एम्बुलेंस एमपी' पोर्टल एवं मोबाइल ऐप का किया शुभारंभ

## एयर एम्बुलेंस सेवा के लिए अनुरोध की प्रक्रिया अब और अधिक सरल एवं तेज गति से होगी



**जागरण, रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय में 'एयर एम्बुलेंस एमपी पोर्टल एवं मोबाइल ऐप का शुभारंभ किया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि पीएम एयर एम्बुलेंस सेवा राज्य सरकार की उस प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिसके तहत किसी भी नागरिक को समय पर उपचार के अभाव में जीवन न गंवाना पड़े। नए पोर्टल एवं मोबाइल ऐप के माध्यम से एयर एम्बुलेंस सेवा के लिए अनुरोध की प्रक्रिया अब और अधिक सरल एवं तेज होगी। पोर्टल में एयर एम्बुलेंस फ्लीट की रियल टाइम ट्रैकिंग, सेवा अनुरोधों का सुगम डिजिटल प्रवाह, सेवा प्रदाताओं को तत्परता हेतु रियल टाइम नोटिफिकेशन तथा अनुमोदन प्राधिकारी को समयबद्ध स्वीकृति के लिए अलर्ट जैसी सुविधाएँ उपलब्ध होंगी। साथ ही पूरी प्रक्रिया में जवाबदेही भी सुनिश्चित की जाएगी। पीएम एयर एम्बुलेंस सेवा गंभीर एवं आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों को शीघ्र स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। प्रदेश में यह सेवा अब तक 140 जीवनरक्षक मिशनों को सफलतापूर्वक पूरा कर चुकी है। इनमें नवजात शिशुओं, हृदय रोग, ट्रॉमा, न्यूरोलॉजिकल आपात स्थितियों एवं अंग प्रत्यारोपण से जुड़े मामलों का सफल एयर मेडिकल ट्रांसफर शामिल है। पीएम एयर एम्बुलेंस सेवा के अंतर्गत आयुष्मान भारत कार्डधारकों एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मरीजों को निःशुल्क एयर एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे स्वास्थ्य संस्थानों से दूरी एवं आर्थिक स्थिति जीवनरक्षक उपचार में बाधा नहीं बने। सेवा के संचालन के लिए भोपाल में 24/7 एयर मेडिकल ऑपरेशन व्यवस्था स्थापित की गई है। इसके अंतर्गत एक फिक्स्ड विंग एयरक्राफ्ट 'बीचक्राफ्ट किंग एयर सी -90' तथा एक मल्टी इंजन हेलीकॉप्टर 'एडबल्यू -109' लगातार स्टैंडबाय पर उपलब्ध हैं ।

# गहरी जुताई और खरपतवार नष्ट करने के लिए उपयोगी है रोटावेटर

**रीवा।** ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार खेती है। खेती के आधुनिकीकरण के साथ इसका तेजी से यंत्रीकरण हो रहा है। अब खेतों की जुताई लगभग शत-प्रतिशत ट्रैक्टरों के माध्यम से होती है। ट्रैक्टर से संचालित कई कृषि उपकरण किसानों के लिए बहुत उपयोगी हैं। इस संबंध में उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने बताया कि ट्रैक्टर के माध्यम से चलने वाला रोटावेटर और रोटरी टिलर्स खेतों की गहरी जुताई और खरपतवार नष्ट करने के लिए बहुत उपयोगी है। रोटावेटर से किसान अपनी सुविधा और उपयोगिता के अनुसार जुताई की गहराई का निर्धारण कर सकते हैं। इसके उपयोग से नरवाई तथा अन्य खरपतवार छोटे-छोटे टुकड़ों में बंटकर मिट्टी में मिल जाते हैं। बारिश के बाद इनसे मिट्टी के लिए बहुत उपयोगी हरी खाद तैयार होती है जिससे मिट्टी की उर्वरता और जलधारण क्षमता में वृद्धि होती है। धान की रोपाई के लिए खेत को समतल करने और पडलिंग के लिए भी रोटावेटर का उपयोग किया जा सकता है। रोटावेटर का उपयोग 35 हार्सपावर से 55 हार्सपावर तक के ट्रैक्टर में सबसे कारगर होता है। रोटावेटर से सामान्य रूप में तीन घण्टे में एक हेक्टेयर के खेत में जुताई का कार्य हो जाता है।

# मंगलवार रात से फ्लाईओवर के ऊपर खड़ा है ट्रक, लग रहा जाम



**रीवा।** चोरहटा से रतहरा बायपास पर स्थित बीहर नदी का पुल क्षतिग्रस्त हो जाने से रात्रि में बायपास से गुजरने वाले वाहनों को शहर के भीतर ससे जाने की अनुमति दी गई है, रात्रि 11 बजे से सुबह 6 बजे तक शहर वाहनों की भीड़ से पटा रहता है, ऐसे में आगे निकलने की होड़ में कई वाहन आपस में टकराते हुए भी निकलते हैं, तो किसी में टूट-फूट भी हो रही है। बीती रात फ्लाई ओवर के ऊपर एक ट्रक खराब हो गया, जो बुधवार रात भी यहीं खड़ा रहा, जिससे आवागमन बाधित होता रहा।

**म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम**
**कार्यालय परियोजना यंत्री, पुलिस लाइन, रीवा (म.प्र.)**
**फोन : 9425601511, 9340714903**

**प्रेस-विज्ञप्ति**

संभाग रीवा के अंतर्गत जिला कटनी एवं अनूपपुर में विभिन्न निर्माण कार्यों हेतु निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 04/2026-27 (ऑनलाइन निविदा क्रमांक MPPHCL/TENDER No. 2026_MPPHC_510919, 510920, & 510921_1 आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा प्रपत्र **दिनांक 16.06.2026 समय 17:00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे एवं प्रस्तुत किये जा सकते हैं एवं निविदा सूचना व अन्य विवरण **Portal : http://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/126061/2026 **परियोजना यंत्री**

**नाम सुधार सूचना**

मैं सना मग्फ़रत खान आयु 21 वर्ष पिता अमिनुर रशीद खान, पता 42/32 जगन्नाथ मंदिर के पास बिछिया रीवा तहसील हुजूर जिला रीवा म.प्र. की निवासी हूँ, एवं शपथपूर्वक कथन करती हूँ कि आधार कार्ड नं. 731855564754 है। यह कि मेरे नाम से भारतीय जीवन निगम रीवा 2 में पॉलिसी संख्या 376522532 है, जिसमे त्रुटीवश मेरा नाम सना परवीन खान पिता अमीनु रशीद खान दर्ज हो गया है जो कि गलत है, जबकि वर्तमान में मेरे सभी दस्तावेजो जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड के अनुसार मेरा नाम सना मग्फ़रत खान पिता अमिनुर रशीद खान है जो कि सही एवं सत्य है। सना परवीन खान पिता अमीनु रशीद खान एवं सना मग्फ़रत खान पिता अमिनुर रशीद खान दोनों नाम मुझ शपथकर्ता के ही है। अत: मेरी पॉलिसी संख्या 376522532 में मेरा नाम सना मग्फ़रत खान पिता अमिनुर रशीद खान दर्ज किया जाए एवं लिखा, पढ़ा व जाना जाए। जिससे मैं अपनी उपरोक्त पॉलसी संख्या की मेच्योरिटी/परिपक्वता प्राप्त कर सकूं।

RN- 87201 **सना मग्फ़रत खान**

# पानी के लिए शहरवासी हो रहे परेशान, टैंकरों से हो रही सप्लाई, नहीं हो पा रही पूर्ति



**जागरण, रीवा।** शहर के अधिकतर वार्डों में इस भीषण गर्मी में पेयजल समस्या ने रहवासियों की परेशानी बढ़ा दी है। वार्डों में कहीं पानी पहुंच ही नहीं रहा तो कहीं गंदा पानी नलों में निकल रहा है, जिससे लोगों को पानी के लिए जूझना पड़ रहा है। मैन पाइप लाइन फूट जाने से यह समस्या पिछले पांच-छह दिनों से और भी बढ़ गई है, जिसे देखते हुए नगर निगम व पीएचई के माध्यम से वार्डों में पानी प्रदाय किया जा रहा है, किन्तु दिनभर में एक-दो टैंकर पानी से वार्डवासियों की पूर्ति नहीं हो पा रही। लोगों को अन्य जल स्रोतों की शरण लेना पड़ रहा है, शहर में लगे अधिकतर हैंडपंप जवाब दे चुके हैं, कुएं, बावड़ियां अपना अस्तित्व खो चुकी हैं, जो बचे हैं उनमें से अधिकतर में निजी कब्जा हो गया है, ऐसे में शहरवासियों के एकमात्र विकल्प रह जाता है पानी खरीदना। लोग पानी खरीदकर अथवा मांगकर प्यास बुझा रहे हैं। शहर के वार्ड क्रमांक 32, गुढ़ चौराहा आदि क्षेत्रों में पानी के टैंकर प्रदाय किए जा रहे हैं, वार्ड के लोगों ने बताया कि टैंकर आने के पहले ही पानी भरने वालों की भीड़ जुट जाती है, लोगों को बमुश्किल दो बाल्टी पानी मिल रहा है उसे पीने के लिए रख लेते हैं, बाकी उपयोग के लिए पानी कहां से लाएं। शहर की पेयजल व्यवस्था सुचारु नहीं की जा रही, जिसेस लोगों को पर्याप्त पानी मिले, ऐसा कब तक चलता रहेगा।

**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये वरिष्ठ मंडल विद्युत इन्जी. (कर्षण वितरण) झाँसी के निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन:(ई- टेन्डरिग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

**ई-निविदा सूचना संख्या : झांसी-टी.डी.-टेन्डर-2026-09, कार्य का नाम** : झॉसी मंडल के झॉसी-ग्वालियर खण्ड में महालगॉव स्थित मौजूदा पुलिया संख्या 1221/1 के निकट, KM 1222/31-33 के बीच RUB के निर्माण के संबंध मे ओ0एच0ई0 मोडिफिकेशन का कार्य।

**अनुमानित लागत (₹)**: ₹ 1572057.47 | **अमानत राशि/बिड सिक्योरिटी (₹)** : ₹ 31500.00

**निविदा बन्द होने की तिथि**: 19.06.2026, 15.00 pm.

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन / अवधि की तिथि** : 09 माह

निविदा दिनांक 19.06.2026 को 15:00 बजे तक आन लाईन जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। **1208/26(DG)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-प्रापण निविदा सूचना सं.: झांसी/उमुसाप्र/2026/23 दि. 26.05.2026

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, कार्यालय उत्तर मध्य रेलवे, झांसी, निम्नलिखित ई-खरीद निविदाएं आमंत्रित करते हैं।

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा |
|---|---|---|---|
| 1 | 51265473 | FIAT बोगी वाले LHB कोच के लिए ज्यादा कैपेसिटी वाली एयर स्प्रिंग असेंबली (160 KN)। स्पेक: RDSO/CG/S/23002, Rev 01, वारंटी पीरियड: डिलीवरी की तारीख के 72 महीने बाद। | 160 नग |

**निविदा खुलने की तिथि**: 08.06.2026 | **बयाना राशि(₹)**: ₹ 462560/-

**नोट**: उपरोक्त निविदाओं की पूरी जानकारी IREPS की वेबसाइट **https://www.irpes.gov.in** से देखी और डाउनलोड की जा सकती है। निविदा में किसी भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र के लिए, कृपया नियमित रूप से इस वेबसाइट का अवलोकन करें। समाचार पत्रों में अलग से कोई शुद्धिपत्र/परिवर्तन प्रकाशित नहीं किया जाएगा। **1200/26(DG)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना** दिनांक : 26.05.2026

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये उप मुख्य इंजीनियर/कारखाना/झाँसी हेतु आनलाईन ई टेन्डरिंग के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

**ई-निविदा सूचना संख्या : डिप्टी सी0ई0-झाँसी डब्लू-91**

**कार्य का नाम** :- झाँसी कारखाना-झाँसी वैगन मरम्मत कारखाना में पूर्वनिर्मित शौचालयों का निर्माण।

**अनुमानित लागत** : रूपये 5607733.93 (छप्पन लाख सात हजार सात सौ तैंतीस रूपये और तिरानवे पैसे मात्र।) **अमानत राशि** : रूपये 112200/-, **निविदा प्रपत्र कर मूल्य रूपये** : कुछ नही। **निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय** : 18.06.2026, 15:30 बजे। **स्वीकृत पत्र जारी समय होने से कार्य समापन/अवधि की तिथि** : 06 माह। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के साईट **www.ireps.gov.in** पर देखें। **1196/26 (D)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं. JHS-N-W-55-26 दिनांक- 25.05.2026

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

**वरिष्ठ मंडल सिगनल व दूरसंचार अभियंता उत्तर मध्य रेल झाँसी** भारत के राष्ट्रपति के लिए व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

**ई-निविदा सूचना संख्या**: JHS-N-W-55-26

**कार्य का नाम**: शिफ्टिंग ऑफ़ S&T केबल फॉर RUB कंस्ट्रक्शन बिटवीन महलगांव एंड हरिवंशपुरम अंडर सेतु बंधन प्रोजेक्ट इन सेक्शन ऑफ़ ADSTE/GWL

**कार्य लागत लगभग**: ₹ 2954719.98, **धरोहर राशि**: ₹ 59100/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य**: Nil, **निविदा खुलने की तिथि: 16.06.2026** Time **15.00, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधि**: 09 माह

- निविदा दिनांक **16.06.2026** को **15.00** बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे।
- पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट **www.ireps.gov.in (NORTH CENTRAL RLY/JHANSI DIVISION-S AND T)** पर देखें।

**1205/26 FA**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**कार्यालय नगर परिषद मऊगंज, जिला मऊगंज (म.प्र.)**

E-Mail :- cmomahuganj@mpurban.gov.in & npmauganj@yahoo.in

क्रमांक/475/2026 मऊगंज, दिनांक: 26.05.2026

**आदेश**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद मऊगंज वार्ड नं. 06 बस स्टेण्ड में नव निर्मित आरक्षित दुकानो का लाट पद्धति से लॉटरी खोलने हेतु दिनांक 01.06.2026 को समय 12 बजे दोपहर कार्यालय सभाकक्ष में नियत किया गया है। इच्छुक व्यक्ति लाट प्रक्रिया में भाग ले सकते है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद मऊगंज
जिला-मऊगंज (म.प्र.)

**उत्तर मध्य रेलवे**

**निविदा सूचना सं0**: JHS/Br/L/2025-26/02 **दिनांक**: 19.05.2026

**ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना**

उप मुख्य इन्जी/ब्रिज/लाइन/उत्तर मध्य रेलवे, झाँसी द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्य के लिये ई-निविदा निर्धारित प्रपत्र पर **दिनांक 11.06.2026** को **15.00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है:-

**निविदा नं.**: Br-JHS-2026-02

**कार्य का विवरण**: उप मुख्य इंजीनियर/ब्रिज/लाइन/झाँसी के अंतर्गत राजनगर स्टेशन पर रैंप सहित 3.0 मीटर चौड़ा फुट ओवर ब्रिज और मउरानीपुर एवं बेलाताल स्टेशन पर मौजूदा फुट ओवर ब्रिज पर रैम्प का निर्माण।

**अनुमानित मूल्य (रू)**: ₹ 8,33,90,965.82 | **बयाने की रकम (रू)**: ₹ 16,67,800.00

**कार्य समापन की अवधि**: 12 महीना | **निविदा बंद की तिथि**: 11.06.2026

**सिमिलर वर्क के लिये न्यूनतम वांछनीय आधार**: स्टील पुलों/फुट ओवर ब्रिज का फैब्रिकेशन एवं इरेक्शन/लांचिग का कार्य।

**नोटः**- (1) उपर्युक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित वेब साइट पर **समय 15.00 बजे** तक निविदा बंद की तिथि **दिनाक 11.06.2026** तक उपलब्ध है। (2) उपर्युक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिये कि वे अपने आपको IT Act 2000 के अन्तर्गत C.C.A. द्वारा जारी डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। (3) निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेन्सियल रेट पेज पर ही विचारणीय है। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म/लेटर हेड पर यदि सलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। (4) संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिये। (5) बयाने की राशि केवल नेट बैंकिंग अथवा गेट वे भुगतान या बैंक गारण्टी के रूप में ही स्वीकार की जायेगी। (6) किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिये IREPS की वेबसाइट की हेल्पलाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। (7) आनलाइन निविदा **दिनांक 11.06.2026 15:00 बजे** तक प्रस्तुत की जा सकती है। **1193/26(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

# संयुक्त किसान मोर्चे ने जलाईं एमएसपी आदेश की प्रतियां



**रीवा।** संयुक्त किसान मोर्चे के राष्ट्रीय आह्वान पर रीवा एसकेएम ने 2026-27 के खरीफ फसलों के लिए घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य की कड़ी निंदा कर कहा कि यह नरेंद्र मोदी सरकार के किसान विरोधी चरित्र को उजागर करता है। मोर्चे के नेता शिव सिंह ने कहा कि भाजपा ने 2014 के चुनावी घोषणा पत्र में स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के अनुसार सी2+50 प्रतिशत की दर से एमएसपी देने का वादा किया था लेकिन मोदी मंत्रिमंडल ने एमएसपी की घोषणा व्यापक उत्पादन लागत से लगभग 30 प्रतिशत कम की है। धान का एमएसपी 2441रुपये प्रति क्विंटल तय किया जबकि सी 2+50 प्रतिशत के अनुसार 3243 रुपये प्रति क्विंटल होना चाहिए था। इसका अर्थ है कि किसानों को प्रति क्विंटल 802 रुपए का नुकसान हुआ। पूरे देश के किसानों को केवल 20 फसलों पर लगभग 3 लाख करोड़ रुपए का नुकसान झेलना पड़ेगा। किसान के साथ विश्वासघात को उजागर करने एमएसपी आदेश की प्रतियां जलाकर संयुक्त किसान मोर्चा इकाई ने अग्रसेन चौक में विरोध प्रदर्शन किया। दौरान विरोध प्रदर्शन मोर्चे के नेता उमेश पटेल जिला पंचायत सदस्य लालमणि त्रिपाठी इंद्रजीत सिंह शंखू शोभनाथ कुशवाहा शिवराम सिंह सतना संतकुमार पटेल सुग्रीव सिंह रामनरेश सिंह पुष्पेंद्र सिंह एड संजय निगम फौजी यदुवंश प्रताप सिंह राजेश पटेल रामदेव सिंह धर्मेंद्र सिंह नेत्रराज सिंह आदि उपस्थित रहे।

**सूचना**

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

**कास्ता पाइप बेचना है**
**अजय ट्रेडिंग कंपनी** गोलपार्क पुराना बस स्टैण्ड रीवा कास्ता पाइप के लिए संपर्क करें:- 9425185028
RN-87512 (12/6)

**लोन**
लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट (एजेंट आमंत्रित) संपर्क - 8962086944

**कार्यालय अध्यक्ष, काउंसलिंग समिति**
**संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश**
टैगोर छात्रावास क्रमांक-T2, प्रथम तल, श्यामला हिल्स, दूरदर्शन रोड, भोपाल-462002

**ऑनलाइन काउंसलिंग समय सारणी, सत्र 2026-27 (C-18)**

**प्रबंधन में स्नातक – बीबीए, बीएमएस, बीबीएम (पूर्णकालिक 3/4 वर्षीय) एवं कंप्यूटर एप्लीकेशन में स्नातक - बीसीए (पूर्णकालिक 3/4 वर्षीय) पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में अर्हकारी परीक्षा के आधार पर प्रवेश (शासकीय, मध्यप्रदेश राज्य शासन द्वारा घोषित स्वशासी, अनुदान प्राप्त अशासकीय, स्वशासी एवं स्ववित्तीय (विश्वविद्यालयीन) एवं निजी संस्थान)**

| गतिविधियां | दिनांक/समय |
|---|---|
| **प्रथम चरण** | |
| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/रजिस्ट्रेशन निरस्त | 29.05.2026 से 17.06.2026 रात्रि 11:45 बजे तक |
| रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration) (सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के पश्चात केवल एक बार उपलब्ध रहेगी) | 18.06.2026 से 19.06.2026 सायं 5:30 बजे तक |
| संस्थाओं के प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना (प्राथमिकताक्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी) | 01.06.2026 से 21.06.2026 रात्रि 11:45 बजे तक |
| कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता | 22.06.2026 |
| आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति (आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश) | 26.06.2026 से 02.07.2026 सायं 6:30 बजे तक |
| **द्वितीय चरण (सामान्य पूल एवं TFW की सीटों के लिए एक साथ संयुक्त रूप से आयोजित)** | |
| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/रजिस्ट्रेशन निरस्त | 03.07.2026 से 16.07.2026 रात्रि 11:45 बजे तक |
| रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration) (सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के पश्चात केवल एक बार उपलब्ध रहेगी) | 17.07.2026 से 18.07.2026 सायं 5:30 बजे तक |
| संस्थाओं के प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना (प्राथमिकताक्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी) | 04.07.2026 से 20.07.2026 रात्रि 11:45 बजे तक |
| कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता | 21.07.2026 |
| आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति (आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश) | 25.07.2026 से 01.08.2026 सायं 6:30 बजे तक |
| **संस्था स्तर की काउंसलिंग (CLC) (काउंसलिंग के केन्द्रीयकृत चरण उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये)** | |
| **ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन** | **प्रवेश के अवसर का दिनांक/समय** |
| 02.08.2026 से 05.08.2026 | 06.08.2026 प्रात: 10:30 बजे से सायं 6:30 बजे तक |
| **उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये** | |
| 07.08.2026 से 10.08.2026 | 11.08.2026 प्रात: 10:30 बजे से सायं 6:30 बजे तक |
| **उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये** | |
| 12.08.2026 से 14.08.2026 अंतिम तिथि को रजिस्ट्रेशन दोपहर 12:30 बजे तक रहेगा | 14.08.2026 प्रात: 10:30 बजे से सायं 06:30 बजे तक |

- प्रवेश नियम, विस्तृत समय-सारणी, अभ्यर्थी के लिये महत्वपूर्ण निर्देश, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची आदि वेबसाइट **dte.mponline.gov.in** पर उपलब्ध है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका सूक्ष्मता से अध्ययन कर लें।
- संस्था स्तर की काउंसलिंग में **इच्छुक संस्था में प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये** निर्धारित तिथि पर संस्था में प्रात: 10:30 से दोपहर 1:00 बजे तक उपस्थित हुए अभ्यर्थियों की मेरिट तैयार कर, तदुपरान्त मेरिट के अनुसार प्रवेश किये जायेंगे।

**प्रवेश निरस्त**
- काउंसलिंग के किसी भी चरण में प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करने की अंतिम दिनांक/समय से आवंटन जारी होने तक तथा संस्था स्तर की काउंसलिंग (CLC) में, प्रवेश का अवसर प्राप्त करने की दिनांक को, प्रवेश निरस्ती करण की सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी।
- **संपर्क : 0755-6720205, 2660441 ईमेल : dte.helpcenter@mp.gov.in**

म.प्र. माध्यम/126069/2026 **अतिरिक्त संचालक संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश**

**कार्यालय अध्यक्ष, काउंसलिंग समिति एवं आयुक्त तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश**
प्रथम तल, टैगोर छात्रावास, क्रमांक-T2, श्यामला हिल्स, दूरदर्शन रोड, भोपाल-462002

**ऑनलाइन काउंसलिंग समय सारणी, सत्र 2026-27 (C-18)**

**बी. फार्मेसी/डी. फार्मेसी पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में प्रवेश (शासकीय, मध्यप्रदेश राज्य शासन द्वारा घोषित स्वशासी, अनुदान प्राप्त अशासकीय, स्वशासी एवं स्ववित्तीय (विश्वविद्यालयीन) एवं निजी संस्थान)**

| गतिविधियां | दिनांक/समय |
|---|---|
| **प्रथम चरण** | |
| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/रजिस्ट्रेशन निरस्त | 29.05.2026 से 14.06.2026 रात्रि 11:45 बजे तक |
| रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration) (सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के पश्चात केवल एक बार उपलब्ध रहेगी) | 15.06.2026 से 16.06.2026 सायं 5:30 बजे तक |
| संस्थाओं के प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना (प्राथमिकताक्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी) | 10.06.2026 से 18.06.2026 रात्रि 11:45 बजे तक |
| **कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता** | 19.06.2026 |
| आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति (आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश) | 24.06.2026 से 30.06.2026 सायं 6:30 बजे तक |
| **द्वितीय चरण** | |
| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/रजिस्ट्रेशन निरस्त | 01.07.2026 से 15.07.2026 रात्रि 11:45 बजे तक |
| रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration) (सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के पश्चात केवल एक बार उपलब्ध रहेगी) | 16.07.2026 से 17.07.2026 सायं 5:30 बजे तक |
| संस्थाओं के प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन ऑनलाइन चयन कर लॉक करना (प्राथमिकताक्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी) | 03.07.2026 से 19.07.2026 रात्रि 11:45 बजे तक |
| कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता | 20.07.2026 |
| आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति (आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश) | 24.07.2026 से 30.07.2026 सायं 6:30 बजे तक |
| **संस्था स्तर की काउंसलिंग (CLC) उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये** | |
| **ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन** | **प्रवेश के अवसर का दिनांक/समय** |
| 02.08.2026 से 05.08.2026 | 06.08.2026 प्रात: 10:30 बजे से सायं 6:30 बजे तक |
| **उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये** | |
| 07.08.2026 से 10.08.2026 | 11.08.2026 प्रात: 10:30 बजे से सायं 6:30 बजे तक |
| **उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये** | |
| 12.08.2026 से 14.08.2026 अंतिम तिथि को रजिस्ट्रेशन दोपहर 12:30 बजे तक रहेगा | 14.08.2026 प्रात: 10:30 बजे से सायं 06:30 बजे तक |

- प्रवेश नियम, विस्तृत समय-सारणी, अभ्यर्थी के लिये महत्वपूर्ण निर्देश, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची आदि वेबसाइट **dte.mponline.gov.in** पर उपलब्ध है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका सूक्ष्मता से अध्ययन कर लें।
- संस्था स्तर की काउंसलिंग में **इच्छुक संस्था में प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये** निर्धारित तिथि पर संस्था में प्रात: 10:30 से दोपहर 1:00 बजे तक उपस्थित हुए अभ्यर्थियों की मेरिट तैयार कर, तदुपरान्त मेरिट के अनुसार प्रवेश किये जायेंगे।

**प्रवेश निरस्त :**
- काउंसलिंग के किसी भी चरण में प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करने की अंतिम दिनांक/समय से आवंटन जारी होने तक तथा संस्था स्तर की काउंसलिंग (CLC) में, प्रवेश का अवसर प्राप्त करने की दिनांक को, प्रवेश निरस्तीकरण की सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी।
- **संपर्क : 0755-6720205, 2660441, ई-मेल : dte.helpcenter@mp.gov.in**

म.प्र. माध्यम/126068/2026 **अतिरिक्त संचालक संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश**

## संक्षिप्त खबरें

### जयदेवन और शियाज जाएंगे प्रतिनियुक्ति पर





मुख्य संवाददाता, भोपाल। केंद्र सरकार ने प्रदेश के दो आईपीएस अफसरों को आईजी रैंक पर एम्पैनल किया है। मंगलवार देर रात गृह विभाग ने अपॉइंटमेंट कमेटी ऑफ कैबिनेट की मंजूरी मिलने के बाद देश भर के 68 आईपीएस अफसरों की लिस्ट जारी की है, इसमें एमपी कैडर के 2008 बैच के जयदेवन और शियाज के नाम भी शामिल हैं। शियाज ए फिलहाल एमपी कैडर में ही आईजी साइबर के तौर पर पदस्थ हैं जबकि जयदेवन सीबीआई में डीआईजी के रैंक पर प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली में तैनात हैं। आईजी रैंक पर एम्पैनलमेंट की अनुमति के बाद दोनों अफसरों को केंद्र सरकार की एजेंसी में महानिरीक्षक स्तर की पोस्टिंग मिल सकेगी। जानकारी के अनुसार जयदेवन पिछले तीन साल से डेपुटेशन पर हैं, जबकि शियाज ने केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के लिए आवेदन कर दिया है।

### प्रशासनिक सेवा के अफसरों का बढ़ाया दो प्रतिशत डीए

जागरण, भोपाल। मध्य प्रदेश सरकार ने अखिल भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय पुलिस सेवा और भारतीय वन सेवा के अधिकारियों के महंगाई भत्ते (डीए) में 2 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। इस वृद्धि के बाद राज्य के प्रशासनिक अधिकारियों का महंगाई भत्ता 58 प्रतिशत से बढ़कर 60 प्रतिशत हो गया है । इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। यह महंगाई भत्ता 1 जनवरी 2026 से अधिकारियों को दिया जाएगा। जिसका नगद भुगतान किया जाएगा। न्यायिक सेवा के अधिकारियों को भी बढ़ा हुआ डीए मिलेगा। वृद्धि के साथ अधिकारियों को 3 से 5 हजार रूपए का फायदा होगा। अधिकारियों को जनवरी से अप्रैल तक का एरियर्स एक साथ मिलेगा। मई के वेतन के साथ अधिकारियों को 15से 25 हजार रूपए बढ़ा हुआ वेतन मिलेगा। हालांकि रिज्य सरकार के नियमित कर्मचारियों को बढ़े हुए मंहगाई भत्ते का आदेश जारी नहीं किया है। ऐसा माना जा रहा है कि सरकार जल्द की कर्मचारियों को 2 प्रतिशत मंहगाई भत्ता का आदेश जारी कर सकती है।

### आधुनिक शिक्षा से जुड़ेंगे प्रदेश के जनजातीय छात्र

जागरण, भोपाल। प्रदेश सरकार जनजातीय समाज के प्रत्येक छात्र को आधुनिक शिक्षा से जोड़ेगी। इसके लिए जनजातीय कार्य विभाग अधिकारियों को लक्ष्य थमाएगा और उन्हें समय पर पूरा करने के लिए निर्देशित किया जाएगा। इस संबंध में विभागीय मंत्री कुंवर विजय शाह ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे छात्रावासों और आवासीय विद्यालयों में विद्यार्थियों को पहले से ज्यादा बेहतर वातावरण और सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में काम करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा जनजातीय समाज के समग्र विकास के लिये अनेक योजनायें संचालित की जा रही हैं। विभाग द्वारा संचालित स्कूलों, छात्रावासों और आश्रमों में लाखों विद्यार्थियों को शिक्षा, छात्रवृत्ति और अन्य सुविधाओं का लाभ मिल रहा है। शाह ने कहा है कि छात्रावास एवं आश्रमों में विद्यार्थियों को प्रतिवर्ष 5 हजार रुपये की खेलकूद सामग्री उपलब्ध कराई जाती हैं।

### गोवंश पालन में 30 फीसदी दुधारू नस्ल जरूरी

जागरण, भोपाल। स्वावलंबी गौशाला नीति और गोकुल धाम स्थापना नीति के तहत न्यूनतम पाँच हजार गौवंश का पालन अनिवार्य है, जिसमें से 30 प्रतिशत गौवंश दुधारू नस्ल के होने चाहिए। यह बात बुधवार को पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल ने मंत्रालय में गौसंवर्धन बोर्ड के कार्यों की समीक्षा के दौरान कही। इस आधार पर अधिकारियों योजनाओं को मूर्त रुप दिलाने की पहल करें। उन्होंने कहा किप्रत्येक 5000 गौवंश के लिये अधिकतम 125 एकड़ शासकीय भूमि उपयोग के अधिकार के आधार पर दी जाएगी। अतिरिक्त 1000 गौवंश की वृद्धि पर 25 एकड़ अतिरिक्त भूमि दी जाएगी।

### मंत्री शुक्ला ने कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनी

भोपाल। भाजपा के प्रदेश दफ्तर में बुधवार को नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ल ने कार्यकर्ताओं और आमजन की समस्याओं को सुना और उनके निराकरण की पहल की। शुक्ल पूर्वान्ह 11 बजे पार्टी दफ्तर पहुंचे और कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर समस्याओं को सुना और समाधान भी कराया। जिन समस्याओं का तत्काल निराकरण नहीं हो सका, उन्हें संबंधित विभागों के पास भेजा गया। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए उनकी कठिनाईयों को समझा और उनका जल्द से जल्द समाधान दिलाने का आश्वासन भी दिया।

# प्रदेश में विलुप्त हो गए 12 हजार से अधिक जलाशय

## वर्ल्ड रिसोर्स इंस्टीट्यूट की रिपोर्ट: 53 जलाशयों में से केवल 14 में ही 90 फीसदी से ज्यादा जलस्तर

विशेष संवाददाता, भोपाल। नदियों का मायका कहे जाने वाले मप्र में दस साल में तकरीबन 12 हजार से अधिक छोटे-बड़े जलाशय विलुप्त हो गए हैं। आधे से ज्यादा जलाशय अतिक्रमण की चपेट में हैं, जिससे जलस्तर भी गिर रहा है। केवल 14 जलाशय ऐसे बचे हैं, जिनका जल स्तर 90 प्रतिशत रहता है। 2028-19 में मप्र में लगभग 20 हजार से अधिक जलाशय चिन्हित किए गए थे। मौजूदा स्थिति में लगभग 40 प्रतिशत वेटलैंड अब अस्तित्व खो चुके हैं, यानि पिछले 8 से 9 वर्षो में 12 हजार से ज्यादा जलाशयों की संरचना विलुप्त हो गई है। वर्ल्ड रिसोर्स इंस्टीट्यूट की रिपोर्ट में कहा गया है कि मध्यप्रदेश के 53 जलाशयों में से केवल 14 जलाशयों में 90 फीसदी से ज्यादा जल स्तर है। रिपोर्ट में इस बात का भी उल्लेख किया गया है कि राज्य से निकलने वाली अधिकांश नदियां प्रदूषण, अतिक्रमण और अवैध गतिविधियों के चलते सूख रही हैं। तेजी से बढ़ रहे शहरीकरण, गाद और अतिक्रमण से भी प्राकृतिक तालाब और जलाशय का अस्तित्व नष्ट हो रहा है। इनमें से कई जलाशय तो अब पूरी तरह से विलुप्त हो गए है। इनमें भोपाल की सारंगपानी झील,इंदौर की अन्नपूर्णा झील वर्षो से सीवेज, धार्मिक कचरे के कारण लगभग प्रदूषित हो चुकी है,जिससे वे धीरे-धीरे विलुप्त होने के कगार पर हैं। इसी तरह धार के मांडू के कई प्राचीन तालाब सूखकर विलुप्त हो चुके है।



### एप्को की रिपोर्ट में स्थिति खराब

एप्को (पर्यावरण नियोजन एंव समन्वय संगठन) द्वारा जारी शोध रिपोर्ट और दस्तावेजों में राज्य के प्रमुख जलाशयों की बिगड़ती गुणवत्ता, अतिक्रमण और घटते जल स्तर पर गहरी चिंता जताई थी। इस रिपोर्ट में भोपाल की बड़ी और छोटी झील सहित भोज-आर्द्रभूमि में सीवेज का अनधिकृत बहाव और प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ने की बात कही गई थी। इसी तरह इंदौर की सिरपुर झील और अन्य वैटलेंड के जैव विविधता रिपोर्ट में जलीय वनस्पतियों के खत्म होने और जलीय जीवों पर संकट आने की भी बात कही गई थी।

### ये जलाशय हुए विलुप्त

जानकारी के अनुसार दस्तावेजों के आधार पर दमोह जिले में 11 तालाब चिन्हित थे। मौजूदा समय में अब सिर्फ 8 तालाब बचे हुए है। दमोह शहर स्थित कचौर तालाब, कैदी की तलैया और उमा मिस्त्री की तलैया पूरी तरह से विलुप्त हो चुकी है। इसी तरह शाजापुर जिले के शुजालपुर में कमलिया तालाब, रीवा जिले के पुरवा मनीराम पंचायत में 25 लाख की लागत में बना तालाब विलुप्त बताया जा रहा है। रिकार्ड में यह तालाब होने की कही गई है, जबकि जमीनी हकीकत में वहां तालाब नहीं है। इसी तरह यहीं के अमलिया पंचायत में एक तालाब रिकार्ड में दर्ज है, लेकिन मौके पर तालाब दिखाई नहीं देता। मजे की बात यह है कि ग्रामीणों द्वारा कई बार तालाब चोरी होने की रिपोर्ट भी दर्ज कराई है।

### अमृत सरोवर से बनी उम्मीदें

केन्द्र ने हर जिले में कम से कम एक नए जलाशय बनाने के लिए मिशन अमृत सरोवर योजना प्रारम्भ की थी, जिसमें प्रत्येक जिले में कम से कम 75 अमृत सरोवर विकसित करने का लक्ष्य निर्धारित है। लेकिन मध्यप्रदेश के कुछ जिले ही इस योजना को साकार स्वरुप मिल सका हैं। कहा तो यह भी जा रहा है कि कुछ जिलों में सिर्फ कागजों पर ही योजना के तहत अमृत सरोवर बनाए गए है। हालांकि पिछले दो वर्षो में सरकार ने इस योजना में लक्ष्य के करीबी पहुंचने में सफलता प्राप्त की है। स्थिति यह है कि अमृत सरोवरों के जल क्षेत्रों में मध्यप्रदेश ने 128 प्रतिशत की वृद्धि कर देश में पहला स्थान प्राप्त किया है।

### श्रमदान से भी जलाशयों को मिला जीवनदान

इसी सरकार के कार्यकाल के दौरान आदिवासी अंचलों में जलाशयों को विलुप्त होने से रोकने के लिए बेहतर काम हुए है। आदिवासियों ने अपनी पुरानी हलमा (आपसी सहयोग और श्रमदान) से कई तालाबों और कुंओं का जीणोद्धार किया गया है। विशेषकर झाबुआ जिले में इस दिशा में परिणाममूलक कार्य कराए गए है।

### पिछले दो साल में हुए बेहतर काम

हालांकि मौजूदा मध्यप्रदेश सरकार ने राज्य के जलस्रोत्रों को लेकर गंभीरता दिखाई है। पिछले दो वर्षो से जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पुराने जलाशय, झीलों व अन्य जलस्रोतो के जीणोद्दार के लिए परिणाममूलक कार्य कराए गए है। जिससे कई विलुप्त हो रही नदियों में एक बार फिर से पानी का बहाव प्रारम्भ हो सका है।

एक रिपोर्ट के आधार पर मध्यप्रदेश में 20 हजार जलस्रोत चिन्हित थे। इनमें से 40 प्रतिशत जलस्रोत विलुप्त हो चुके हैं। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मिशन अमृत सरोवर योजना के जरिए भी राज्य के जिलों में नए जलाशय अपेक्षानुसार मूर्त स्वरूप नहीं ले सके हैं। कई बड़ी वॉटर वॉडी अतिक्रमण व दूसरे कारण से अपने मूल स्वरूप को खोती जा रही हैं।

● डॉ. सुभाष पांडेय,
पर्यावरणविद

# जिलों को आत्मनिर्भर बनाएं कलेक्टर, कानून व्यवस्था पर भी गंभीरता से काम करें: सीएस

## कलेक्टर, कमिश्नर और पुलिस अधीक्षकों के साथ वीडियो कांफ्रेंस से की बैठक

विशेष संवाददाता, भोपाल। प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन ने जिलों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिलों की अपनी अर्थव्यवस्था होनी चाहिए, इस दिशा में कलेक्टर को पहल करनी होगी। अधिकारी कानून व्यवस्था पर भी गंभीरता से काम करें। मुख्य सचिव जैन ने यह निर्देश बुधवार को कलेक्टर, कमिश्नर और पुलिस अधीक्षकों के साथ वीडियों कांफ्रेंस के जरिए दी। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को संवेदनशीलता दिखाते हुए जरुरतमंदों की समस्याओं का निराकरण करना चाहिए। अवैध गतिविधियों पर पूरी तरह से अकुंश लगाना प्रशासनिक प्राथमिकता होनी चाहिए। नामांतरण, सीमांकन और बंटवारा के प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण हो और प्रयास करें कि एक भी प्रकरण निर्धारित अवधि से बाहर नहीं जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि जनसुनवाई के दौरान अधिकारी मानवीय दृष्टिकोण अपनाएं और शिकायतकर्ता की शिकायत को गंभीरता से लें ताथ उसका संतुष्टि पूर्वक निराकरण करें। जैन ने कहा कि स्वामित्व योजना पर बारीकी से काम होना चाहिए,साथ ही अधिकारी अपने जिलों का राजस्व बढ़ाने की दिशा में काम करें। इसी तरह सीएम हेल्पलाइन के शत-प्रतिशत प्रकरणों को अटैंड करने और पेयजल की शिकायतों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ दूर करने पर भी अधिकारियों को ध्यान देना होगा। सीएस जैन ने कहा पुलिस कप्तानों से कहा कि अवैध गतिविधियों में लिप्त व्यक्तियों और अपराधियों के बीच शासन-प्रशासन का ऐसा खौफ होना चाहिए कि वह कानून के खिलाफ कदम उठाने से पहले सोचने को मजबूर हो।




### शैक्षणिक संस्थाओं के पास नशे से जुड़े उत्पाद नहीं बिके

कांफ्रेंस में मौजूद पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने अधिकारियों से कहा कि वे स्वयं इस बात की तस्दीक करें कि किसी भी शैक्षणिक संस्थाओं के आस-पास के क्षेत्रों में ड्रग्स या नशे से जुड़े उत्पाद नहीं बिके। इन क्षेत्रों को पूरी तरह से ड्रग फ्री जोन बनाया जाए। पाक्सो एक्ट के मामलों पर त्वरित कार्रवाई की जानी चाहिए। इसी तरह प्रदेश भर में विस्फोटक अधिनियम का अधिकारी सख्ती से पालन कराए,इसके लिए आमजन को भी सूचना तंत्र में शामिल करें और अवैध गतिविधियों की जानकारी मिलने पर कार्रवाई की जाए। त्यौहारों में भी कानून व्यवस्था दुरस्त बनाई जाए। मुख्य सचिव ने नगरीय एवं ग्रामीण विकास, पीएचई, औद्योगिक नीति एवं निवेश तथा एमएसएमई विभाग की भी अलग-अलग समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

### 7871 पेड़ों की कटाई के विरोध में आज इकट्ठा होंगे सैकड़ों पर्यावरण कार्यकर्ता

जागरण संवाददाता, भोपाल। गुरुवार को अयोध्या बायपास क्षेत्र में हटाई गई अर्जुन नगर बस्ती के पास मुख्य मार्ग पर शहर के सैकड़ों पर्यावरण कार्यकर्ता इकट्ठा होंगे और पेड़ों की कटाई को लेकर विरोध दर्ज कराएंगे। शहर के पर्यावरण कार्यकर्ता और समाजसेवी उमाशंकर तिवारी के नेतृत्व में यह कार्यकर्ता रत्नागिरी तिराहे से आशाराम तिराहे के बीच काटे जा चुके पेड़ों का कटाई का विरोध दर्ज कराते हुए इन पेड़ों की आत्मिक शांति के लिए शोक मनाएंगे। तिवारी ने बताया कि इस दौरान हाथ में जंजीर बांधकर प्रदर्शन किया जाएगा और शहर में लगातार हो रही पेड़ों की कटाई का विरोध दर्ज कराया जाएगा। तिवारी ने बताया कि वे विकास के विरोधी नहीं हैं, लेकिन विकास के नाम पर पेड़ों और पर्यावरण के अस्तित्व पर संकट खड़े करने वालों के वे विरोधी हैं। इन पेड़ों के कटने से अयोध्या बायपास क्षेत्र का तापमान बढ़ेगा, क्योंकि सड़क पर खड़े रहने के लिए कहीं भी छायादार स्थान मौजूद नहीं रहेगा। तिवारी ने बताया कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की मुख्य बैंच द्वारा इन पेड़ों को काटने की अनुमति दी गई है।

# असिस्टेंट प्रोफेसर 50 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

## महिला प्राध्यापक से पोस्टिंग के एवज में मांगे थे चार लाख

मुख्य संवाददाता, भोपाल। लोकायुक्त पुलिस की इंदौर यूनिट ने बुधवार को मंडलेश्वर शासकीय महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक (असिस्टेंट प्रोफेसर) आत्माराम सोलंकी को 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। इंदौर जिले के मानपुर निवासी मनोज वास्केल ने लोकायुक्त एसपी इंदौर राजेश सहाय को शिकायत में बताया था कि उनकी पत्नी उर्मिला वास्कले पीएससी के जरिए असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर सिलेक्ट हुईं और उनकी पोस्टिंग धार के एक कॉलेज में हुई। इसके बाद से मंडलेश्वर कॉलेज का प्रोफेसर आत्माराम सोलंकी उन्हें फोन कर 4 लाख रुपये की रिश्वत मांग रहा था क्योंकि आरोपी का दावा था कि उसी ने उर्मिला की पोस्टिंग दलौदा (मंदसौर) से बदलकर उनके घर के नजदीक धार में करवाई है। शिकायत के मुताबिक सोलंकी पहले ही 1 लाख रुपये ले चुका था और बाकी के 3 लाख रुपये के लिए लगातार दबाव बना रहा था। लोकायुक्त पुलिस ने शिकायत को सत्यापन में सही पाया और आरोपी को पकड़ने के लिए जाल बिछाया। बातचीत में तय हुआ कि मनोज बुधवार को रिश्वत की अगली किश्त के रूप में 50 हजार रुपये प्रोफेसर को सौंपेगा। बुधवार को आत्माराम सोलंकी ने जैसे ही रिश्वत की रकम धामनोद बाईपास पर स्थित मधुबन ढाबे पर ली, वैसे ही पहले से मुस्तैद लोकायुक्त डीएसपी सुनील तालान की टीम ने प्रोफेसर को घूस लेते हुए रंगे हाथों दबोच लिया। आरोपी प्रोफेसर के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण संशोधन अधिनियम की धारा 7 के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई है। सोलंकी के खिलाफ की गई कार्रवाई की जानकारी संभागीय कमिश्नर के साथ ही उच्च शिक्षा विभाग के अफसरों को भी दे दी गई है।



### नौतपा में दिखे सूबे में मौसम के दो रंग, कहीं भीषण गर्मी तो कुछ जगह मिली राहत

# 36 जिलों में लू का टॉर्चर, महाकौशल और नीमच में आंधी-बारिश का अलर्ट

मुख्य संवाददाता, भोपाल। मध्य प्रदेश में नौतपा के दौरान मौसम के अलग-अलग रंग देखने को मिल रहे हैं। एक तरफ जहां बुंदेलखंड, बघेलखंड और चंबल संभाग के अधिकांश जिले भीषण लू (सीवियर हीट वेव) की चपेट में हैं, वहीं दूसरी तरफ महाकौशल और अन्य इलाकों में अगले 24 घंटों में तेज हवा और गरज-चमक के साथ हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। भोपाल स्थित मौसम केंद्र के मुताबिक बुधवार को सतना, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी जिलों में भीषण लू का प्रकोप रहा, वहीं दतिया, सिंगरौली, सीधी और मऊगंज में लू के साथ गर्म रात भी दर्ज की गई। इसके अलावा भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, नर्मदापुरम, खंडवा, खरगोन, रतलाम, उज्जैन, शाजापुर, मंदसौर, नीमच, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, मुरैना, श्योपुरकलां, अनूपपुर, डिंडोरी, राजगढ़, आगर, भिंड, रीवा, शहडोल, उमरिया, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, मंडला, दमोह, सागर और मैहर जिलों में भी लू चली। हालांकि रात के समय मौसम ने करवट बदली और छिंदवाड़ा, सिवनी, पांढुर्णा और बालाघाट जिलों में गरज-चमक के साथ तेज हवाएं चलीं।

- **इन 14 जिलों में सीवियर हीटवेव का अलर्ट:** पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, उमरिया, कटनी, दमोह, सागर और मैहर।
- **इन 26 जिलों में चलेगी लू:** भोपाल, बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, रतलाम, उज्जैन, शाजापुर, आगर, मंदसौर, नीमच, विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, अनूपपुर, शहडोल, जबलपुर और नरसिंहपुर।
- **छह जिलों में चलेगी तेज आंधी:** डिंडोरी, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट और पांढुर्णा।

### भोपाल में फिर चढ़ा पारा, नौगांव-खजुराहो सबसे गर्म

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जहां राजधानी में अधिकतम तापमान पिछले तीन दिनों से 43 डिग्री से नीचे चला गया था, वह बुधवार को फिर से उछला। भोपाल में बुधवार को अधिकतम तापमान 43.6 और न्यूनतम तापमान 29.6 डिग्री दर्ज किया गया। यह तापमान सामान्य से दो डिग्री च्यादा है। प्रदेश के खजुराहो और नौगांव में बुधवार को सर्वाधिक तापमान 46.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। इसके अलावा दतिया, रीवा, दमोह, टीकमगढ़ और राजगढ़ में मैक्सिमम टेंपरेचर 45 से ऊपर रहा। इसके अलावा सतना, श्योपुर, मंडला, नरसिंहपुर, ग्वालियर, रायसेन, सागर, मलाजखंड और गुना में पारा 44 के पार रहा। प्रदेश के गुना में सबसे अधिक न्यूनतम तापमान 31.4 डिग्री दर्ज किया गया।

# सांसद पर जीतू ने कसा तंज, गणेश बोले-अपनी सरकार को करें याद

## पटवारी ने कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को मोहन अभिनंदन यादव कहकर किया संबोधित

विशेष संवाददाता, भोपाल। विंध्य क्षेत्र के प्रवास पर पहुंचे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सतना सांसद गणेश सिंह पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि 25 साल के सांसदकाल में सतना विकास के मामले में शून्य हैं। इस पर सांसद सिंह ने कहा कि जीतू को अपने 18 माह की सरकार का कार्यकाल याद करना चाहिए। दरअसल पटवारी युवा जन संवाद कार्यक्रम में भाग लेने सतना पहुंचे थे, जहां उन्होंने पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पर कटाक्ष करते हुए उन्हें मोहन अभिनंदन यादव कहकर संबोधित किया था और उसके बाद सतना सांसद गणेश सिंह के कार्यकाल पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि 25 साल गणेश सिंह सतना संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे है,लेकिन सतना के विकास पर नजर डाले,तो समझ में आता है कि यहां क्षेत्र का नहीं भाजपा के लोगों ने अपना खुद का विकास किया हैं। उन्होंने राज्य सरकार की कार्यप्रणाली की तुलना अलीबाबा चालीस चोर से कहते हुए कहा कि मध्यप्रदेश पूरी तरह से भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबा हुआ हैं। पटवारी ने कहा कि यदि प्रदेश से भ्रष्टाचार के इस करेप्सन वाले कैंसर को खत्म करना है,तो हमें सांसद,विधायक निगम और पार्षद सबका सूपड़ा साफ करना होगा।



### पटवारी को प्रदेश का विकास दिखाई नहीं दे रहा



पटवारी के बयान के बाद सतना सांसद गणेश सिंह ने बुधवार को पलटवार किया। उन्होंने कहा कि पटवारी का बयान पूरी तरह से अमर्यादित है, जिन्होंने संवैधानिक पद पर बैठे सूबे के मुख्यमंत्री का नाम लेकर घटिया तरीके से अपनी बात रखी। पटवारी को प्रदेश का विकास दिखाई नहीं दे रहा है। वे जहां भी जा रहे हैं, सिर्फ मुख्यमंत्री, मंत्रियों और भाजपा के जनप्रतिनिधियों के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। सिंह ने कहा कि पीसीसी चीफ को दूसरों पर उंगुली उठाने से पहले खुद का हिसाब देना चाहिए।उनके अपने विधायक सिर्फ गेट और बोर्ड लगाकर फोटो खिंचवाने में व्यस्त हैं। भाजपा सांसद ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष को यह नहीं भूलना चाहिए कि 2003 से पहले कांग्रेस के शासनकाल में मध्यप्रदेश बीमारू राज्य की श्रेणी में खड़ा था। ऐसे में पटवारी को वर्तमान सरकार पर कीचड़ उछालने से पहले अपनी पार्टी के उस काले कार्यकाल का हिसाब जनता को देना चाहिए।

**नियुक्तियां**

### अब तक हुईं 62 नियुक्तियां, एक दर्जन से ज्यादा निगम-मंडल शेष

# प्रदेश के बचे निगम-मंडलों के लिए नए सिरे से होगा मंथन

विशेष संवाददाता, भोपाल। मध्यप्रदेश के उन निगम-मंडलों में राजनीतिक नियुक्तियों के लिए एक बार फिर से मंथन किया जाएगा। पूर्व में तैयार सूची में से कुछ नाम बदले जा सकते है। सरकार ये नियुक्तियां भाजपा की राष्ट्रीय टीम के गठन के बाद संभावित बताई जा रही है। गौरतलब है कि मध्यप्रदेश सरकार ने अब निगम, मंडल, आयोग और प्राधिकरणों में 62 नियुक्तियां की हैं। जबकि अभी भी 12 से ज्यादा संस्थाओं में राजनीतिक नियुक्तियां की जानी हैं। बताया गया है कि इन सभी संस्थाओं की नियुक्तियों के लिए नाम तय कर दिए गए हैं, लेकिन किसी राजनीतिक कारणों से उनकी घोषणा नहीं की गई है। भाजपा से जुड़े सूत्र बताते हैं कि अब शेष राजनीतिक नियुक्तियों के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भाजपा नेतृत्व के साथ फिर से मंथन करेंगे। जिसमें क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल, प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की भी मौजूदगी रहेगी। पं.दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के समापन के बाद इस मामले में भोपाल में बैठक हो सकती हैं।



### क्षेत्रीय संतुलन पर रहेगा फोकस

नई नियुक्तियां करने से पहले जिम्मेदार एक बार फिर से क्षेत्रीय,जातिगत और राजनीतिक समीकरण को लेकर चर्चा करेंगे। पार्टी निगम मंडल में प्रदेश के सभी अंचलों को बराबरी का प्रतिनिधित्व मिल सके,इसका प्रयास करेगी। इसमें पार्टी के वरिष्ठ और युवाओं को मौका मिल सके,इसका भी ध्यान दिया जाएगा। बताया गया है कि पार्टी ने एक बार फिर से उन जिलों से कुछ नेताओं और कार्यकर्ताओं के बारे में संगठनात्मक जानकारी मांगी है,जहां से अब तक राजनीतिक नियुक्तियां नहीं की गई हैं।

### अब तक हुई 62 नियुक्तियां

राज्य सरकार ने अब तक 62 नियुक्तियां की है। जिनमें 10 प्राधिकरण,8 निगम,5 आयोग,4 बोर्ड,3 समितियां और अन्य संस्थान शामिल हैं। इनमें प्रमुख तौर पर मध्यप्रदेश गृह निर्माण मंडल,लघु उद्योग निगम,अपेक्स बैंक के प्रशासक, राज्य महिला आयोग, बाल अधिकार संरक्षण आयोग,मध्यप्रदेश योग आयोग,मध्य प्रदेश युवा आयोगके अलावा राज्य वन विकास निगम, मध्यप्रदेश वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कॉपोरेशन, स्टेट सिविल सप्लाईज कॉपोरेशन,पाठ्य पुस्तक निगम प्रमुख संस्था है।

### इन आयोगों में की गईं नियुक्तियां अटकी

भोपाल और इंदौर विकास प्राधिकरण के अलावा देवास,कटनी और बुंदेलखण्ड विकास प्राधिकरण में अब तक नियुक्तियां अटकी हुई है। इनके अलावा मप्र.पर्यटन निगम, खनिज विकास निगम,ऊर्जा विकास निगम, बीज विकास निगम और मध्यप्रदेश एग्रो इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट प्राधिकरण में अभी नियुक्तियां की जानी है। इसी तरह राज्य योजना आयोग, वरिष्ठ नागरिक कल्याण आयोग, कृषक आयोग और सफाई कर्मचारी आयोग,दुग्ध विकास निगम, राज्य मदरसा बोर्ड,असंगठित कामगार बोर्ड, समाज कल्याण बोर्ड,राज्य हज कमेटी और व्यापार संवर्धन बोर्ड, खनिज विकास निगम, कौशल विकास एवं रोजगार बोर्ड, हस्तशिल्प एवं हथकरघा विकास निगम, बीज एवं फर्म विकास निगम जैसी बड़ी संस्थाओं में भी अब तक नियुक्तियां नहीं की जा सकी हैं।

### टी राजा सिंह की सभा के लिए अनुमति का आवेदन लंबित

जबलपुर। भोपाल की संस्था धर्मरक्षक 31 मई को भोपाल के गांधीनगर बस स्टैंड के समीप धर्मसभा का आयोजन करने जा रही है। इस सभा में हैदराबाद के विधायक हिंदूवादी नेता टी राजा को आना है। लेकिन आयोजन की अनुमति के लिए भोपाल के डिप्टी पुलिस कमिश्नर को दिया गया आवेदन अभी तक लंबित है। इसका निराकरण नहीं किया गया है। संस्था ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। सुनवाई 29 मई को होगी। धर्मरक्षक भोपाल जिलाध्यक्ष माधव सेन के अधिवक्ता अतुल जैसवानी ने बताया कि गत 18 मई को उन्होंने डिप्टी पुलिस कमिश्नर को आयोजन की अनुमति के लिए आवेदन दिया था। निराकरण नहीं होने पर 27 मई को आवेदन दिया गया। इस आवेदन पर डिप्टी पुलिस कमिश्नर कार्यालय से टीप लिख दी गई कि संबंधित पुलिस थाने से अभिमत मांगा गया है।

# प्राइवेट सेक्टर बनाएगा देश का पहला 5वीं पीढ़ी का पूर्ण स्वदेशी स्टील्थ फाइटर जेट

**रक्षा मंत्रालय ने सरकारी कंपनी एचएएल को किया प्रक्रिया से बाहर**



**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत अब सिर्फ लड़ाकू विमान खरीदने वाला देश नहीं रहा, बल्कि खुद अगली पीढ़ी का स्टेल्थ फाइटर जेट बनाने की तैयारी में जुट गया है। रक्षा मंत्रालय ने एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) परियोजना के लिए रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल जारी कर देश के स्वदेशी पांचवीं पीढ़ी के स्टेल्थ फाइटर कार्यक्रम को नई ऊंचाई दी है। यह देश का पहला पूर्ण स्वदेशी पांचवीं पीढ़ी का स्टेल्थ फाइटर होगा।

**2028** से 2032 के बीच उड़ान भर सकता है पहला प्रोटोटाइप

**2035** के बाद भारतीय वायुसेना में शामिल हो सकता है।

### प्राइवेट सेक्टर को मिला बड़ा मौका

रक्षा मंत्रालय ने सरकारी कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को प्रक्रिया से बाहर रखा है। इसके बजाय तीन प्राइवेट कंपनियों के कंसोर्टियम को आएएफ जारी किया गया है। इनमें टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स, लार्सन एंड टुब्रो-भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड और भारत फोर्ज-बेमल कंसोर्टियम शामिल हैं। 15,000 करोड़ रुपये की इस परियोजना के तहत चुनी गई प्राइवेट कंपनी आंध्र प्रदेश में एक नई ग्रीनफील्ड सुविधा केंद्र स्थापित करेगी। इस केंद्र में एएमसीए के पांच प्रोटोटाइप तैयार किए जाएंगे।

### डीआरडीओ-एडीए के साथ मिलकर होगा काम

सरकार पूरे प्रोजेक्ट को फंड कर रही है। निजी पार्टनर को डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन (डीआरडीओ) के अंतर्गत एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (एडीए) के साथ मिलकर काम करना होगा। पूरा प्रोजेक्ट आंध्र प्रदेश के पुट्टपर्थी में 650 एकड़ भूमि पर विकसित की जा रही नई सुविधा में किया जाएगा।

### 2027 तक होगा अनुबंध

एडीए और डीआरडीओ ने 2025 के मिड में एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट जारी किया था, जिसके लिए सात कंपनियों ने आवेदन किया था। फरवरी में तकनीकी मूल्यांकन के बाद तीन कंसोर्टियम को शॉर्टलिस्ट किया गया।

इन कंपनियों को प्रपोजल जमा करने के लिए 2-3 महीने का समय मिला है। एल 1 चयन और अनुबंध जनवरी-मार्च 2027 तक पूरा होने की उम्मीद है। पहला प्रोटोटाइप 2028 से 2032 के बीच उड़ान भर सकता है, जबकि बड़े पैमाने पर उत्पादन शुरू होने के बाद विमान 2035 के बाद वायुसेना में शामिल हो सकता है।



## संक्षिप्त समाचार

### सीएम विजय ने की पीएम मोदी से मुलाकात



**नई दिल्ली, जेएनएन।** तमिलनाडु के सीएम विजय ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। सीएम विजय फूलों का गुलदस्ता लेकर पीएम मोदी के लिए पहुंचे। इस मौके पर उन्होंने पीएम मोदी को एक शॉल भी सम्मान के तौर पर ओढ़ाई। सीएम विजय अपने काले कोट और व्हाइट शर्ट वाली ड्रेस में ही पीएम मोदी से मिले। इससे पहले दिल्ली पहुंचने पर पीएम मोदी का तगड़ा स्वागत हुआ। तमिलनाडु में टीवीके की जीत के बाद विजय ने 10 मई को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी।

### यूसीसी लागू करने वाला तीसरा राज्य बना असम

**गुवाहाटी, जेएनएन।** देश में समान नागरिक कानून लागू करने वाला असम तीसरा राज्य बन चुका है। उत्तराखंड और गुजरात में यह पहले से लागू है। बुधवार को असम विधानसभा ने विपक्ष के भारी हंगामे और विरोध के बीच 'समान नागरिक संहिता' विधेयक को बहुमत से पारित कर दिया है। इस कानून का उद्देश्य राज्य में विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और लिव-इन रिलेशनशिप को नियंत्रित करने के लिए बिना किसी धार्मिक भेदभाव के सभी नागरिकों के लिए एक समान कानूनी ढांचा स्थापित करना है। विधेयक पर चर्चा के दौरान विपक्षी दलों ने मांग की थी कि कानून की संवेदनशीलता को देखते हुए इसे पहले विधानसभा की प्रवर समिति के पास विस्तृत संवीक्षा के लिए भेजा जाए।



### स्टेशन पर वड़ा पाव-डोसा अभी नहीं होंगे महंगे: रेलवे

**नई दिल्ली, जेएनएन।** ट्रेन यात्रियों के लिए फिलहाल राहत की खबर है। रेलवे स्टेशनों पर मिलने वाले वड़ा पाव, समोसा, डोसा और पाव भाजी जैसे फूड आइटम्स के दाम बढ़ने की चर्चा के बीच सेंट्रल रेलवे ने प्रस्तावित रेट बढ़ोतरी पर फिलहाल रोक लगा दी है। इससे पहले खबरें आई थीं कि नई कीमत 1 जून 2026 से लागू की जा सकती हैं, लेकिन अब यात्रियों को तुरंत महंगाई का झटका नहीं लगेगा। रेलवे द्वारा पूर्व में जारी की गई प्रस्तावित रेट लिस्ट के मुताबिक 50 ग्राम बटाटा वड़ा 15 रुपये में मिलने वाला था, जबकि उसके साथ दिया जाने वाला पाव अलग से पांच रुपये का तय किया गया था। जबकि वेज समोसा, वेज पफ और साबूदाना वड़ा की कीमत 20-20 रुपये प्रस्तावित थी। हालांकि फिलहाल इन नई दरों को लागू करने पर रोक लगा दी गई है।

# ईरान के प्रस्तावित समझौता ड्राफ्ट पर भड़का व्हाइट हाउस कहा -सबकुछ झूठा

## अमेरिका ने ईरानी मीडिया की तरफ से किए जा रहे दावों को सिरे से किया खारिज

**वाशिंगटन, जेएनएन।** ईरान ने दावा किया है कि अमेरिका के साथ संभावित समझौते का शुरुआती ड्राफ्ट तैयार हो गया है। रॉयटर्स के मुताबिक ईरान के सरकारी टीवी ने एक शुरुआती और अनौपचारिक दस्तावेज मिलने का दावा किया है, जिसमें अमेरिका-ईरान समझौते का ढांचा तैयार किया गया है। ड्राफ्ट के अनुसार अमेरिका ईरान के आसपास से अपनी सैन्य मौजूदगी हटाएगा और नौसैनिक घेराबंदी खत्म करेगा। इसके बदले ईरान 30 दिनों के भीतर होर्मुज स्ट्रेट में व्यावसायिक जहाजों की आवाजाही को युद्ध से पहले के स्तर पर बहाल करेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह व्यवस्था अमेरिकी सैन्य जहाजों पर लागू नहीं होगी। होर्मुज में जहाजों की आवाजाही का प्रबंधन ईरान और ओमान मिलकर करेंगे। ईरानी सरकारी मीडिया ने यह भी कहा कि समझौते का ड्राफ्ट अभी फाइनल नहीं है और बिना ठोस गारंटी के ईरान आगे नहीं बढ़ेगा।

मिडिल ईस्ट में जारी संघर्ष और तनाव को खत्म करने और पूर्ण शांति बहाल करने की कोशिशों के बीच अमेरिका और ईरान के एक नए प्रस्तावित ड्राफ्ट फ्रेमवर्क की जानकारी सामने आई है। यह ड्राफ्ट प्रपोजल, जिसे अभी अंतिम रूप नहीं दिया गया है, पिछले कई महीनों के संघर्ष के बाद तनाव कम करने क पहले के हिस्से के तौर पर पेश किया जा रहा है। हालांकि, अमेरिका के व्हाइट हाउस ने ईरानी मीडिया की तरफ से किए जा रहे इन दावों को सिरे से खारिज कर दिया है और इसे पूरी तरह से मनगढ़ंत करार दिया है।



**ट्रम्प बोले- ईरान को डील करनी ही पड़ेगी:** ट्रम्प ने कहा है कि वह ईरान के साथ जल्दबाजी में कोई समझौता नहीं करेंगे, क्योंकि उन्हें मिडटर्म चुनावों की चिंता नहीं है। उन्होंने दावा किया कि ईरान अब समझौता करने को मजबूर है। कैबिनेट बैठक के दौरान ट्रम्प ने कहा, ईरान को लगा था कि वे मुझे इंतजार करवाकर थका देंगे। उन्हें लगा कि मेरे सामने मिडटर्म चुनाव हैं, लेकिन मुझे इसकी परवाह नहीं है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ऐसा समझौता चाहता है, जो उसकी शर्तों के मुताबिक हो। ट्रम्प ने कहा, हम अभी डील से संतुष्ट नहीं हैं, लेकिन हो जाएंगे। नहीं तो हमें काम पूरा करना होगा।

### यूरेनियम सौंपने पर भी ईरान को प्रतिबंधों में राहत नहीं: ट्रंप

ट्रम्प ने साफ कहा है कि अगर ईरान अपना हाईली एनरिच्ड यूरेनियम सौंप भी देता है, तब भी उसे अमेरिकी प्रतिबंधों में कोई राहत नहीं दी जाएगी। एक न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू में ट्रम्प से पूछा गया था कि क्या मौजूदा समझौते के तहत ईरान को हाईली एनरिच्ड यूरेनियम छोड़ने के बदले प्रतिबंधों में राहत मिलेगी। इस पर ट्रम्प ने कहा, नहीं, बिल्कुल नहीं। प्रतिबंधों में कोई राहत नहीं मिलेगी। अमेरिका और ईरान के बीच इन दिनों परमाणु कार्यक्रम और युद्ध खत्म करने को लेकर बातचीत जारी है। हाईली एनरिच्ड यूरेनियम का मुद्दा दोनों देशों के बीच सबसे बड़े विवादों में शामिल है।

**ईरानी मीडिया के दावों पर व्हाइट हाउस की प्रतिक्रिया:** अमेरिका के राष्ट्रपति भवन यानी व्हाइट हाउस ने बुधवार को ईरानी मीडिया की तरफ से शांति समझौते संबंधी रिपोर्टिंग और दोनों देशों के बीच एक नए प्रस्तावित ड्राफ्ट की जानकारी को पूरी तरह से मनगढ़ंत करार दिया। व्हाइट हाउस ने एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि 'अमेरिका-इजरायल की ईरान के साथ युद्ध को खत्म करने के लिए संभावित समझौता ज्ञापन (एमओयू) को लेकर ईरानी मीडिया की रिपोर्ट्स सही नहीं है और पूरी तरह से झूठ की बुनियाद पर बनाई गई हैं, मनगढ़ंत हैं। ईरानी सरकारी मीडिया जो कुछ भी प्रसारित कर रहा है, उस पर किसी को भरोसा नहीं करना चाहिए, क्योंकि तथ्य मायने रखते हैं।' यह घटनाक्रम उस समय सामने आया जब सोमवार को अमेरिका ने ईरान पर हमला किया, जिसमें ईरानी मिसाइल ठिकानों और उन नावों को निशाना बनाया गया, जो कथित तौर पर समुद्री बारूदी सुरंगें बिछाने की कोशिश कर रही थीं। तेहरान ने इन हमलों को सीजफायर का उल्लंघन बताया जबकि अमेरिका ने इसे सेल्फ-डिफेंस की कार्रवाई करार दिया।

# सीबीएसई मार्किंग विवाद: वेदांत की आंसरशीट फिर आई चर्चा में

## 12वीं की कॉपी हाथ से चेक होने के मिले संकेत

**नई दिल्ली, जेएनएन।** कॉपी एक्सचेंज होने की गलती मानने के बाद सीबीएसई ने 12वीं के छात्र वेदांत को उनकी सही आंसरशीट भेज दी। सही उत्तरपुस्तिका मिलने के बाद वेदांत श्रीवास्तव ने उसके स्क्रीनशॉट सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर किए हैं। लेकिन उनकी आंसरशीट की तस्वीरें एक और वजह से लोगों का ध्यान खींच रही हैं। पोस्ट के साथ अटैच किए गए स्क्रीनशॉट में सीबीएसई कक्षा 12वीं की फिजिक्स की स्टैंडर्ड आंसर बुकलेट दिखाई दे रही हैं, जिनमें नीली लाइन वाली शीटें, छपे हुए प्रश्न नंबर, क्यूआर कोड सेक्शन और रोल नंबर लिखने की जगहें हैं। हालांकि सीबीएसई की नई ओएसएम (ऑनस्क्रीन मार्किंग) सिस्टम के तहत अपेक्षित डिजिटाइज्ड फॉर्मेट के विपरीत, इन पन्नों पर परीक्षक के लाल स्याही वाले निशान साफ दिखाई दे रहे हैं। कई जवाबों पर लाल निशान लगे हैं, जो यह दिखाते हैं कि उन हिस्सों को सही ढंग से हल किया गया है। प्रश्न नंबर और दिए गए अंकों पर हाथ से घेरा बनाया गया है, जबकि कुछ सेक्शन में तिरछी लाइनें, हाथ से लिखी टिप्पणियां और परीक्षक के ऐसे निशान हैं जो आमतौर पर आंसर कॉपियों की हाथ से चेकिंग के दौरान लगाए जाते हैं। ये निशान सीधे ऑरिजनल आंसर बुकलेट के स्कैन किए गए पन्नों पर दिखाई दे रहे हैं।

**वेदांत फिर जंचवाएंगे अपनी कॉपी:** सीबीएसई 12वीं की आंसरशीट बदले जाने की शिकायत के बाद वेदांत श्रीवास्तव के अंक 65 से बढ़कर 74 हो गए हैं। सीबीएसई ने अपनी गलती मानी और उन्हें उनकी सही कॉपी भेज दी। लेकिन फिक्र अभी बाकी है। विवाद अभी खत्म नहीं हुआ है। वेदांत ने अपनी सही आंसरशीट की चेकिंग के तौर तरीके पर सवाल उठाया है और सीबीएसई से अपनी कॉपी री-इवैल्यूशन कराने का फैसला किया है।

### मंत्री प्रधान का पद से चिपके रहना शर्मनाक: कांग्रेस



कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि अगर उनकी बात मानी गयी होती, तो लाखों छात्रों को अनावश्यक परेशानी से बचाया जा सकता था। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने शिक्षा मंत्री प्रधान पर निशाना साधते हुए कहा कि दरअसल, शिक्षा मंत्रालय का अहंकार और समझदारी भरी सलाह को अनसुना करना कोई नई बात नहीं है, बल्कि यह ऊपर से-खुद 'मंत्री प्रधान' की कार्यशैली से तय होने वाली नीति है।

### लाखों छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ हुआ : राहुल



सीबीएसई के परीक्षा परिणामों को लेकर उठे विवाद ने अब सियासी रंग ले लिया है। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार और पीएम मोदी पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया है कि लाखों छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया है।

### केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में अहम फैसला

# पीडीएस को आधुनिक बनाने 25530 करोड़ रुपए मंजूर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राशन दुकानों को समर्थन देने और सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) को आधुनिक बनाने के लिए 25,530 करोड़ रुपये की सार्थक पीडीएस योजना योजना को मंजूरी दे दी है। यह योजना मार्च 2031 तक पांच वर्षों के लिए लागू रहेगी। सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को यह जानकारी दी। सरकार के इस बड़े कदम का सीधा और सकारात्मक असर देश के उन 80 करोड़ नागरिकों पर पड़ेगा जो अपनी बुनियादी जरूरतों के लिए सरकार के खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम पर निर्भर हैं।



केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, 'आज मंत्रिमंडल ने एक ऐसा निर्णय लिया है जो देश के 80 करोड़ नागरिकों को प्रभावित करेगा। जैसा कि आप सभी जानते हैं, भारत वर्तमान में विश्व का सबसे बड़ा खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम चला रहा है। इस खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम के तहत 80 करोड़ नागरिकों को हर महीने बुनियादी राशन उपलब्ध कराया जाता है। यह इतना विशाल कार्यक्रम है कि इसे वैश्विक स्तर पर समावेशी विकास के उदाहरण के रूप में उद्धृत किया जाता है।

पहले चरण में सार्थक-पीडीएस योजना के साथ राज्य के भीतर खाद्यान्न परिवहन के लिए राज्य एजेंसियों को सहायता दी जाएगी। इसके साथ ही उचित मूल्य की दुकानों के लिए समर्थन का प्रावधान होगा।

### मणिपुर हिंसा मामले की सुनवाई में तेजी लाई जाए : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि 2023 के मणिपुर जातीय हिंसा मामले में चल रहे मुकदमे में तेजी लाने की जरूरत है। इसके साथ ही अदालत ने अधिकारियों से वस्तु स्थिति रिपोर्ट मांगी। मणिपुर में तीन मई, 2025 को पर्वतीय जिलों में आयोजित आदिवासी एकजुटता मार्च के बाद जातीय हिंसा हुई थी। यह विरोध-प्रदर्शन मैतेयी समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की मांग के खिलाफ हुआ था। हिंसा में 260 से अधिक लोगों की जान चली गई और हजारों लोग विस्थापित हुए। बुधवार को मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने गौर किया कि एसआईटी की रिपोर्ट के अनुसार, 400 से अधिक आरोपियों के खिलाफ 207 मामलों में आरोपपत्र दाखिल किए जा चुके हैं। पीठ गुवाहाटी हाईकोर्ट द्वारा दो आरोपियों, अरुण खुंडोंगबम और नामिरकपम किरण मेइती को जमानत दिए जाने के खिलाफ सीबीआई की याचिका पर सुनवाई कर रही है। उन पर पीड़िताओं के साथ सामूहिक बलात्कार और उन्हें निर्वस्त्र कर घुमाने का आरोप है। न्यायालय ने कहा कि हमारा मानना है कि मुकदमे की कार्यवाही में तेजी लाने की आवश्यकता है।



### ऑनलाइन ठगी: निवेश और टास्क के नाम पर 5 लोगों से 16.37 लाख की धोखाधड़ी

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** भोपाल में 24 घंटे के अंदर 5 लोगों से ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामले सामने आए हैं। जालसाजों ने एपीके फाइल डाउनलोड करवाकर, निवेश और टास्क पूरा करने के नाम पर लोगों से कुल 16.37 लाख की ठगी की है। इनकी शिकायत साइबर पुलिस से की गई थी। जहां से जांच प्रतिवेदन आने पर संबंधित थानों में असल कायमी कर जांच शुरू हो गई है। इसमें एक देहात का थाना बैरसिया भी शामिल है। शाहजहांनबाद पुलिस के मुताबिक, 45 वर्षीय विवेक कुमार संजय नगर में रहते हैं। उनके पास जालसाज का फोन आया था। कॉलर ने धोखे से उनसे एपीके फाइल डाउनलोड करवा ली। इसके बाद उनके क्रेडिट कार्ड से 31 हजार रुपए निकाल लिए गए। इसी इलाके के दोगुना मुनाफा कमाने का लालच देकर ठगी की गई। यह ठगी न्यू मौलाना आजाद कॉलोनी निवासी शबाना शहाब के साथ हुई। उन्हें सोशल मीडिया टेलीग्राम से जोड़ा गया। बाद में प्रोडक्ट लाइक करने के बदल पैसे कमाने का झांसा दिया। वर्चुअल साइट पर उन्हें रकम बढ़ते दिखाई गई। झांसे में आने के बाद उन्होंने 4.36 लाख रुपए जमा कर दिए। जब पैसे वापस मांगे तो जालसाजों ने उन्हें ब्लॉक कर मोबाइल नंबर बंद कर लिए।

**दोगुना मुनाफे का लालच देकर ठगा:** स्टेशन बजरिया पुलिस ने राहुल निवासी द्वारिका नगर की शिकायत पर केस दर्ज किया है। उन्हें पिनप ट्रेडिंग कंपनी में निवेश पर दोगुना मुनाफे का लालच दिया गया। लालच देकर एक लाख 21 हजार रुपए ठग लिए गए। वहीं दुर्गा नगर निवासी सुनील सूर्यवंशी से भी निवेश के नाम पर साढ़े सात लाख जमा करवा लिए।

### 6 जून को पीएम आ सकते हैं प्रदेश प्रवास पर

**विसं, भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 6 जून को मध्यप्रदेश के प्रवास पर आ सकते हैं। हालांकि उनके प्रवास को लेकर अब तक कोई पुष्टि नहीं हो सकी है, लेकिन सूत्रों का कहना है कि पीएम गाडरवारा में एनटीपीसी के नवनिर्मित ईकाई के भूमिपूजन के लिए आ सकते हैं। गौरतलब है कि नरसिंहपुर के गाडरवारा के गंगई-डोंगरगढ़ में एनटीपीसी सुपर थर्मल पावर प्लांट स्थापित कर रहा है। सूत्रों की मानें तो इस नए प्रोजेक्ट के विस्तार के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भूमिपूजन कार्यक्रम में आने का आग्रह किया था। उल्लेखनीय है कि जब प्रधानमंत्री का मध्यप्रदेश प्रवास होगा, उस दौरान उनकी सरकार के 12 साल पूरे होने पर राज्य में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस बीच नरसिंहपुर कलेक्टर ने गाडरवारा पहुंचकर प्लांट क्षेत्र का अवलोकन किया है। गुरुवार को भाजपा संगठन एवं जिला प्रशासन की बैठकें बुलाई गई हैं, जिसमें पीएम के कार्यक्रम को लेकर रणनीति तैयार की जाएगी।

**भारत ही नहीं यूरोप में गर्मी ने तोड़े सारे रिकॉर्ड**

# भीषण हीटवेव की चपेट में हैं कई देश

**नई दिल्ली, जेएनएन।** यूरोप में अभी गर्मियों की शुरुआत भी नहीं हुई है, लेकिन इससे पहले ही पारा काफी बढ़ चुका है। यूरोप के कई देशों में तापमान ने दशकों पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। ब्रिटेन, फ्रांस और स्पेन सहित पश्चिमी यूरोप के बड़े हिस्से इस समय खतरनाक गर्मी से जूझ रहे हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह केवल एक मौसम बदलाव नहीं, बल्कि मानव-जनित जलवायु परिवर्तन का स्पष्ट संकेत है। इसी बीच भारत और पाकिस्तान में भी तापमान सामान्य से कई डिग्री ऊपर पहुंच चुका है। मई महीने में गर्मी ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं।

**ब्रिटेन में 100 साल पुराना रिकॉर्ड टूटा:** ब्रिटेन में सोमवार को लंदन के क्यू गार्डन्स में तापमान 34.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो मई महीने और मौसम विज्ञान के अनुसार वसंत ऋतु का अब तक का सबसे अधिक तापमान था। लेकिन गर्मी का यह रिकॉर्ड सिर्फ एक दिन के लिए नहीं था, बल्कि अगले दिन मंगलवार को तापमान 35.1 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो कि वसंत ऋतु सबसे ज्यादा गर्म दिन बन गया। ब्रिटेन की मौसम एजेंसी ने इसे इस समय के लिए अभूतपूर्व गर्मी बताया है।



### फ्रांस में हीटवेव से दो की मौत

फ्रांस में भी मई के लिए कई जगहों पर रिकॉर्ड तापमान दर्ज हुआ। मौसम विभाग के अनुसार तापमान सामान्य से 13 डिग्री सेल्सियस तक ज्यादा चल रहा है, जिसे असाधारण रूप से जल्दी, तीव्र और लंबे समय तक रहने वाली गर्मी बताया गया है। जर्मनी में पहली बार शनिवार को तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। जून की शुरुआत से पहले ही इस तरह का तापमान सामान्य नहीं माना जाता। जर्मनी के पश्चिमी और दक्षिणी हिस्सों में लोगों को तेज धूप और गर्म हवाओं का सामना करना पड़ रहा है। कई शहरों में पार्क, झीलों और खुले स्विमिंग क्षेत्रों में भीड़ बढ़ गई है क्योंकि लोग गर्मी से राहत पाने की हर संभव कोशिश कर रहे हैं। जर्मन मौसम एजेंसियों ने चेतावनी दी है कि आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ सकता है, जिससे बुजुर्गों, बच्चों और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहे लोगों पर अधिक असर पड़ सकता है।

**कम उम्र में बड़े अपराध:** हर दिन 10 किशोर बन रहे आरोपी, नाबालिगों के अपराध में एमपी टॉप-3, रेप में देश में नंबर-1

# हत्या, किडनैपिंग और हिंसा में बढ़ी नाबालिगों की भागीदारी

### किशोर अपराध मामलों में टॉप-3 राज्य

| राज्य | मामले |
|---|---|
| बिहार | 5037 |
| महाराष्ट्र | 3779 |
| मध्य प्रदेश | 3474 |

### एमपी में 2024 में किशोरों द्वारा किए गए टॉप अपराध

| अपराध | मामले |
|---|---|
| दंगा और हिंसा | 1025 |
| संपत्ति अपराध | 941 |
| चोट / मारपीट | 516 |
| बच्चों से जुड़े अपराध | 408 |
| रेप | 260 |



**जागरण, भोपाल।** मध्यप्रदेश में नाबालिग कम उम्र में बड़े अपराधों को अंजाम दे रहे हैं। किशोर अपराध केवल जेब काटने या छोटी-मोटी चोरी, लड़ाई-झगड़ों तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि राज्य में नाबालिग अब रेप, किडनैपिंग, हत्या की कोशिश, हिंसक वारदात जैसे गंभीर अपराधों में भी शामिल हैं। राज्य में औसतन हर दिन 9 से 10 किशोर अपराध के मामले दर्ज हुए। एनसीआरबी की 2024 के रिकॉर्ड के अनुसार एमपी देश में किशोर अपराध के मामलों में तीसरे नंबर पर है, जबकि नाबालिगों द्वारा किए गए रेप मामलों में राच्य पूरे देश में नंबर वन पर है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की 2024 रिपोर्ट के मुताबिक मध्यप्रदेश में कुल 3474 मामलों में किशोर अपराधी पाए गए। इससे आगे केवल बिहार 5037 और महाराष्ट्र 3779 हैं। यानी राच्य में औसतन हर दिन 9 से 10 किशोर अपराध के मामले दर्ज हुए। इनमें सबसे ज्यादा 1025 मामले दंगा और सामूहिक हिंसा से जुड़े रहे। इसके अलावा 941 मामले चोरी, लूट और डकैती जैसे संपत्ति अपराधों के थे। मारपीट और गंभीर चोट पहुंचाने के 516 मामले सामने आए। महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों के 408 मामलों में किशोर आरोपी पाए गए। जबकि किडनैपिंग के 157, हत्या के प्रयास 146, हत्या के 101 मामले दर्ज हुए है।

### हिंसक कंटेंट, नशा और पारिवारिक माहौल अस्थिर होना बड़ी वजह

वरिष्ठ मनोवैज्ञानिक डॉ. विनय मिश्रा के अनुसार बच्चों में बढ़ती आक्रामकता के शुरुआती संकेत बचपन से दिखाई देने लगते हैं। जानवरों को नुकसान पहुंचाना, आगजनी जैसी हरकतें या हिंसक व्यवहार भविष्य में गंभीर अपराध प्रवृत्ति का संकेत हो सकते हैं। कई मामलों में पारिवारिक कलह, घरेलू हिंसा, गाली-गलौज वाला माहौल, नशे की आसान उपलब्धता और बस्तियों का वातावरण बच्चों के व्यवहार को प्रभावित करता है। ऐसे माहौल में पलने वाले बच्चों के लिए हिंसा सामान्य बनती चली जाती है। डॉ. मिश्रा के मुताबिक सोशल मीडिया, हिंसक वीडियो गेम्स और इंटरनेट पर बिना निगरानी के उपलब्ध कंटेंट भी किशोरों में आक्रामकता बढ़ाने का बड़ा कारण बन रहे हैं। कम उम्र में हिंसक दृश्य और अपराध आधारित सामग्री देखने से बच्चों में संवेदनशीलता कम होती जा रही है। टूटते परिवार, माता-पिता के बीच लगातार विवाद, बच्चों पर निगरानी की कमी और कम उम्र में नशे तक पहुंच भी किशोर अपराध को बढ़ा रही है। कई किशोर नशे की लत पूरी करने के लिए चोरी, मारपीट और अन्य अपराधों की ओर बढ़ रहे हैं। वहीं जिन बच्चों का पारिवारिक माहौल अस्थिर होता है, उनमें अपराध की ओर झुकाव अधिक देखा जा रहा है।

### एनसीआरबी रिपोर्ट ने बढ़ाई चिंता

सबसे ज्यादा चिंता की बात यह है कि नाबालिगों द्वारा किए गए रेप मामलों में मध्य प्रदेश ने देश के सभी 28 राज्यों को पीछे छोड़ दिया है। एनसीआरबी डेटा के मुताबिक एमपी में 260 रेप मामलों में किशोर आरोपी पाए गए, जबकि महाराष्ट्र में 155 और राजस्थान में 153 मामले दर्ज हुए। जो एमपी से काफी कम हैं।

## बाजार पर नजर



शेयर बाजार में आज

-142 75,868

**Nifty 50 Top Gainers**

| Scrip | High | %Gain |
|---|---|---|
| Hindalco | 1,154.00 | 4.16% |
| TMPV | 404.00 | 3.98% |
| Power Grid Corp | 301.25 | 2.60% |
| Eternal | 258.88 | 2.53% |
| NTPC | 403.10 | 2.17% |

**Nifty 50 Top Losers**

| Scrip | Close | %Loss |
|---|---|---|
| ONGC | 272.45 | -4.68% |
| ITC | 291.05 | -3.22% |
| HDFC Bank | 756.90 | -2.60% |
| HDFC Life | 608.65 | -1.49% |
| Wipro | 200.20 | -1.06% |

**फोरेक्स रेट**

| मुद्रा | बिक्री |
|---|---|
| $ डॉलर | 96.6900 |
| € यूरो | 111.45 |
| ¥ येन | 0.6006 |
| £ पौंड | 128.67 |

### ऑपरेशन कास्ट और फ्यूल महंगा होने का असर

# एअर इंडिया 800 घरेलू फ्लाइट्स घटाएगी इंडिगो भी उड़ानों में 7 प्रतिशत कमी करेगी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** टाटा ग्रुप की एयरलाइन एअर इंडिया हर हफ्ते करीब 800 घरेलू उड़ानों में कटौती कर रही है। यह बदलाव जून से अगस्त 2026 के बीच रहेगा। कंपनी ने यह फैसला जेट फ्यूल की बढ़ती कीमतों के कारण लिया है। वहीं एक न्यूज रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इंडिगो भी अपनी घरेलू उड़ानों में 5 प्रतिशत से 7 प्रतिशत की कटौती कर सकती है।

एअर इंडिया वर्तमान में हर हफ्ते करीब 4400 उजडानें ऑपरेट कर रही है। इनमें करीब 3600 घरेलू और 800 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शामिल हैं। कंपनी ने 22 प्रतिशत तक घरेलू फ्लाइट्स में कटौती का ऐलान किया है।

उड़ानों में कटौती की सबसे बड़ी वजह 28 फरवरी को ईरान पर हुए हमलों के बाद मिडिल ईस्ट में चल रहा संघर्ष है। इससे जेट फ्यूल की कीमतों में इजाफा हुआ है।



### स्थिति सामान्य होने पर बहाल होंगी उड़ानें

एअर इंडिया का कहना है कि वह बाजार की मांग और ऑपरेटिंग परिस्थितियों पर बारीकी से नजर रखेगी। जैसे ही परिस्थितियां सामान्य और स्थिर होंगी, उड़ानों की संख्या को दोबारा बहाल करने पर विचार किया जाएगा।

### फ्यूल खर्च 40 से बढ़कर 60 प्रतिशत हुआ

इंटरनेशनल ऑटोमोबाइल फेडरेशन के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय और घरेलू सेक्टर में फ्यूल की कीमतों के भारी अंतर ने एयरलाइंस के नेटवर्क को वित्तीय रूप से अस्थिर बना दिया है। पहले एयरलाइंस के कुल ऑपरेशनल खर्च में फ्यूल का हिस्सा 40 प्रतिशत होता था, जो बढ़कर 60 प्रतिशत तक पहुंच गया है। एविएशन एनालिटिक्स फर्म 'सिरियम' के आंकड़ों के मुताबिक, मार्च और अप्रैल में भारत की चार सबसे बड़ी एयरलाइंस के ऑपरेशन्स में पिछले साल की तुलना में 6 प्रतिशत की गिरावट आई है। इस दौरान इंडिगो ने 4.5 प्रतिशत और एअर इंडिया ने 7.5 प्रतिशत कम उड़ानें संचालित कीं। एअर इंडिया की बजट एयरलाइन एयर इंडिया एक्सप्रेस में सबसे ज्यादा 17.1 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

# 1 जून से 12800 तक महंगी होंगी हुंडई की कारें



**नई दिल्ली, जेएनएन।** हुंडई मोटर इंडिया की कारें 1 जून 2026 से महंगी होने जा रही हैं। कंपनी ने अपनी कारों की कीमतों में 12,800 रुपए तक की बढ़ोतरी करने का फैसला किया है। नई कीमतें अलग-अलग मॉडल और वेरिएंट के आधार पर तय की जाएंगी। इससे पहले कंपनी ने 8 अप्रैल 2026 को कीमतों को बढ़ाने के संबंध में एक लेटर जारी किया था, लेकिन अब मौजूदा मार्केट की स्थिति को देखते हुए इसे 1 जून से लागू करने का फैसला लिया गया है। कंपनी ने यह कदम बाजार की मौजूदा परिस्थितियों और ग्राहकों के हितों के बीच एक संतुलित तालमेल बनाने के उद्देश्य से उठाया है।

## शिप्रा परिक्रमा पर मिले 1000 साल पुराने अवशेष

**जागरण, उज्जैन।** प्रदेश की धार्मिक और आध्यात्मिक नगरी उज्जैन में शिप्रा परिक्रमा मार्ग पर एक महत्वपूर्ण पुरातात्विक खोज सामने आई है। दो दिवसीय शिप्रा परिक्रमा के दौरान, पुरातत्वविदों और शोधकर्ताओं को लगभग एक हजार वर्ष पुराने परमारकालीन मंदिर के अवशेष मिले हैं। मुख्यमंत्री ने इस परिक्रमा का समापन किया था। यह खोज शिप्रा तट पर स्थित बड़े पुल के पास रणजीत हनुमान मंदिर के सामने कामाख्या माता मंदिर क्षेत्र में हुई। यहां खुदाई और निर्माण कार्य के दौरान बड़ी संख्या में प्राचीन स्थापत्य खंड, स्तंभों के अवशेष और नक्काशीदार पत्थर प्राप्त हुए हैं।

## डब्ल्यूसीआर के 43 स्टेशनों पर 665 करोड़ से अधिक की सिग्नलिंग परियोजनाओं को स्वीकृति

**जबलपुर।** भारतीय रेल ने रेल सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा परिचालन दक्षता में वृद्धि के उद्देश्य से पश्चिम मध्य रेल के अंतर्गत दो महत्वपूर्ण सिग्नलिंग आधुनिकीकरण कार्यों को स्वीकृति प्रदान की है। इन परियोजनाओं के अंतर्गत वर्तमान पैनल इंटरलॉकिंग प्रणाली को अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली से प्रतिस्थापित किया जाएगा तथा ट्रैक सर्किट के समानांतर मल्टी सेक्शन डिजिटल एक्सल काउंटर प्रणाली स्थापित की जाएगी। इन दोनों परियोजनाओं की कुल स्वीकृत लागत ?665.14 करोड़ है, जिससे पश्चिम मध्य रेल के 43 स्टेशनों को लाभ मिलेगा। स्वीकृत कार्यों के अंतर्गत इटारसी-जबलपुर रेलखंड के 19 स्टेशनों पर पैनल इंटरलॉकिंग प्रणाली को इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग एवं ट्रैक सर्किट के समानांतर MSDAC प्रणाली से प्रतिस्थापित करने का कार्य 271.31 करोड़ की लागत से किया जाएगा। इसी प्रकार जबलपुर- मानिकपुर रेलखंड के 24 स्टेशनों पर भी पैनल इंटरलॉकिंग प्रणाली के स्थान पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग एवं ट्रैक सर्किट के समानांतर MSDAC प्रणाली स्थापित करने का कार्य 393.83 करोड़ की लागत से स्वीकृत किया गया है। ये परियोजनाएं भारतीय रेल द्वारा उच्च घनत्व नेटवर्क एवं अत्यधिक उपयोग वाले नेटवर्क मार्गों पर शेष स्टेशनों में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग उपलब्ध कराने की व्यापक आधुनिकीकरण योजना का हिस्सा हैं। इन मार्गों पर पहले से ही कवच, ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग तथा सेंट्रलाइज्ड ट्रैफिक कंट्रोल जैसी उन्नत सुरक्षा प्रणालियों के क्रियान्वयन की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से रेल संचालन की सुरक्षा में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, सिग्नलिंग प्रणालियों की विश्वसनीयता बेहतर होगी, परिचालन क्षमता एवं लाइन क्षमता में वृद्धि होगी तथा रखरखाव संबंधी आवश्यकताओं में कमी आएगी। साथ ही व्यस्त रेलखंडों पर ट्रेनों का संचालन अधिक सुचारु एवं कुशलतापूर्वक किया जा सकेगा। यह स्वीकृति भारतीय रेल की आधुनिक सिग्नलिंग तकनीकों को अपनाने तथा राष्ट्रीय रेल नेटवर्क पर सुरक्षा अवसंरचना को और अधिक सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

**आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग एवं उन्नत सुरक्षा प्रणालियों से होगा रेल संचालन**

## इंदौर-महू डेमू ट्रेन के इंजन से निकला धुआं

**जागरण, इंदौर।** इंदौर-महू के बीच चलने वाली डेमू ट्रेन जब ट्रैक पर दौड़ रही थी, तब अचानक इंजन से धुआं निकलने लगा। लोको पायलट ने समझदारी दिखाते हुए तुरंत ट्रेन रोक दी। इंजन से धुआं उठता देख यात्रियों में हड़कंप मच गया और कई यात्री तत्काल बोगी से नीचे उतर गए। इस दौरान ट्रेन आधे घंटे तक रुकी रही। ट्रेन अरण्याखेड़ी स्टेशन पहुंची, जहां तकनीकी कर्मचारियों ने जांच की। इसके बाद ट्रेन को इंदौर के लिए रवाना किया गया। ट्रेन स्टेशन पर लगभग 20 मिनट तक रुकी रही और इंदौर तय समय से आधे घंटे देरी से पहुंची। इस ट्रेन में कई कर्मचारी, छात्र और इंदौर के दफ्तरों में काम करने वाले लोग यात्रा करते हैं और हमेशा ट्रेन में भीड़ रहती है।

# 30 हथियारबंद बदमाशों ने पिस्टल की नोक पर लूटी 222 पेटी शराब

### बड़वानी: शराब लूटकांड के बाद इलाके में रातभर गूंजते रहे सायरन

**जागरण, बड़वानी।** प्रदेश के बड़वानी जिले में आधी रात दरमियानी रात बड़वानी-पाटी रोड पर शराब लूटकांड की सनसनीखेज वारदात से पूरे इलाके में दहशत फैला दी। करीब 30 से ज्यादा हथियारबंद बदमाशों ने बीयर शराब से भरी पिकअप को घेरकर चालक की कनपटी पर पिस्टल तान दी और 222 पेटी शराब लूटकर फरार हो गए। वारदात इतनी सुनियोजित थी कि बदमाश फिल्मी अंदाज में पूरी कार्रवाई को अंजाम देकर अंधेरे में गायब हो गए। जानकारी के मुताबिक इंदौर वेयर हाउस से पाटी के लिए रवाना हुई पिकअप वाहन में बीयर की 222 पेटियां भरी थीं। लूटी गई शराब की कीमत करीब पांच लाख बताई जा रही है। घटना रात करीब 2.30 बजे बड़वानी खुर्द के आगे बावनगजा रोड पर हुई। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया और पुलिस की गाड़ियों के सायरन देर रात तक गूंजते रहे।



### ग्वालबेड़ा के पास मिला वाहन फॉरेंसिक टीम जांच में जुटी

वारदात की जानकारी मिलते ही शहर कोतवाली थाना प्रभारी बलजीत सिंह बिसेन पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने बड़वानी खुर्द से ग्वालबेड़ा तक जंगल और पहाड़ी क्षेत्र में सघन तलाशी अभियान चलाया। देर रात ग्वालबेड़ा के पास तालाब किनारे लावारिस हालत में लूटी गई पिकअप बरामद हुई, लेकिन उसमें रखी बीयर की सभी पेटियां गायब थीं। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर फॉरेंसिक जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। प्रारंभिक जांच में पुलिस को आशंका है कि वारदात को किसी संगठित गैंग ने अंजाम दिया है, जिसे शराब परिवहन की पूरी जानकारी थी।

### जंगल में ले जाकर लूटी पूरी खेप

चालक और हेल्पर ने पुलिस को बताया कि बड़वानी खुर्द क्षेत्र में अचानक ढाई से तीन दर्जन बदमाशों ने पिकअप को चारों तरफ से घेर लिया। कई बदमाशों के हाथों में पिस्टल, तलवार और धारदार हथियार थे। बदमाशों ने चालक और हेल्पर के साथ मारपीट की और उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए मोबाइल फोन भी छीन लिए। इसके बाद बदमाश खुद पिकअप में सवार हो गए और वाहन को मुख्य सड़क से करीब एक से डेढ़ किलोमीटर दूर सुनसान जंगल क्षेत्र में ले गए। वहां चालक और हेल्पर को दूर बैठाकर पूरी शराब की खेप उतारी गई। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी आरोपित मौके से फरार हो गए।

### शराब कारोबारियों में दहशत सुरक्षा बढ़ाने की मांग

एक साथ इतनी बड़ी लूट की घटना के बाद जिलेभर के शराब कारोबारियों में खौफ का माहौल है। ठेकेदारों ने रात के समय शराब परिवहन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की मांग की है। कई कारोबारियों ने देर रात माल भेजने पर चिंता जताई है। पथाना प्रभारी बिसेन ने बताया कि पुलिस की टीम मामले की जांच में जुटी हुई है। आसपास के ग्रामीणों से पूछताछ की जा रही है और बावनगजा रोड तथा पाटी मार्ग पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

### भारतीय ऑटो बाजार में जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर की बड़ी दस्तक

# फॉच्र्यूनर को टक्कर देने उतरी एमजी मैजेस्टर 40.99 लाख से दाम शुरू, फीचर्स की भरमार

**नई दिल्ली, जेएनएन।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने लंबे इंतजार के बाद आखिरकार भारतीय बाजार में अपनी फ्लैगशिप एसयूवी मैजेस्टर लॉन्च कर दी है। इसकी शुरुआती एक्स शोरूम प्राइस 40.99 लाख रुपये है, जो कि इसके सैवी 4×2 ऑटोमैटिक वेरिएंट की है। एमजी ने अपनी मैजेस्टर को भारत की पहली डी+ सेगमेंट एसयूवी के रूप में पेश किया गया है, जो प्रीमियम लग्जरी, दमदार परफॉर्मेंस और बेहतरीन ऑफ-रोड क्षमताओं का एक जबरदस्त कॉम्बो है। यह लंबाई, चौड़ाई और ऊंचाई के मामले में भी अपने सेगमेंट में सबसे बड़ी है। एमजी मैजेस्टर के कुल दो वेरिएंट हैं, जो कि डीजल ऑटोमैटिक ऑप्शन में 6-7 सीटर कॉन्फिगरेशन से लैस हैं और इनकी बुकिंग 41,000 रुपये की टोकन अमाउंट के साथ जारी है। मैजेस्टर की डिलीवरी जल्द शुरू होने वाली है। इनकी एक्स शोरूम प्राइस हैं- सैवी 4×2 ऑटोमैटिक : 40.99 लाख रुपये और सैवी 4×2 ऑटोमैटिक 7-सीटर : 44.99 लाख रुपये।



**एमजी मैजेस्टर के डायमेंशन**

- **सेगमेंट** : डी प्लस एसयूवी
- **लंबाई**- 5046 मिलीमीटर
- **चौड़ाई**- 2016 मिलीमीटर
- **ऊंचाई**- 1870 एमएम
- **व्हीलबेस**- 2950 मिलीमीटर
- **ग्राउंड क्लीयरेंस**- 219 एमएम
- **वॉटर वेडिंग क्षमता**- 810 एमएम

**एक्सटीरियर और इंटीरियर फीचर्स**

- ऑल एलईडी लाइट्स
- 19 इंच के अलॉय व्हील
- पावरफुल ग्रिल और बंपर
- पैनोरमिक सनरूफ
- प्रीमियम इंटीरियर

# ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों पर जीएसटी सही, राज्य भी लगा सकेंगे रोक: सुको

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों को जारी किए गए गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) के कारण बताओ नोटिसों को पूरी तरह से वैध ठहराया है। कोर्ट ने कहा कि गेमिंग प्लेटफॉर्म पर जमा की जाने वाली कुल राशि (फुल वैल्यू ऑफ डिपॉजिट) पर 28 प्रतिशत टैक्स वसूलना संवैधानिक रूप से सही है। देश की सबसे बड़ी अदालत ने डेल्टा कॉर्प और अन्य गेमिंग कंपनियों की उन याचिकाओं को खारिज कर दिया, जिनमें पिछली तारीख से 28 प्रतिशत जीएसटी लगाने के फैसले को चुनौती दी गई थी। कोर्ट ने साफ किया कि ऑनलाइन गेमिंग से जुड़ी एक्टिविटीज त्रस्ज्ञ एक्ट के तहत एक्शन एबल क्लेम्स के दायरे में आती हैं, इसलिए इन पर टैक्स वसूलना बिल्कुल सही है। सुप्रीम कोर्ट ने अब जीएसटी अथॉरिटीज को निर्देश दिया है कि वे कानून के मुताबिक इन कारण बताओ नोटिसों पर आगे की प्रोसेसिंग शुरू करें। हालांकि, इसके साथ ही कोर्ट ने यह भी कहा है कि प्रभावित ऑनलाइन गेमिंग कंपनियां जीएसटी अथॉरिटीज द्वारा जारी किए गए इन शो-कॉज नोटिसों पर अपना जवाब दाखिल करने के लिए पूरी तरह से स्वतंत्र हैं।

**2.5 लाख करोड़ के टैक्स नोटिस पर था विवाद-** सुप्रीम कोर्ट ने अगस्त 2025 में रियल-मनी गेमिंग प्लेटफॉर्म्स के खिलाफ जारी किए गए करीब 2.5 लाख करोड़ के रिट्रोस्पेक्टिव टैक्स नोटिस मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। इस पूरे विवाद की मुख्य वजह टैक्स कैलकुलेशन के तरीके को लेकर अलग-अलग व्याख्या होना था।



### राज्यों को बैन लगाने मिला अधिकार

सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में यह भी स्पष्ट किया कि राज्य सरकारों को ऑनलाइन मनी गेम्स पर प्रतिबंध लगाने का पूरा अधिकार है। भले ही उन खेलों में स्किल की जरूरत क्यों न होती हो, राज्य सरकारें उन्हें पूरी तरह बैन या रेगुलेट कर सकती हैं। इसके साथ ही कोर्ट ने तमिलनाडु और कर्नाटक सरकार की अपीलों को स्वीकार कर लिया है। सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाई कोर्ट और कर्नाटक हाई कोर्ट के उन पुराने फैसलों को रद्द कर दिया है, जिन्होंने ऑनलाइन गेमिंग पर दांव लगाने (स्टेक्स) को बैन या रेगुलेट करने वाले राज्य के कानूनों को असवैधानिक बताकर खारिज कर दिया था। कोर्ट ने कर्नाटक हाई कोर्ट द्वारा गेमिंग कंपनियों को दी गई अंतरिम राहत को भी पूरी तरह से हटा दिया है।

# व्यापार वार्ता के लिए अमेरिकी दल एक जून को भारत आएगा



**नई दिल्ली, जेएनएन।** अमेरिकी दल अंतरिम व्यापार समझौते के ब्योरे को अंतिम रूप देने और व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के तहत बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए एक जून को चार दिवसीय यात्रा पर भारत आ रहा है। वाणिज्य मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। अमेरिकी दल का नेतृत्व उसके मुख्य वार्ताकार ब्रेंडन लिंच करेंगे। मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्षों की इस बातचीत में अंतरिम समझौते के ब्योरे को अंतिम रूप देने और व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते के तहत बाजार पहुंच, गैर-शुल्क उपायों, सीमा शुल्क तथा व्यापार सुविधा, निवेश प्रोत्साहन और आर्थिक सुरक्षा जैसे कई क्षेत्रों पर बातचीत को आगे बढ़ाने का प्रस्ताव रखा है। रूपरेखा के अनुसार, अमेरिका ने भारत पर शुल्क को 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने पर सहमति जताई थी। उसने रूसी तेल खरीदने पर भारतीय वस्तुओं पर लगने वाले 25 प्रतिशत शुल्क को हटा दिया था और समझौते के तहत शेष 25 प्रतिशत को घटाकर 18 प्रतिशत करना था। लेकिन, इस साल 20 फरवरी को अमेरिका के उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए व्यापक जवाबी शुल्क के खिलाफ फैसला सुनाया। यह शुल्क 1977 के अंतरराष्ट्रीय आपातकाल आर्थिक शक्ति अधिनियम के तहत लगाए गए थे। अमेरिका के राष्ट्रपति ने 24 फरवरी से 150 दिनों के लिए सभी देशों पर 10 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की। इन बदलावों के मद्देनज़र, भारत और अमेरिका के मुख्य वार्ताकारों के बीच फरवरी में बैठक रखी गई थी, जो स्थगित कर दी गई थी। भारतीय दल ने 20 से 23 अप्रैल तक अमेरिका की यात्रा की और दोनों पक्ष वाशिंगटन में मिले थे।


## पुलिस मुख्यालय, मध्यप्रदेश भोपाल
## विज्ञप्ति

म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल व्दारा प्रधान आरक्षक (कम्प्यूटर) एवं सहायक उप निरीक्षक (कम्प्यूटर) के कुल 89 पदों पर भर्ती हेतु ऑनलाईन परीक्षा दिनांक 24.03.2026 से दिनांक 25.03.2026 तक आयोजित कराई गई थी। उक्त परीक्षा का परिणाम दिनांक 08.05.2026 को मण्डल की www.esb.mp.gov.in पर जारी किया जा चुका है। सफल उम्मीदवारों को अगले चरण की शारीरिक दक्षता परीक्षण (800 मीटर दौड़ एवं दस्तावेज परीक्षण) का आयोजन दिनांक 07.06.2026 से 09.06.2026 तक प्रदेश के निम्नलिखित 2 जिलों में कराया जायेगा।

सफल उम्मीदवारों को म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल व्दारा वेबसाईट पर सूचना पत्र जारी किये जायेंगे, जिसे डाउनलोड कर, निर्धारित शारीरिक दक्षता परीक्षण स्थल पर लाना अनिवार्य है। सभी उम्मीदवारों को निर्धारित दिनांक को ही पहुँचना है। उम्मीदवार को शारीरिक दक्षता परीक्षण के लिये जो दिनांक व स्थान सूचित किया गया जा रहा है, उस दिनांक व स्थान में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा।

| क्र. | केन्द्र | परीक्षा स्थल |
|---|---|---|
| 1 | भोपाल | लाल परेड ग्राउण्ड, जहांगीराबाद, भोपाल |
| 2 | जबलपुर | परेड ग्राउण्ड, 6वीं वाहिनी विसबल, रांझी, जबलपुर |

शारीरिक दक्षता परीक्षण के दौरान आधार e-kyc सत्यापन कराया जाएगा, अतएव अपना आधार कार्ड साथ लेकर आएं। साथ ही अभ्यर्थी यह भी सुनिश्चित करें, कि उनका आधार नम्बर उनके व्दारा लॉक न कर दिया गया हो। साथ ही साथ दस्तावेज परीक्षण हेतु उम्मीदवारों को आवश्यक समस्त मूल प्रमाण-पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियां लेकर उपस्थित होना अनिवार्य है।

सहायक पुलिस महानिरीक्षक (चयन/भर्ती)
पुलिस मुख्यालय, भोपाल

G-13514/26



## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग खण्ड सीधी (म.प्र.)

सम्राट चौराहा के पास, ई-मेल eephedsid@nic.in फोन नम्बर 07822-292508

निविदा सू.क्र. 10/ नि.प्र./व.ले.लि./का.य./लो.स्वा.यां.वि./26-27 सीधी दिनांक 22.05.2026

निम्न कार्यो हेतु निविदा का आनलाईन बेबसाइड http//mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। आनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 03.06.2026 सायं 5:30 बजे तथा निविदा खुलने की तिथि 05.06.2026 को 11:00 बजे है। निविदा में संशोधन की स्थिति उपरोक्त बेबसाईट पर देखी जा सकती है।

Name of work-HANDPUMP REPAIRING AND MAINTANANCE OF 1535 Nos AT West SIDE OF SIDHI PART-2 ( 6 HEAD QARTER) BLOCK SIDHI DISTT SIDHI

| S. N. | Tender ID | Block | No Of Hand Pump | PAC (Rs. In Lakhs) | E-EMD in Rs. | Cost of Tender Form Fees | No. of Calls |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | EE_PHED_509190_1 | सीधी | 1535 | 16.42 | 32840 | 2000 | III Call |

**कार्यपालन यंत्री**
लोक स्वास्थ्य याँत्रिकीय विभाग
खण्ड सीधी (म.प्र.)

G-13505/26



## कार्यालय मुख्य अभियंता (भवन) लोक निर्माण विभाग परिक्षेत्र ग्वालियर म.प्र.

दूरभाष-0751-4008851 Email:apdpiugwalior@Gmail. Com

निविदा सूचना क्रमांक : 07/2026/सा./एपीडी/ ग्वालियर दिनांक 20.05.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रित की जाती है।

| क्र | ऑनलाईन निविदा कमांक | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित लागत लाख में | अमानत राशि रू. | निविदा फार्म का मूल्य रु. | कार्य पूर्ण करने के लिये समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2026_PWPIU _509578_1 | ग्वालियर जिला ग्वालियर के एस.एम.एस. उत्कृष्ट साईस कॉलेज का मेन गेट निर्माण कार्य। (प्रथम आंमत्रण) | ग्वालियर | 22.90 लाख | 45800/- | 2000/- | 03 माह |
| 2 | 2026_PWPIU _509162_1 | आमखो लश्कर जिला ग्वालियर में शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय परिसर में एनाटॉमी हॉल (शरीर रचना कक्ष) का निर्माण कार्य। (द्वितीया आंमत्रण) | ग्वालियर | 81.91 लाख | 81910/- | 10000/- | 12 माह |
| 3 | 2026_PWPIU _509239_1 | डबरा जिला ग्वालियर में संयुक्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय भवन का निर्माण कार्य। (प्रथम आंमत्रण) | ग्वालियर | 856.07 लाख | 856070/- | 20000/- | 18 माह |
| 4 | 2026_PWPIU _509231_1 | ग्वालियर जिला ग्वालियर के डॉ. बी.आर.अम्बेडकर कॉलेज में 100 बिस्तरों वाले बालक छात्रावास भवन एवं ब्लॉक-1 और ब्लॉक 2 का शेष निर्माण कार्य। (प्रथम आंमत्रण) | ग्वालियर | 642.79 लाख | 642790/- | 20000/- | 18 माह |
| 5 | 2026_PWPIU _509230_1 | चिनौर जिला ग्वालियर में संयुक्त तहसील कार्यालय भवन का निर्माण कार्य। (प्रथम आंमत्रण) | ग्वालियर | 633.00 लाख | 633000/- | 20000/- | 18 माह |
| 6 | 2026_PWPIU _509222_1 | भितरवार जिला ग्वालियर में संयुक्त तहसील कार्यालय भवन का निर्माण कार्य। (प्रथम आंमत्रण) | ग्वालियर | 633.00 लाख | 633000/- | 20000/- | 18 माह |
| 7 | 2026_PWPIU _509941_1 | लोक निर्माण विभाग (भवन) संभाग ग्वालियर के अंतर्गत भवन एवं विद्युत कार्य हेतु जोनल टेण्डर। (चतुर्थ आंमत्रण) | ग्वालियर | 98.88 लाख | 98880/- | 10000/- | 12 माह |
| 8 | 2026_PWPIU _508802_1 | कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण विभाग संभाग श्योपुर के लिये शासकीय कार्य हेतु वाहन किराये पर लगाने बावत्। (प्रथम आंमत्रण) | श्योपुर | 7.20 लाख | 20000/- | 2000/- | 12 माह |
| 9 | 2026_PWPIU _508868_1 | श्योपुर जिला श्योपुर के आईटीआई कॉलेज में 50 सीटर बालक छात्रावास निर्माण कार्य। (प्रथम आंमत्रण) | श्योपुर | 213.07 लाख | 213076/- | 15000/- | 18 माह |
| 10 | 2026_PWPIU _508824_1 | विजयपुर जिला श्योपुर के आईटीआई परिसर में बाउण्ड्रीवॉल निर्माण कार्य। (प्रथम आंमत्रण) | श्योपुर | 35.45 लाख | 50000/- | 5000/- | 09 माह |
| 11 | 2026_PWPIU _508965_1 | श्योपुर जिला श्योपुर के शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में 50 सीटर बालिका छात्रावास निर्माण कार्य। (प्रथम आंमत्रण) | श्योपुर | 379.64 लाख | 379645/- | 15000/- | 18 माह |
| 12 | 2026_PWPIU _508962_1 | श्योपुर जिला श्योपुर के शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में 50 सीटर बालक छात्रावास निर्माण कार्य। (प्रथम आंमत्रण) | श्योपुर | 379.64 लाख | 379645/- | 15000/- | 18 माह |
| 13 | 2026_PWPIU _508931_1 | सेंवढ़ा जिला दतिया में 06 ट्रेड आई.टी.आई भवन, 30 सीटर बालक एवं 30 सीटर बालिका छात्रावास भवन, 01 नग एफ टाईप, 02 नग एच-टाईप एवं 04 नग आई टाईप आवासीय भवनों का निर्माण कार्य। (प्रथम आंमत्रण) | दतिया | 1184.67 लाख | 1000000/- | 30000/- | 24 माह |
| 14 | 2026_PWPIU _508932_1 | सेंवढ़ा जिला दतिया में मल्टीपरपस इंडोर स्टेडियम का निर्माण कार्य। (प्रथम आंमत्रण) | दतिया | 383.78 लाख | 383786/- | 15000/- | 18 माह |
| 15 | 2026_PWPIU _508933_1 | सेंवढ़ा जिला दतिया में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय भवन में फर्नीचर सप्लाई एवं इन्टालेशन कार्य। (प्रथम आंमत्रण) | दतिया | 12.17 लाख | 24353/- | 2000/- | 03 माह |
| 16 | 2026_PWPIU _509208_1 | छतरपुर जिला छतरपुर के मेडिकल कॉलेज में फर्नीचर सप्लाई एवं इन्टालेशन कार्य। (प्रथम आंमत्रण) | छतरपुर | 2920.90 लाख | 1460454/- | 50000/- | 04 माह |
| 17 | 2026_PWPIU _509045_1 | लवकुश नगर जिला छतरपुर में शासकीय डिग्री कॉलेज में बाउड्रीवॉल का निर्माण कार्य। (तृतीय आंमत्रण) | छतरपुर | 1405.29 लाख | 1000000/- | 30000/- | 18 माह |
| 18 | 2026_PWPIU _509071_1 | बिजावर जिला छतरपुर में 06 ट्रेड आई.टी.आई. भवन, 30 सीटर बालक, 30 सीटर बालिका, 01 नग एफ टाईप क्वार्टर, 2 नग एच टाईप एवं 04 नग आई टाईप एवं बाह्य विकास सहित का निर्माण कार्य। (प्रथम आंमत्रण) | छतरपुर | 88.66 लाख | 88665/- | 10000/- | 06 माह |
| 19 | 2026_PWPIU _508767_1 | निवाडी जिला टीकमगढ़ के राजस्व विभाग के एसडीएम/एसडीओ कार्यालय, एनआईसी कार्यालय, कलेक्ट्रेड हेतु फर्नीचर सप्लाई एवं इन्टालेशन कार्य। (प्रथम आंमत्रण) | टीकमगढ | 20.64 लाख | 20641/- | 5000/- | 02 माह |
| 20 | 2026_PWPIU _510032_1 | लोक निर्माण विभाग (भवन) परिक्षेत्र ग्वालियर के अंतर्गत गुना, शिवपुरी एवं श्योपुर जिले के संदीपनी सी.एम.राईज स्कूलों में फर्नीचर सप्लाई एवं स्थापना कार्य हेतु (जोनल टेण्डर)। (द्वितीया आंमत्रण) | शिवपुरी | 1694.62 लाख | 1694620/- | 30000/- | 06 माह |

(1) निविदा से संबंधित डॉक्यूमेंट website https://mptenders.gov.in पर देखे जा सकती है।
(2) निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन पोर्टल पर ऑललाईन किये जावेगें, समाचार पत्रों में पृथक से प्रकाशन नहीं किया जावेगा।
(3) ऑन लाईन निविदा सम्मिट करने की अंतिम दिनांक 04.06.2026
(4) तकनीकी बिड खोलने का दिनांक 05.06.2026

(व्ही.के.आरख)
मुख्य अभियंता (भवन)
लोक निर्माण विभाग परिक्षेत्र ग्वालियर

G-13533/26

# मऊगंज में बार-बार धारा 163 क्यों? सामाजिक संगठनों ने उठाए सवाल

**नईगढ़ी, नि.प्र.।** जिले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएस) की धारा 163 बार-बार लगाए जाने को लेकर अब सामाजिक संगठनों और नागरिकों के बीच गंभीर सवाल उठने लगे हैं। अगस्त क्रांति मंच ने कलेक्टर मऊगंज को दिए आवेदन में आरोप लगाया है कि जिले में जल जीवन मिशन, पंचायत राज और ग्रामीण विकास कार्यों में बड़े स्तर पर अनियमितताएँ एवं फर्जीवाड़े के आरोप सामने आने के बावजूद कार्रवाई नहीं हो रही, जबकि विरोध और सवाल उठाने वालों पर प्रतिबंधात्मक आदेश लगाए जा रहे हैं। संगठन के संयोजक कुंज बिहारी तिवारी ने आरोप लगाया कि पंकज श्रीवास्तव नामक कर्मचारी, जो एक महाविद्यालय में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी बताए जाते हैं, उन्हें विरोध के बाद भी बार-बार कलेक्टर कार्यालय से जोड़ा जा रहा है। आवेदन में उनकी नियुक्ति प्रक्रिया पर भी प्रश्न उठाए गए हैं तथा पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 92 के उल्लंघन के आरोप लगाए गए हैं। आवेदन में यह भी दावा किया गया है कि संबंधित व्यक्ति के पारिवारिक संबंध पंचायत और ठेकेदारी गतिविधियों से जुड़े हैं तथा सानवी ट्रेडर्स जैसे वेंडरों के माध्यम से पंचायत कार्यों में वित्तीय अनियमितताओं की आशंका जताई गई है। संगठन ने आरोप लगाया कि जल जीवन मिशन और पंचायत राज व्यवस्था में फर्जी वेंडरों के माध्यम से संगठित लूट की स्थिति निर्मित हो रही है। अगस्त क्रांति मंच ने सवाल उठाया है कि यदि जिले में भ्रष्टाचार, जल संकट, अवैध कारोबार और ग्रामीण विकास कार्यों में शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं, तो फिर कार्रवाई के बजाय धारा 163 लागू कर जनता की आवाज को नियंत्रित क्यों किया जा रहा है। आवेदन में कहा गया है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में शांतिपूर्ण विरोध और सवाल पूछना नागरिकों का मौलिक अधिकार है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी मऊगंज द्वारा गत 18 मई को जारी आदेश में ध्वनि विस्तारक यंत्रों, सोशल मीडिया पर भ्रामक संदेशों तथा सार्वजनिक गतिविधियों को नियंत्रित करने के उद्देश्य से बीएनएस की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए थे। आदेश में रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर रोक सहित सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट प्रसारित न करने के निर्देश दिए गए हैं। अब जिले में यह बहस तेज हो गई है कि क्या धारा 163 का उपयोग कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए हो रहा है या फिर भ्रष्टाचार और प्रशासनिक सवालों को दबाने के लिए। सामाजिक संगठनों ने मांग की है कि पंचायत राज, जल जीवन मिशन और ग्रामीण विकास से जुड़े मामलों की निष्पक्ष उच्चस्तरीय जांच कराई जाए।




# हनुमना बहरी जर्जर मार्ग पर हो रहा गुणवत्ताहीन पैच वर्क कार्य

## सड़क के बड़े गड्ढों की मरम्मत नहीं कर रही जीवीआर कंपनी



**हनुमना, नि.प्र.।** मऊगंज जिले के हनुमना बहरी मार्ग में टोल टैक्स की वसूली आज कई वर्षों से लगातार किए जाने के आरोप लगते रहे हैं। जिससे आमजन के साथ ट्रक चालकों, सवारी गाड़ियों को भी परेशानी होती रही है। लोगों ने संवाददाता से बात करते हुए यह आरोप लगाया है कि इस टोल टैक्स की वसूली कब तक होती रहेगी इसका कोई अंदाजा नहीं लगा पा रहा है, साथ टोल टैक्स के अधिकारी बताने में समर्थ नहीं हैं।

### सड़क की हालात जर्जर, बन गये हैं बड़े गड्ढे

लोगों ने संवाददाता को बताया कि इसी के साथ एमपी आरडीसी विभाग के अधीनस्थ जीवीआर कंपनी के द्वारा टोल टैक्स की वसूली बहुत ही दबंगई से की जा रही है। परंतु लोगों का यह आरोप है कि टोल टैक्स वसूली के साथ लोगों के सुविधा हेतु जो हनुमना बहरी मार्ग है इसके परखच्चे उड़ चुके हैं, मार्ग खराब होने के कारण कई बार छोटे एवं बड़े वाहन दुर्घटना के शिकार हो चुके हैं।

### खराब सड़क के कारण कई लोगो खो चुके हैं अपना जीवन

स्थानीय निवासियों ने संवाददाता को बताया कि सड़क की हालात इतनी जर्जर हो गई है जिससे आए दिन सड़क हादसे होते रहते हैं, इन सड़क हादसों की आवृत्ति बहुत है जिसके कारण कई लोग अपनी जान गवां चुके हैं लेकिन इससे जीवीआर कंपनी के कान में जू तक नहीं रेंगती वह केवल टोल वसूली में ही मस्त है, आमजन की जिंदगी से जीवीआर कंपनी को कोई लेना देना नहीं है।

### वार्ड क्र. 13 से भाटी गांव तक की सड़क की हो चुकी है दुर्दशा

लोगों ने संवाददाता को अपनी परेशानी बताते हुए कहा कि सबसे बड़ी बात यह है कि कंपनी के द्वारा हनुमना बाजार से वार्ड क्रमांक 13 भाटी गांव तक सड़क की दयनीय स्थिति हो चुकी है, आखिर कंपनी के द्वारा हनुमना बाजार से भाठी गांव तक सड़क क्यों नहीं बनाई गई साथ ही सड़क की मरम्मत करने में हीलाहवाली की जा रही है। बरसात आने वाला है चत्ती लगाकर जिसे पंचर बनाने जैसी पतली परत बनाकर अपना काम निपटा दे रहे हैं। नगरी एवं ग्रामीण लोगों ने जिला अध्यक्ष मऊगंज, एमपी आरडीसी विभाग से यह मांग है कि हनुमना बहरी मार्ग में टोल नाका द्वारा अवैध वसूली बंद की जाए एवं सड़क का अच्छे से डामरीकरण किया जाए।

## मलमास मेले में श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क शीतल पेयजल सेवा का शुभारंभ

**नईगढ़ी, निप्र।** बढ़ती गर्मी को देखते हुए मलमास मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु देवतालाव-नईगढ़ी मार्ग पर



सांदीपनि स्कूल देवतालाब के पास पाण्डेय पुस्तक भंडार, बसंत साइकिल स्टोर एवं बजरंग ज्वेलर्स की ओर से निःशुल्क शीतल पेयजल व्यवस्था की गई है। छात्रों के लिए भी संतुलित और स्वच्छ पानी मिलने लगा, दुकान संचालकों द्वारा सड़क किनारे पानी की टंकी रखवाकर राहगीरों और श्रद्धालुओं को ठंडा पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। भीषण गर्मी के बीच इस पहल की स्थानीय लोगों एवं श्रद्धालुओं ने सराहना की है। संचालकों ने बताया कि मलमास मेले में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं, ऐसे में मानव सेवा के उद्देश्य से यह व्यवस्था की गई है ताकि लोगों को गर्मी से राहत मिल सके।

## गणेश धाम बराव में सुंदरकांड एवं भंडारा 5 जून को

**मऊगंज।** मऊगंज विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बराव स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल गणेश धाम में अगामी 5 जून को सुंदरकांड पाठ एवं भंडारे (पूरी-पना) का आयोजन सामाजिक समरसता समिति बराव क्षेत्र के तत्वावधान में किया जा रहा है। इस धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन को लेकर क्षेत्रभर में श्रद्धा और उत्साह का वातावरण बना हुआ है। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में धार्मिक चेतना, सामाजिक समरसता एवं आपसी भाईचारे को मजबूत करना है। मऊगंज के पूर्व विधायक लक्ष्मण तिवारी ने क्षेत्र के नागरिकों, युवाओं, मातृशक्ति एवं धर्मप्रेमी जनों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है तथा लोगों के बीच आपसी प्रेम, सहयोग और सद्भाव की भावना मजबूत होती है। श्री तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में पड़ रही भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम दोपहर 5 बजे से प्रारंभ किया जाएगा। कार्यक्रम में सुंदरकांड पाठ उपरांत क्षेत्रीय जनों से चर्चा एवं सायं 7 बजे से भंडारे (पूरी-पना) का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। सामाजिक समरसता समिति बराव क्षेत्र के प्रभारी श्रीकृष्ण गोपाल तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं तथा समिति के सदस्य आयोजन को सफल बनाने में जुटे हुए हैं। समिति ने क्षेत्र के सभी गणमान्य नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, युवाओं एवं श्रद्धालुओं से सपरिवार उपस्थित होकर धार्मिक आयोजन में सहभागिता निभाने एवं पुण्य लाभ अर्जित करने का आग्रह किया है।

# पूर्व अध्यक्ष एड. चंद्र मोहन तिवारी पुनः त्योंथर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष निर्वाचित



## त्योंथर अधिवक्ता संघ का चुनाव हुआ सम्पन्न

**त्योंथर ब्यूरो।** अधिवक्ता संघ त्योंथर के चुनाव में पूर्व अध्यक्ष एड चंद्र मोहन तिवारी पुनः दूसरी बार अध्यक्ष निर्वाचित हुए जिससे क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है। अधिवक्ताओं ने संवाददाता को बताया कि अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष ब्रह्मा नारायण शर्मा की चाणक्य नीति ने यह साबित कर दिया कि वह अपनी टीम के ऐसे हीरो हैं जिसे अधिवक्ता संघ त्योंथर भली-भाति जनता पहचानता है। श्री शर्मा जी ने अपने स्वास्थ्य की परवाह किए बिना डोर टू डोर अधिवक्ताओं से मिलना उनको सही दिशा बताना कि आखिर क्यों जरूरी है चंद्र मोहन तिवारी का विजई होना। तीन दिन पूर्व परिवार ने बड़े पिताश्री के निधन का गहरा दुःख सहा, वहीं आज त्योंथर अधिवक्ता संघ चुनाव में चंद्रमोहन तिवारी की विजय ने पूरे परिवार को भावुक कर दिया। यह जीत केवल एक चुनावी सफलता नहीं, बल्कि संघर्ष, धैर्य और आत्मबल का प्रतीक बन गई। शोक की घड़ी के बीच मिली इस सफलता ने परिवार एवं शुभचिंतकों की आंखें नम कर दीं।

अधिवक्ता साथियों द्वारा मिले अपार स्नेह और विश्वास के लिए एड चंद्र मोहन तिवारी ने सभी का आभार व्यक्त किया। और मौके पर उपस्थित एड ब्रह्मानारायण शर्मा एवं एड सुशील कुमार मिश्रा और पूर्व अधिवक्ता संघ अध्यक्ष राजेश पाठक और मौके पर उपस्थित सभी अधिवक्ता साथियों,साथ ही अपने शुभचिंतकों एवं अपने समस्त अधिवक्ता साथियों का हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## अधिवक्ता संघ उपाध्यक्ष पद पर विवेक तिवारी हुए निर्वाचित



रीवा जिले की अन्तिम छोर पर उत्तर प्रदेश की सीमावर्ती त्योंथर तहसील में अधिवक्ता संघ का चुनाव सम्पन्न हुआ। मतदान सुबह 10 बजे से प्रारंभ होकर शाम 4 बजे तक चला। तत्पश्चात चुनावी मतगणना शुरू हुई जिसमें अधिवक्ता संघ में उपाध्यक्ष पद पर एड विवेक तिवारी निर्वाचित हुए। निर्वाचन पर उन्होंने सभी अधिवक्ता साथियों एवं शुभचिंतकों का आभार प्रकट करते हुए विश्वास दिलाया है कि हम अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते रहेंगे।



अधिवक्ता संघ चुनाव में वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य पद पर बालेंद्र शेखर मिश्रा निर्वाचित हुए। निर्वाचित होने पर सभी अधिवक्ता साथियों एवं शुभचिंतकों का आभार प्रकट करते हुए उन्होंने अपने पद का गरिमापूर्ण एवं कर्तव्यनिष्ठ होने का भरोषा दिलाया।

# छोटे से गांव बांसा के युवाओं ने बढ़ाया क्षेत्र का मान

## अग्निवीर में चयनित खिलाड़ियों ने लिया गुरु का आशीर्वाद

**गोविंदगढ़ ब्यूरो।** छोटे से गांव ग्राम बांसा/गोविंदगढ़ के युवाओं ने अपनी मेहनत, लगन और जुनून के दम पर बड़ी उपलब्धि हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अग्निवीर योजना के अंतर्गत जीडी (जनरल ड्यूटी) में ग्राम बांसा निवासी युवा खिलाड़ी शुभम सिंह बैस, दिव्यांश पाल, अभिषेक पाण्डे एवं वेद त्रिपाठी का चयन होने से पूरे क्षेत्र में खुशी और गौरव का माहौल है। अपनी इस उपलब्धि की खुशी साझा करने युवा खिलाड़ी शुभम सिंह बैंस, निकीत पाल एवं प्रभुकुंज पांडे के साथ क्रीड़ा भारती संभागीय संयोजक मोहनलाल शुक्ला के आवास पहुंचे, जहां उन्होंने मिठाई खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान खिलाड़ियों ने अपनी सफलता का श्रेय कठिन मेहनत, नियमित अभ्यास, परिवार के सहयोग एवं वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन को दिया। छोटे से गांव के इन युवाओं की सफलता ने यह साबित कर दिया कि मजबूत इरादे और अथक परिश्रम के सामने संसाधनों की कमी भी बाधा नहीं बनती। क्रीड़ा भारती संभागीय संयोजक मोहनलाल शुक्ला ने सभी चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि गांव के युवाओं का सेना में चयन होना पूरे क्षेत्र के लिए गर्व और प्रेरणा की बात है। उन्होंने कहा कि अनुशासन, समर्पण और सतत प्रयास से ही सफलता हासिल की जा सकती है। उन्होंने खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए देशसेवा की भावना के साथ आगे बढ़ने तथा अन्य युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनने की बात कही। अग्निवीर में चयन होने की खबर मिलते ही क्षेत्र में बधाइयों का सिलसिला शुरू हो गया। इस अवसर पर मुकुल यादव, लल्ली खान, मोहनलाल अग्निहोत्री, रामामनुज यादव, उमेश साकेत, सोनू गुप्ता, श्रीकृष्ण पाल एवं मुन्ना पांडे सहित कई लोगों ने शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। क्षेत्रवासियों ने सभी चयनित युवाओं को बधाई देते हुए कहा कि छोटे से गांव बांसा के इन बेटों ने पूरे क्षेत्र का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है तथा उनकी सफलता आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी



# ग्राम पंचायत लोढ़ी के घोरहा नदी पुल निर्माण कार्य में विभागीय अधिकारी ने किया निरीक्षण

जागरण खबर का असर



**हनुमना, नि.प्र.।** मऊगंज जिले के जनपद जनपद पंचायत हनुमना के पंचायत लोढ़ी गांव में घोरहा नदी में चार करोड़ 50 लाख रुपए में बन रही पुलिया निर्माण कार्य को लेकर कुछ दिन पूर्व दैनिक जागरण के साथ विभिन्न समाचार पत्रों के द्वारा प्रमुखता से खबर प्रकाशित किया गया था । जिसका असर यह हुआ कि ग्राम पंचायत लोढ़ी से घोरहा आदिवासी बस्ती मार्ग में घोरहा नाले पर जलमग्न पुल के निर्माण कार्य निरीक्षण के दौरान पुल निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण मानक के अनुसार कार्य पाया गया, कार्य स्थल पर पुल के विषय की जानकारी का बोर्ड स्थापित पाया गया, एवं कार्य स्थल पर सामग्री परीक्षण प्रयोगशाला समस्त मशीनों एवं सभी सामग्री उपलब्ध पाई गई एवं पुल निर्माण कार्य सेटरिंग लोहा को लगाकर मानक अनुसार सरिया सीमेंट एवं गिट्टी बालू का प्रयोग किया जा रहा है। संवाददाता को संबंधित ठेकेदार ने बातया कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा किए जा रहे कार्य को बदनाम करने के लिए द्वेष भावना से विरोध किया जा रहा था जो निराधार साबित हो रहा है ।

## बाढ़ से निपटने के लिये आवश्यक तैयारियाँ सुनिश्चित करें : कलेक्टर

**मऊगंज।** जिले में आगामी मानसून के दौरान संभावित बाढ़ आपदा से प्रभावी ढंग से निपटने और सुरक्षा व्यवस्थाओं को पुख्ता करने के लिए कलेक्टर संजय कुमार जैन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वर्षाकाल के दौरान संभावित बाढ़ एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए पूर्व से ही आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर लें, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित किया जा सके।

उन्होंने आपदा के समय नागरिकों को सुरक्षित निकालने और राहत शिविरों के प्रबंधन पर चर्चा करते हुए नावों, लाइफ जैकेट, जेसीबी और अन्य आवश्यक बचाव उपकरणों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की। जिले के निचले इलाकों और गांवों की पहचान करें जहाँ जलभराव का खतरा सबसे अधिक है। बैठक में आपातकालीन स्थिति में सूचना तंत्र को मजबूत करने के निर्देश दिये गये ताकि बिना देरी किए सहायता पहुँचाई जा सके। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि आपदा प्रबंधन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ काम करने और चौबीसों घंटे अलर्ट मोड पर रहना होगा ताकि अप्रिय स्थिति में जान-माल के नुकसान को न्यूनतम किया जा सके और प्रशासन की प्रतिक्रिया त्वरित और प्रभावी हो। बैठक में एडीएम पीके पांडेय, एसडीम मऊगंज एपी द्विवेदी, एसडीम हनुमना राजेश मेहता, डिप्टी कलेक्टर पवन गौरैया सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## जनता की सच्ची सेवा ही सबसे बड़ी राजनीति



**सेमरिया।** भाजपा नेता संजय द्विवेदी ने जनसेवा भावना का परिचय देते हुए एक आदिवासी गरीब परिवार के बेटे के इलाज के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की। संजय द्विवेदी स्वयं अस्पताल पहुँचे व पीड़ित के स्वास्थ्य का हाल जाना और इलाज के लिए 20 हजार रूपये की आर्थिक मदद देकर परिवार को बड़ी राहत दी। संजय द्विवेदी का यह मानवीय प्रयास क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। आर्थिक तंगी से जूझ रहे आदिवासी परिवार के लिए यह सहायता किसी संजीवनी से कम नहीं रही। परिवार के लोगों ने भावुक होकर कहा कि संजय द्विवेदी हमेशा गरीबों और असहायों के दुःख में सबसे पहले खड़े दिखाई देते हैं। गौरतलब है कि जब संजय द्विवेदी सिरमौर जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि रहे तब भी उन्होंने गरीब और जरूरतमंद लोगों की भरपूर सहायता की। उनकी जनसेवा और गरीबों के प्रति समर्पण को देखते हुए पार्टी ने उन्हें भाजपा जिला उपाध्यक्ष जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी सौंपी। पद पर रहते हुए भी संजय द्विवेदी ने जनता की सेवा को प्राथमिकता दी और गरीब परिवारों के लिए लगातार संघर्ष करते रहे। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि राजनीति में ऐसे जनप्रतिनिधि बहुत कम देखने को मिलते हैं जो बिना किसी स्वार्थ के गरीबों के दुःख-दर्द में शामिल हों। संजय द्विवेदी लगातार अपने कार्यों से यह साबित कर रहे हैं कि जनता की सच्ची सेवा ही सबसे बड़ी राजनीति है।

## 10वीं के छात्रों का वर्कशॉप, दिया जा रहा है प्रशिक्षण

**मऊगंज ब्यूरो।** चाकघाट शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शिक्षा केन्द्र के अन्तर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा 10वीं की छात्रों को वर्कशॉप का प्रशिक्षण दिया जा रहा, जो 1 मई से 30 जून तक चलेगा। प्रशिक्षण के दौरान छात्रों को इलेक्ट्रॉनिक हार्डवेयर से संबंधित विभिन्न मशीनों एवं उपकरणों की जानकारियां प्रदान की जा रही है। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चाकघाट के व्यवसायिक प्रशिक्षक राजन खान ने बताया कि कक्षा 10वीं की परीक्षा के बाद छात्रों को प्रतिवर्ष ट्रेनिंग कराई जाती है. जिसमें छात्राओं के कौशल में वृद्धि करने के लिए विभिन्न मशीनों के संचालन और रिपेयरिंग के सम्बन्ध के बारे में जानकारियां प्रदान की जाती है। यह एक अग्रणी वोकेशनल ट्रेनिंग पार्टनर हैं, जो स्किल इंडिया मिशन के तहत् युवाओं को व्यवसायिक प्रशिक्षण और आजीविका विकास सेवाएं प्रदान करता हैं। केंद्र और राज्य सरकारों के सहयोग से इलेक्ट्रॉनिक, कृषि, एंड वेलनेस और आईटी जैसे क्षेत्रों प्रशिक्षण कार्यशालाएं आयोजित करना है। यह प्रशिक्षण प्राचार्य इंद्रदेव सिंह के मार्गदर्शन में बच्चों को दिया गया।

## मझिगवां से लोढ़ी मार्ग का निर्माण नहीं होने से बारिश में होगी भीषण परेशानी

**हनुमना, नि.प्र.।** मऊगंज जिले के जनपद पंचायत हनुमना के ग्राम पंचायत मझगवां समाजसेवी एवं वर्तमान सरपंच ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह (दद्दू) ने जिला अधिकारी मऊगंज, मऊगंज के विधायक प्रदीप पटेल एवं लोक निर्माण विभाग का ध्यान आकृष्ट कराते हुए यह निवेदन किया है कि ग्राम पंचायत मझगवां से लोढी पहुंच मार्ग की स्थिति बहुत ही दयनीय और खराब हो चुकी है। इस मार्ग का लोक निर्माण विभाग के द्वारा दो बार टेंडर भी किया गया परंतु विभाग द्वारा टेंडर की राशि कम होने के कारण दो बार हुआ टेंडर ठेकेदार द्वारा असमर्थता जाहिर कर दी गई, जिस कारण से ग्राम पंचायत लोढी से लगभग 3 किलोमीटर झोंकमती नाला एवं पुलिया निर्माण न होने से लगभग 10 गांव का आवागमन बाधित एवं प्रभावित के साथ परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# ग्राम पंचायत शिवपुर में प्राचीन कूप की साफ-सफाई



## जल गंगा अभियान का हुआ शुभारंभ

**जवा ब्यूरो।** जनपद पंचायत जवा अंतर्गत ग्राम पंचायत शिवपुर में गंगा दशहरा के शुभ अवसर पर जल गंगा अभियान ग्राम पंचायत शिवपुर स्थिति गिरनारी दास शिव मंदिर में स्थित प्राचीन कूप के साफ सफाई में श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भोलेनाथ एवं वीर हनुमान जी का दर्शन पूजन कर कलश यात्रा के साथ किया गया। तत्पश्चात सभी ने मिलकर श्रमदान करते हुए कूप की साफ सफाई की तथा जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। जनभागीदारी और सामाजिक सहयोग से कार्यक्रम उत्साह के साथ जन जागरुकता का प्रतीक बना। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि समाज सेवी वी.डी.पांडेय, मंडल अध्यक्ष जवा अखिलेश सिंह, सीईओ सुलभ सिंह पुसाम, एपीओ नागेंद्र सिंह, एसडीओ आशुतोष सिंह, उपयंत्री आशीष तिवारी, पीसीओ गुलजार प्रजापति, विनोद पाण्डेय , कार्यक्रम में ग्राम पंचायत शिवपुर के सरपंच रहीश अहमद, सचिव संतोष वर्मा, अमित शुक्ला, धनेन्द्र सिंह, राजेंद्र सिंह,विनय सिंह, वीरेन्द्र सिंह,अजीज अहमद के साथ आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहित अनेक गणमान्य नागरिक, ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में गायन मंडली मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा जहां शिव भजन व गायन के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश दिया । 'जल है तो कल है' के संदेश के साथ जल स्रोतों के संरक्षण एवं समाज में जागरुकता लाने हेतु यह अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय देवतालाब में प्राचार्य डॉ. महानंद द्विवेदी को दी गई समारोह पूर्वक विदाई



**नईगढ़ी, निप्र।** सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय देवतालाव में निवर्तमान प्राचार्य डॉ. महानंद द्विवेदी के सम्मान में भावपूर्ण विदाई सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार, प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने उपस्थित होकर उन्हें भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने डॉ. द्विवेदी के शैक्षणिक अनुभव, प्रशासनिक कार्यशैली एवं छात्र हित में किए गए कार्यों की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि उनके कार्यकाल में महाविद्यालय ने कई शैक्षणिक और सांस्कृतिक उपलब्धियां हासिल कीं। छात्रों ने राज्य स्तर तक अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया तथा कई छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर शासकीय सेवाओं में स्थान बनाया। समारोह में महाविद्यालय परिसर में कराए गए रंग-रोगन, नए फर्नीचर, स्वास्थ्य शिविर एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं में सुधार जैसे कार्यों का भी उल्लेख किया गया। इसके साथ ही उनके कार्यकाल में महाविद्यालय को खेल स्टेडियम एवं ऑडिटोरियम निर्माण के लिए राशि स्वीकृत होने की जानकारी भी साझा की गई। हालांकि इन कार्यों की प्रक्रिया अभी प्रक्रियाधीन बताई गई। अपने संबोधन में डॉ. महानंद द्विवेदी ने महाविद्यालय परिवार, विद्यार्थियों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह के दौरान छात्र-छात्राओं एवं कर्मचारियों द्वारा उन्हें स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का वातावरण आत्मीयता और भावुकता से भरा रहा।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर विधायक गिरीश गौतम, प्राचार्य रामनिवास पटेल, विजय मिश्रा,सहायक प्राध्यापक रजनीश त्रिपाठी, विकास पाठक, प्रिया द्विवेदी, अतिथि विद्वान नवीन शर्मा, ज्ञानेन्द्र कर्चुली, रोहित तिवारी,अतुल द्विवेदी, रविकांत चौधरी,केपी मिश्रा, दिवाकर शर्मा, नफीस अमन खान, पत्रकार ब्यंकटेश कुमार तिवारी, अतुल द्विवेदी, रश्मि पाण्डेय, स्नेहल सिंह परिहार, सुमन विश्वकर्मा, प्रभा त्रिपाठी, अभिलाषा सिंह, आउटसोर्सिंग स्टाफ कमलेश पांडे, शिवनारायण गौतम, सचिन मिश्रा, पंकज शुक्ला, नितिन शुक्ला, जयकरण यादव, मुनेश सोंधिया, चौरिया, रीतांशु वर्मा उपस्थित रहे।

# वैभव की ताबड़तोड़ पारी और आर्चर के कहर से राजस्थान ने हैदराबाद को तीन साल बाद हराया

## 47 रन से हार के साथ सनराइजर्स का सफर खत्म

**जेएनएन, मुल्लांपुर**

वैभव सूर्यवंशी और ध्रुव जुरेल के तूफानी अर्धशतक के बाद जोफ्रा आर्चर की धारदार गेंदबाजी से राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल के एलिमिनेटर में बुधवार को सनराइजर्स हैदराबाद को 47 रन से हरा दिया। रॉयल्स के 244 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सनराइजर्स की टीम आर्चर (58 रन पर तीन विकेट), सुशांत मिश्रा (21 रन पर दो विकेट), रविंद्र जडेजा (21 रन पर दो विकेट) और नांद्रे बर्गर (26 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 19.2 ओवर में 196 रन पर सिमट गई और टूर्नामेंट से बाहर हो गई। टीम की ओर से नीतीश कुमार रेड्डी ने सर्वाधिक 38 रन बनाए, जबकि सलील अरोड़ा (35) और इशान किशन (33) ने भी उपयोगी पारियां खेली, लेकिन टीम कभी लक्ष्य हासिल करने की स्थिति में नहीं दिखी। आर्चर ने अभिषेक शर्मा (पहले ओवर में), इशान किशन और ट्रेविस हेड का अहम विकेट निकाला। रॉयल्स की टीम अब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ होने वाले फाइनल में जगह बनाने के लिए शुक्रवार को दूसरे क्वालिफायर में गुजरात टाइटंस से भिड़ेगी। 2024 के बाद यह पहला मौका है, जब राजस्थान ने हैदराबाद को शिकस्त दी। इससे पहले लगातार पांच बार हैदराबाद ने राजस्थान को हराया था।

### बड़े स्कोर के आगे हैदराबाद दबी

इस सीजन में 35 बार टीमों ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 200 से अधिक का स्कोर बनाया है, लेकिन उसमें उनका जीत-हार का रिकॉर्ड महज 19-16 का रहा। साथ ही हैदराबाद टीम ने इस सीजन नौ बार 200 से अधिक का स्कोर बनाया था, जिसके कारण इस बात की उम्मीद थी कि हैदराबाद 244 रनों के पहाड़ जैसे लक्ष्य के सामने भी अच्छी लड़ाई लड़ेगा। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। आर्चर ने दूसरी पारी की दूसरी ही गेंद पर लगभग 150 की गति वाली बाउंसर डाली और अभिषेक हुक करने के प्रयास में कीपर को कैच दे बैठे। इस सीजन पारी के पहले ओवर में यह आर्चर का सातवां शिकार था। इसके बाद किशन ने आर्चर के खिलाफ अच्छा काउंटर अटैक किया, लेकिन वह ज्यादा देर तक नहीं चला। पहला विकेट गिरने के बाद किशन ने आर्चर की सात गेंदों का सामना करते हुए 13 रन बनाए, लेकिन उसके बाद आर्चर ने फिर से 150 की गति वाली गेंद डाली और उसे ऑफ साइड में उठा कर मारने के प्रयास में किशन आउट हो गए। इसके बाद आर्चर ने इसी गति की गेंद के साथ हेड को भी आउट किया। हैदराबाद ने सिर्फ 2.4 ओवर में ही एक विकेट के नुकसान पर 51 रन बना लिए थे। लेकिन किशन के विकेट के बाद विकेटों का पतझड़ आ गया। परिणाम यह रहा कि 81 के स्कोर तक आधी टीम पवेलियन लौट गई थी।

### रॉयल्स ने सिर्फ आठ ओवर में 125 रन जोड़े

रॉयल्स ने सूर्यवंशी (29 गेंद में 97 रन) और जुरेल (21 गेंद में 50 रन) के अर्धशतक से आठ विकेट पर 243 रन बनाए। सूर्यवंशी और यशस्वी ने पावरप्ले में बिना विकेट खोए 80 रन जोड़कर टीम को तूफानी शुरुआत दिलाई। सूर्यवंशी ने यशस्वी (29) के साथ पहले विकेट के लिए सिर्फ आठ ओवर में 125 रन जोड़े। सनराइजर्स की ओर से प्रफुल हिंगे सबसे सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने 54 रन देकर तीन विकेट चटकाए। रॉयल्स की टीम हालांकि अंतिम चार ओवर में 34 रन ही बना सकी।



● यह पांचवीं बार है, जब सूर्यवंशी ने आईपीएल में पावरप्ले ओवरों के दौरान ही अपना अर्धशतक पूरा कर लिया। इस मामले में वह सिर्फ डेविड वॉर्नर के पीछे हैं, जिन्होंने छह बार यह कारनामा किया है। इन पांच अर्धशतकों में चार अर्धशतक उन्होंने इसी सीजन लगाए और ऐसा करते हुए उन्होंने ट्रैविस हेड की बराबरी कर ली जिन्होंने 2024 में चार बार अर्धशतक पावरप्ले ओवरों के दौरान लगाए थे।

**490** रन सूर्यवंशी ने पावरप्ले के दौरान बनाए हैं, जो कि एक सीजन में किसी बल्लेबाज द्वारा इस चरण में बनाए गए सर्वाधिक रन हैं। ऐसा करते हुए उन्होने वॉर्नर को पछाड़ दिया, जिन्होंने 2016 के सीजन में पावरप्ले के दौरान 467 रन बनाए थे।

### स्कोर बोर्ड

**राजस्थान रॉयल्सः 243/8 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी का. अभिषेक बो. शिवांग | 29 | 29 | 4 | 0 |
| वैभव का. स्मरण बो. हिंगे | 97 | 29 | 5 | 12 |
| ध्रुव जुरेल का. नीतीश बो. हिंगे | 50 | 21 | 5 | 3 |
| रियान का. क्लासेन बो. हिंगे | 26 | 12 | 2 | 2 |
| डॉनोवन फरेरा रनआउट | 12 | 9 | 1 | 0 |
| शानका का. अभिषेक बो. मलिंगा | 5 | 3 | 1 | 0 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 12 | 9 | 1 | 0 |
| आर्चर का. अभिषेक बो. नीतीश | 4 | 5 | 1 | 0 |
| नांद्रे बर्गर रनआउट | 1 | 1 | 0 | 0 |
| सुशांत मिश्रा नाबाद | 1 | 3 | 0 | 0 |


**अतिरिक्तः** 6, **कुलः** 20 ओवर में 8 विकेट पर 243 रन, **विकेट पतनः** 1-125, 2-137, 3-192, 4-207, 5-214, 6-234, 7-238, 8-240, **गेंदबाजीः** कमिंस 4-0-64-0, इशान मलिंगा 4-0-40-1, साकिब हुसैन 4-0-52-0, प्रफुल हिंगे 4-0-54-3, शिवांग कुमार 2-0-19-1, नीतीश कुमार 2-0-12-1.

**सनराइजर्स हैदराबादः 196/10 (19.2 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक का. जुरेल बो. आर्चर | 0 | 2 | 0 | 0 |
| ट्रैविस हेड बो. आर्चर | 17 | 8 | 2 | 1 |
| किशन का. फरेरा बो. आर्चर | 33 | 11 | 3 | 3 |
| स्मरण का. आर्चर बो. बर्गर | 1 | 4 | 0 | 0 |
| क्लासेन पगबाधा बो. पुंजा | 18 | 10 | 2 | 1 |
| नीतीश का. दसून बो. जडेजा | 38 | 20 | 3 | 2 |
| अरोरा का. बर्गर बो. जडेजा | 35 | 21 | 2 | 2 |
| कमिंस का. आर्चर बो. मिश्रा | 1 | 2 | 0 | 0 |
| शिवांग का. वैभव बो. मिश्रा | 27 | 24 | 3 | 0 |
| मलिंगा का. आर्चर बो. बर्गर | 5 | 8 | 0 | 0 |
| साकिब हुसैन नाबाद | 5 | 7 | 1 | 0 |


**अतिरिक्तः** 16, **कुलः** 19.2 ओवर में 196 रन पर सभी आउट, **विकेट पतनः** 1-0, 2-51, 3-52, 4-57, 5-81, 6-137, 7-139, 8-163, 9-187, 10-196, **गेंदबाजीः** जोफ्रा आर्चर 4-0-58-3, नांद्रे बर्गर 3-0-26-2, बृजेश शर्मा 3-0-31-0, यश पुंजा 4-0-39-1, सुशांत मिश्रा 2.2-0-21-2, रविंद्र जडेजा 3-0-21-2.

### ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)



| | |
|---|---|
| सुर्यवंशी (राजस्थान) | 680 |
| साई सुदर्शन (गुजरात) | 652 |
| क्लासेन(हैदराबाद) | 624 |

### पर्पल कैप (गेंदबाज)



| | |
|---|---|
| भुवनेश्वर (बेंगलुरु) | 26 |
| कगिसो रबाडा (गुजरात) | 26 |
| जोफ्रा आर्चर (राजस्थान) | 24 |

### बाउंड्री मीटर



1396 छक्के
2255 चौके
150 अर्धशतक

जोफ्रा आर्चर आईपीएल के एक सीजन में पारी के पहले ओवर में सर्वाधिक विकेट लेने के मामले में ट्रेंट बोल्ट के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर है। बोल्ट ने 2023 और 2024 में क्रमशः सात-सात विकेट लिए थे, जबकि आर्चर ने इस सीजन इतने विकेट लिए।

# सारा को हराकर चार बार की चैंपियन स्वियातेक तीसरे दौर में, सिनर भी जीते



## फ्रेंच ओपनः गॉफ ने हमवतन टेलर टाउनसेंड को, ओसाका ने सीगमंड को हराया

**पेरिस, जेएनएन।** लाल बजरी पर चार बार चैंपियन बन चुकीं इगा स्वियातेक अपने पांचवें खिताब की ओर एक और कदम बढ़ाते हुए फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर में पहुंच गई है, जिससे उनका यहां करियर रिकॉर्ड 42-3 हो गया। पोलैंड की 24 वर्षीय इगा ने बुधवार को दूसरे दौर में आसानी से दुनिया की 35वें नंबर की खिलाड़ी चेक गणराज्य की सारा बेजलेक को 6-2, 6-3 से पराजित कर दिया। यहां 2022 से 24 तक लगातार खिताब जीतकर हैट्रिक लगा चुकीं इगा पिछले साल सेमीफाइनल में शीर्ष वरीय बेलारूस की आर्यना सबालेंका से हार गई थीं। उन्होंने इस क्ले कोर्ट ग्रैंड स्लैम की तैयारी के लिए हाल में ही दिग्गज राफेल नडाल के पूर्व कोच फ्रांसिस्को रोइग को अपनी टीम में शामिल किया है। अब इगा का सामना पूर्व फ्रेंच ओपन चैंपियन येलेना ओस्टापेंको या माग्दा लिनेट से होगा। भीषण गर्मी के बीच 11वीं वरीयता प्राप्त बेलिंडा बेंचिच ने भी अगले दौर में जगह बना ली, जिन्होने अमेरिका की कैटी मैकनैली को 6-4, 6-0 से हराया। इससे पहले मंगलवार रात के सत्र में



नंबर एक पुरुष खिलाड़ी इटली के यानिक सिनेर ने फ्रांस के वाइल्ड कार्ड खिलाड़ी क्लेमेंट टैबुर को 6-1, 6-3, 6-4 से पराजित कर दिया। लगातार तीसरे दिन पेरिस में तापमान सामान्य से काफी ऊपर चला गया और 35 डिग्री सेल्सियस (95 फारेनहाइट) तक पहुंच गया। महिला वर्ग में पिछले साल की उप विजेता रहीं अमेरिकी खिलाड़ी कोको गॉफ ने हमवतन टेलर टाउनसेंड पर 6-4, 6-0 की जीत के साथ की, जबकि चार बार की मेजर विजेता नाओमी ओसाका ने लॉरा सीगमंड को 6-3, 7-6 से पराजित किया।

### भारत-इंग्लैंड के बीच पहला टी-20 आज

# विश्व कप से पहले टीम इंडिया की नजरें लय हासिल करने पर

**जेएनएन, चेम्सफोर्ड (ब्रिटेन)**



भारतीय महिला क्रिकेट टीम अगले महीने होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए अपनी अंतिम तैयारी के तौर पर गुरुवार से शुरू हो रही तीन मैच की सीरीज में मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ अपनी निरंतरता दोबारा हासिल करने और सर्वश्रेष्ठ टीम संयोजन तय करने की कोशिश करेगी। टी-20 विश्व कप 12 जून से शुरू हो रहा है और इस वैश्विक टूर्नामेंट को देखते हुए हरमनप्रीत कौर की टीम के लिए यह दौरा और भी च्यादा अहम हो जाता है। भारतीय टीम ने पिछले एक साल में कई बार शानदार प्रदर्शन किया है, लेकिन लगातार लय बनाए रखने में उसे संघर्ष करना पड़ा है। टी-20 विश्व कप के लिए भारत की तैयारियां मिली-जुली रही हैं। यह सीरीज भारत को 14 जून को पाकिस्तान के खिलाफ पहले टी-20 विश्व कप मैच से पहले इन कमियों पर काम करने का मौका मुहैया कराएगी।

### खेल एक नजर

## नॉर्वे शतरंजः गुकेश-प्रज्ञानानंदा को मिली निराशा, दिव्या जीतीं

**ओस्लो, जेएनएन।** भारतीयों के लिए नॉर्वे शतरंज का दूसरा दिन निराशाजनक रहा, जिसमें विश्व चैंपियन डी गुकेश ने आर्मागेडन दौर में वेस्ली सो के सामने घुटने टेक दिए तो वहीं आर प्रज्ञानानंदा को शानदार फॉर्म में चल रहे फ्रांसीसी खिलाड़ी अलीरेजा फिरोजा से हार मिली। फिरोजा ने लगातार दो जीत से छह अंक से टूर्नामेंट में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। गत चैंपियन मैग्नस कार्लसन को एक बार फिर जर्मन के विंसेंट कीमर ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन सात बार के चैंपियन ने आखिरकार आर्मागेडन में जीत हासिल कर ली। दूसरे दौर के आर्मागेडन दौर में निराशाजनक नतीजे के बावजूद गुकेश 2.5 अंक से वेस्ली सो के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर बने रहे। प्रज्ञानानंदा और कार्लसन जैसे दिग्गज खिलाड़ी इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में 1.5-1.5 अंक के साथ सबसे निचले पायदान पर रहे। महिलाओं में दिव्या देशमुख ने पिछले साल के महिला विश्व कप में दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन कोनेरू हम्पी को मात दी।

## हरमनप्रीत सिंह की वापसी, प्रो लीग हॉकी में करेंगे भारत की अगुआई

**नई दिल्ली, जेएनएन।** कप्तान और शानदार ड्रैग-फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह की अगले महीने होने वाली एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण के लिए 24 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम की कप्तानी करने के लिए बुधवार को वापसी हुई। एफआईएच प्रो लीग अगस्त में होने वाले विश्व कप से पहले तैयारी के लिए एक अहम टूर्नामेंट होगा। हरमनप्रीत ने निजी कारणों का हवाला देते हुए फरवरी में प्रो लीग का होबार्ट चरण नहीं खेला था। भारतीय टीम सात से नौ जून तक ट्रेनिंग और एक मैत्री मैच के लिए ब्रसेल्स जाएगी। इस संक्षिप्त शिविर के बाद भारतीय टीम प्रो लीग के मुकाबलों के लिए 10 जून से नीदरलैंड के रॉटरडैम में रहेगी, जहां उसे उसे 14 से 21 जून के बीच जर्मनी और नीदरलैंड के खिलाफ मैच खेलने हैं। इसके बाद भारतीय टीम लंदन जाएगी जहां 23 से 28 जून तक प्रो लीग में उसका मुकाबला पाकिस्तान और इंग्लैंड से होगा। टीम में अनुभवी खिलाड़ियों और युवा प्रतिभाओं का एक अच्छा मिश्रण है।

**टीम इस प्रकार हैः गोलकीपरः** मोहित होनेनाहल्ली शशिकुमार, सूरज करकेरा, **डिफेंडरः** हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), अमित रोहिदास, सुमित, संजय, यशदीप सिवाच, अमनदीप लाकड़ा, जरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, **मिडफील्डरः** हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह, राजिंदर सिंह, राज कुमार पाल, नीलकंठ शर्मा, विवेक सागर प्रसाद, रबीचंद्र सिंह मोइरांगथेम, फॉरवर्डः मनदीप सिंह, सुखजीत सिंह, अभिषेक, आदित्य अर्जुन लालागे, दिलप्रीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा, सेल्वम कार्थी।

## प्रणय ने पांच साल में पहली बार क्रिस्टी को हराया, लक्ष्य भी जीते

**सिंगापुर, जेएनएन।** स्टार भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन ने बुधवार को शानदार जीत के साथ 10 लाख डॉलर इनामी सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई। विश्व चैंपियनशिप 2023 और एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता 33 वर्षीय प्रणय ने एक घंटे से कुछ अधिक समय में दुनिया के पांचवें नंबर के इंडोनेशियाई खिलाड़ी जोनाथन क्रिस्टी को 10-21, 21-12, 21-18 से हराया। क्रिस्टी के खिलाफ पिछले पांच वर्षों में यह प्रणय की पहली जीत है। इससे पहले उन्होंने 2021 इंडोनेशिया ओपन में क्रिस्टी को हराया था। प्रणय अब अगले दौर में सिंगापुर के पूर्व विश्व चैंपियन लोह कीन यू से भिड़ेंगे। विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य ने इसके बाद दुनिया के 24वें नंबर के खिलाड़ी ल्यू गुवांग झू को 42 मिनट में 21-17,



21-15 से हराया। वह अगले दौर में थाईलैंड के दूसरे वरीय कुनलावुत वितिदसार्न से भिड़ेंगे। ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी भी वोंग टिएन सी और लिम च्यू सिएन की मलेशिया की जोड़ी को 21-14, 20-22, 21-13 से हराकर दूसरे दौर में पहुंच गई। किदांबी श्रीकांत और मालविका बंसोड़ पहले दौर में ही हारकर बाहर हो गए।

## ईशा सिंह ने विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता

**म्यूनिख, जेएनएन।** विश्व चैंपियनशिप की तीन बार की पदक विजेता ईशा सिंह ने 25 मीटर पिस्टल फाइनल में 43 के विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ दबदबा बनाते हुए आईएसएसएफ विश्व कप के दूसरे दिन स्वर्ण पदक जीतकर भारत का पदक का खाता खोला। 21 साल की ईशा ने पांच शॉट की 10 सीरीज में स्थानीय दावेदार और पूर्व विश्व चैंपियन डोरीन वेनेकैम्प को पांच शॉट से पछाड़ा। बुल्गारिया की मिरोस्लावा मिनचेवा ने कांस्य पदक जीता। मौजूदा ओलंपिक चैंपियन यांग जिन पांचवें स्थान पर बाहर हो गईं। यहां ओलंपिक निशानेबाजी रेंज में दो दिनों के मुकाबले के बाद यह म्यूनिख विश्व कप में भारत का पहला पदक है। यह ईशा का चौथा व्यक्तिगत विश्व कप पदक है। भारत की मनु भाकर और राही सरनोबत 582 और 581 के स्कोर से 98 खिलाड़ियों के इस मुकाबले में क्रमशः 12वें और 14वें स्थान पर रहीं।

# एक युग का अंतः एशियाई खेलों के स्वर्ण विजेता और अनुभवी खेल प्रशासक रणधीर सिंह का निधन

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अनुभवी खेल प्रशासक और एशियाई खेलों में निशानेबाजी में भारत के पहले स्वर्ण पदक विजेता रणधीर सिंह का बुधवार को उम्र संबंधित बीमारियों से जूझने के बाद निधन हो गया। वह 79 वर्ष के थे। उनके निधन से भारतीय खेल जगत के एक ऐसे युग का अंत हो गया, जिस पर उन्होंने विभिन्न भूमिकाओं में अपनी अमिट छाप छोड़ी थी। कई दिनों तक अस्पताल में भर्ती रहने के बाद उन्होंने अपने आवास पर अंतिम सांस ली। सिंह के परिवार में उनकी पत्नी विनीता और तीन बेटियां महिमा, सुनयना और राजेश्वरी हैं। राजेश्वरी भी एक निशानेबाज हैं। स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं के कारण सिंह ने हाल में



एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्हें 2024 में चार साल के कार्यकाल के लिए चुना गया था, जबकि वह 1991 से 2015 तक इस संस्था में महासचिव रह चुके थे। पटियाला के पूर्व महाराजा और क्रिकेट खिलाड़ी भूपिंदर सिंह के वंशज रणधीर सिंह भारत के सबसे जाने-माने खेल प्रशासकों में से एक थे। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के सचिव राजीव भाटिया ने कहा कि गहरे दुख के साथ हम राजा रणधीर सिंह के निधन की दुखद खबर साझा कर रहे हैं, जो आज 27 मई 2026 को स्वर्ग सिधार गए। उन्होंने कहा, एक विशिष्ट ओलंपियन, अर्जुन पुरस्कार विजेता और भारत, एशिया और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति में सबसे सम्मानित खेल प्रशासकों में से एक राजा रणधीर सिंह ने निशानेबाजी खेल और ओलंपिक आंदोलन के विकास में अमूल्य योगदान दिया। सिंह के निधन पर शोक संदेशों का तांता लग गया।

● सिंह के खेल करियर में पांच ओलंपिक में भागीदारी और 1978 के बैंकॉक एशियाई खेलों में ऐतिहासिक ट्रैप स्वर्ण पदक शामिल था, जिससे उन्हें 1979 में अर्जुन पुरस्कार से नवाजा गया था। उन्होंने टोक्यो 1964 (रिजर्व निशानेबाज), मेक्सिको 1968, म्यूनिख 1972, मॉन्ट्रियल 1976, मॉस्को 1980 और लॉस एंजिल्स 1984 में ओलंपिक में हिस्सा लिया।

● सिंह ने 1987 से 2010 तक भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के महासचिव के तौर पर तथा 2001 से 2014 तक अलग अलग भूमिकाओं में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के सदस्य के रूप में कार्य किया। वह 2003 में दो साल के लिए विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) में आईओसी के प्रतिनिधि बन गए।

### सिटी स्पोर्ट्स

# राजीव गांधी स्विमिंग अकादमी ने जीते 21 पदक, वेदांश को दो कांस्य

**भोपाल, खेप्र।** राजीव गांधी स्विमिंग अकादमी के खिलाड़ियों ने जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए 6 स्वर्ण सहित 21 पदक जीते। इसमें पांच रजत और 10 कांस्य शामिल हैं। शहर के प्रकाश तरण पुष्कर में आयोजित प्रतियोगिता में आराध्या विश्वकर्मा ने ग्रुप-सी 50 मीटर बैकस्ट्रोक में स्वर्ण पदक जीता। आदित्य साहू ने ग्रुप-ए में 50 और 200 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक, 400 और 800 मीटर फ्रीस्टाइल में स्वर्ण तथा 200 मीटर फ्रीस्टाइल में रजत पदक जीता। वेदांश यदुवंशी ने 50 और 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में कांस्य पदक हासिल किए। साक्षी चतुर्वेदी ने 50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक और 100 मीटर फ्रीस्टाइल में रजत, जबकि 50 मी. फ्रीस्टाइल और 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में कांस्य पदक जीते। पावनी रूइकर ने 50 मीटर फ्रीस्टाइल में रजत तथा 100, 200 और 400 मीटर फ्रीस्टाइल में कांस्य पदक हासिल किए। भवेश पांडेय ने 200 मीटर फ्रीस्टाइल में स्वर्ण और 100 मीटर फ्रीस्टाइल में रजत पदक जीता।



## फूटबॉलः ब्लू लॉक और टाइटन एफसी की जीत



**भोपाल, खेप्र।** ब्लू लॉक और टाइटन एफसी ने खेलो भोपाल समर कैंप बेबी लीग फुटबाल प्रतियोगिता अपने-अपने मुकाबले टाई ब्रेकर में जीते। टीटी नगर स्टेडियम में अंडर-20 आयु वर्ग में पहला मैच अल्फा और ब्लू लॉक एफसी के बीच खेला गया, जो निर्धारित समय तक एक-एक गोल की बराबरी पर समाप्त हुआ। मैच का फैसला टाई ब्रेकर से किया गया, जिसमें ब्लू लॉक ने 6-5 से जीत दर्ज की। वहीं दूसरा मुकाबला भी हाइड्रा और टाइटन एफसी के बीच निर्धारित समय तक बराबरी पर रहा। टाई ब्रेकर में टाइटन ने 3-1 से जीत हासिल की।

## अभिषेक की पारी से वीएस अकादमी 199 रन से जीती



**भोपाल, खेप्र।** प्लेयर ऑफ द मैच अभिषेक यादव की शानदार 162 रन पारी की बदौलत वीएस अकादमी ने एचएमजी कप इंटर क्लब/अकादमी अंडर-15 बॉयज लिमिटेड ओवर क्रिकेट टूर्नामेंट में कनारा क्रिकेट क्लब को 199 रन से करारी शिकस्त दी। डीपीएस मैदान पर वीएस अकादमी ने पहले खेलते हुए निर्धारित 50 ओवर में सात विकेट पर 304 रन बनाए। अर्णव राजोरिया ने 41 रन की पारी खेली। कनारा क्लब के नीरव मेहर और ऋषि यादव ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरा कनारा क्लब 34.2 ओवर में 105 रन पर सिमट गया। नीरव ने सर्वाधिक 29 रन बनाए। वीएस के अक्षत यादव, प्रियांश लोधी, वंश बाथम और प्रीतम पाटिल ने 2-2 विकेट लिए।

## पीसीएमएस एंड आरसी बनी क्रिकेट चैंपियन

**भोपाल, खेप्र।** पीसीएमएस एंड आरसी की टीम ने मानसरोवर कॉलेज को 26 रन से हराकर पीपुल्स प्रीमियर लीग सीजन-1 क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। इस टूर्नामेंट में चिरायु, एलएन मेडिकल, जीएमसी विदिशा और महावीर कॉलेज की टीम ने हिस्सा लिया। टूर्नामेंट में प्लेयर ऑफ द मैच अनुव्रत भटनागर (34 रन व 1 विकेट), प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट अनुव्रत (202 रन), बेस्ट बॉलर संदीप शर्मा (10 विकेट), बेस्ट फील्डर शैलज चौबे और बेस्ट विकेटकीपर प्रिंस लोकवानी को चुना गया।



